जन-जन की वाणी...

हिन्दी दैनिक

# सोन वर्षा वाणी

औरंगाबाद, आरा एवं रांची से प्रकाशित



Page 11 खेल



टी20 वर्ल्डकप 2024 : विराट को छोड़ टीम इंडिया अमेरिका के लिए हुए रवाना

Page 10 देश



अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी के समय अमेरिका में थी स्वाती मालीवाल...



मूल्य ₹ 2.00

कृष्ण पक्ष, उत्तराषाढ़ा, विक्रम संवत् 2081 • औरंगाबाद • सोमवार • 27 मई 2024 • वर्ष 26 • अंक 166 • पृष्ठ 12


## सोना चांदी

| सोना | चांदी |
| --- | --- |
| 10 ग्राम 24 कैरेट | 1 किलो चांदी |
| ₹72, 440 | ₹91,500 |

## आज का इतिहास

- **2010 :** भारत ने उड़ीसा के चांदीपुर में बालसोरा ज़िले में परमाणु तकनीक से लैस धनुष और पृथ्वी 2 मिसाइल का सफल परीक्षण किया।
- **1895 :** ब्रिटिश आविष्कारक बीर्ट अक्रेस ने फ़िल्म प्रोजेक्टर का पेटेण्ट प्राप्त किया था।

## न्यूज बाइट्स

### महाराष्ट्र के अकोला में गर्मी के चलते धारा 144 लागू

**मुबंई (ए.)।** नौतपा का आज दूसरा दिन है। मौसम विभाग ने रविवार के लिए राजस्थान, पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़, दिल्ली, उत्तर प्रदेश, गुजरात के लिए हीटवेव का रेड अलर्ट जारी किया है। नौतपा के पहले दिन, यानी 25 मई को राजस्थान में गर्मी से 5 लोगों की मौ*त हो गई। यहां पिछले 3 दिनों में 22 लोगों की मौत हो चुकी है। राज्य का फलोदी देश का सबसे गर्म शहर रहा। यहां तापमान 50 डिग्री दर्ज किया गया। मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल में लोगों को गर्मी से बचाने के लिए ट्रैफिक सिग्नल की टाइमिंग आधी की गई है। यानी जहां सिग्नल 60 सेकेंड रेड रहता था, वहां 30 सेकेंड ही रेड रहेगा। महाराष्ट्र के अकोला में 45 डिग्री तापमान दर्ज किया गया। यह राज्य का सबसे गर्म शहर रहा। जिला कलेक्टर ने पब्लिक गैदरिंग रोकने के लिए शहर में धारा 144 लगाई है।

### कुमार आशीष बने सारण के नए एसपी

**छपरा (सारण) (नि. सं.)।** सारण के पुलिस अधीक्षक डॉ. गौरव मंगला को पुलिस मुख्यालय पटना बुला लिया गया है। उनके स्थान पर रेल जिला मुजफ्फरपुर में एसपी के पद पर कार्यरत वर्ष 2012 बैच के आइपीएस अधिकारी डॉ. कुमार आशीष को सारण एसपी का दायित्व सौंपा गया है। उन्होंने रविवार को ही सारण एसपी का पदभार ग्रहण किया। वर्ष 2012 में भारतीय पुलिस सेवा में आए डॉ. कुमार आशीष ने मोतिहारी में ट्रेनी एसपी के रूप में थानेदारी कर दरभंगा एसडीपीओ का दायित्व संभाला। फिर वर्ष 2014 में मधेपुरा एसपी के पद इनकी पोस्टिंग हुई। इसके बाद नालंदा के एसपी के पद पर कार्य किए।

### मणिपुर में बांध के पास मिले तीन आईईडी

**इंफाल (मणिपुर) (ए.)।** मणिपुर में सेना ने रविवार को इंफाल पूर्वी जिले के मफौ बांध के पास तीन इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस (आईईडी) को सफलतापूर्वक निष्क्रिय कर एक बड़ी घटना को टाल दिया। सेना के प्रवक्ता ने कहा कि माफौ बांध के पास नोंगडैम तांगखुल और एतम तांगखुल गांवों को जोड़ने वाली सड़क पर ये आईईडी बरामद किए गए। एक नियमित क्षेत्र निगरानी अभियान के दौरान, सेना के जवानों ने सड़क के किनारे एक साथ रखे हुए तीन आईईडी को बरामद किया। सेना की टीम ने तेजी से कार्रवाई करते हुए इलाके की घेराबंदी की। इसके बाद, बम निरोधक दस्ता उस स्थल पर पहुंचा और आईईडी को सुरक्षित तरीके से निष्क्रिय किया, जिससे स्थानीय लोगों को जानमाल के संभावित नुकसान और घायल होने से बचाया जा सका।

गृह मंत्री अमित शाह ने काराकाट में एनडीए प्रत्याशी उपेंद्र कुशवाहा के लिए मांगा समर्थन, कहा

# नरेंद्र मोदी ने बिहार को विकास के लिए 14 लाख 24 हजार करोड़ रूपए दिए

**नि।सं।** | काराकाट / कैमूर (भभुआ)

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को काराकाट लोकसभा सीट पर चुनाव प्रचार किया और एनडीए प्रत्याशी उपेंद्र कुशवाहा के लिए वोट मांगे। शाह ने इस दौरान इंडी गठबंधन, कांग्रेस और आरजेडी पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि अब तेल पिलावन, लठिया घुमावन का राज खत्म हो गया है। अब मोदी जी के विकास का टाइम चल रहा है। आरजेडी सुप्रीमो लालू यादव पर निशाना साधते हुए अमित शाह ने कहा कि इतने साल सत्ता में रहे कभी भी कर्पूरी ठाकुर को भारत रत्न देने की सिफारिश लालू जी ने नहीं की। जननायक कर्पूरी ठाकुर को भारत रत्न देने का काम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया। उन्होंने कहा कि लालू जी आरक्षण की बात करते हैं, कहते है मुसलमानों को 100 टका आरक्षण देना चाहिए। शाह ने आगे कहा कि मैं पूछता हूं, कहां से दोगे, किसका लेकर



दोगे। बंगाल, कर्नाटक और हैदराबाद में इस गठबंधन ने मुस्लिमों को आरक्षण दिया। वो भी पिछड़ा वर्ग का आरक्षण काटकर दिया। लेकिन मोदी जी और एनडीए सरकार ओबीसी, एससी-एसटी आरक्षण को किसी के हाथ में नहीं देने देंगे।

अमित शाह ने कहा कि लालू यादव से पूछता हूं कि 10 साल आपकी और सोनिया-मनमोहन की सरकार चली। आपने बिहार को केवल 2 लाख 80 हजार करोड़ दिया। जबकि नरेंद्र मोदी ने 14 लाख 24 हजार करोड़ बिहार को विकास के लिए दिया। अमित शाह ने केंद्र सरकार की योजनाओं को भी गिनाया। अमित शाह ने पीओके का मुद्दा उठाकर कांग्रेस को घेरा। उन्होंने कहा कि ये हमें डराते हैं कि पाकिस्तान के पास एटम बम है। राहुल बाबा, पाक अधिकृत भारत का है और रहेगा। हम उसे लेकर रहेंगे। राममंदिर का मुद्दा उठाकर अमित शाह ने कहा कि 70 साल तक लालू यादव और कांग्रेस ने मुद्दे को रोक कर रखा। आपने मोदी जी को प्रधानमंत्री बनाया, उन्होंने मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा करके जय श्री राम कर दिया। अमित शाह ने कहा कि रामभक्तों पर गोली चलाने वाले और राम मंदिर बनाने वाले के बीच यह चुनाव है। आप बताएं कि आपको रामभक्तों पर गोली चलाने वाले के साथ रहना है या राममंदिर बनाने वाले के साथ रहना है। गृह मंत्री ने कहा कि मोदी जी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने का मतलब है देश को विश्व में तीसरे नंबर का अर्थतंत्र बनाना। एनडीए उम्मीदवार को जीताने की अपील उन्होंने जनता से की।

## पांच चरणों में बन गई सरकार, छठे व सातवें में 400 पार : अमित शाह

**निज संवाददाता** | कैमूर

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने सासाराम लोकसभा क्षेत्र के कैमूर में चुनावी जनसभा को संबोधित किया। माता मुंडेश्वरी को नमन करते हुए उन्होंने अपने भाषण की शुरुआत की। अमित शाह ने कहा कि कर्पूरी ठाकुर की भूमि है जिन्होंने पिछड़े और कमजोर समाज के लिए बहुत काम किया और उनके विकास की नींव रखी। उन्होंने दावा किया की पांच चरणों के चुनाव में ही एनडीए को 310 सीटों का तोहफा जनता ने दे दिया है। अब बचे दो चरणों में चार सौ पार करना है। अमित शाह ने कहा कि नरेंद्र मोदी के खिलाफ घमंडिया गठबंधन बना। लालू जी अपने बेटे को मुख्यमंत्री बनने के लिए कांग्रेस की शरण में चले गए हैं जो पिछड़ा विरोधी है। कांग्रेस पार्टी ने गरीबों, पिछड़ा और दलितों का हमेशा विरोध किया। काका कालेलकर कमीशन की रिपोर्ट को कांग्रेस ने दबा दिया। उनके हिस्से की रिजर्वेशन की फाइल दबा दी। फिर मंडल कमीशन की रिपोर्ट को भी रोक दिया। राहुल गांधी के पिताजी राजीव गांधी ने इसका डटकर विरोध किया था। लेकिन नरेंद्र मोदी जी ने पिछड़ा समाज के लिए अलग से आयोग बनाकर संवैधानिक सम्मान देने का काम किया। अमित शाह ने आश्वासन दिया कि जब तक बीजेपी का एक भी सांसद पार्लियामेंट में बचेगा तब तक इस समाज के आरक्षण को खत्म नहीं होने देंगे यह नरेंद्र मोदी की गारंटी है। दलित समाज के लिए कांग्रेस पार्टी ने हमेशा विरोधी कब काम किया। जब उनकी सरकार थी तो दलित समाज के उत्थान के लिए बजट 41 हजार करोड़ था।

## सड़क हादसा : ड्राइवर समेत तीन लोगों की मौत, सात लोग घायल



**निज संवाददाता** | बरवाअड्डा (धनबाद)

धनबाद जिले के बरवाअड्डा थाना क्षेत्र के जीटी रोड कल्याणपुर के समीप रविवार को ट्रेलर (एचआर 47 सी 5677) ने मारुति वैन (जेएच 10 एजे 4165) में जोरदार टक्कर मार दी। इससे घटना में मारुति वैन के चालक शमसाद अंसारी समेत तीन लोगों की मौत हो गयी। इसके साथ ही वैन में सवार अन्य सात लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की सूचना पर बरवाअड्डा थाना प्रभारी सुनील कुमार रवि सदलबल मौके पर पहुंचे और स्थानीय लोगों की मदद से सभी घायलों को एंबुलेंस से इलाज के लिए अस्पताल भिजवाया।

### सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे का कार्यकाल एक महीने बढा



**नयी दिल्ली(ए.)।** सरकार ने एक महत्त्वपूर्ण निर्णय लेते हुए सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे का कार्यकाल एक महीने बढ़ा दिया है। रक्षा मंत्रालय ने रविवार को एक विज्ञप्ति जारी करके बताया कि जनरल पांडे 31 मई को सेवानिवृत होने वाले थे लेकिन अब वह 30 जून को सेवानिवृत्त होंगे। विज्ञप्ति में कहा गया है कि केंद्रीय मंत्रिमंडल की नियुक्ति मामलों की समिति ने सेना नियमों 1954 के नियम 16 ए (4) के तहत यह निर्णय लिया है। जनरल पांडे को दिसंबर 1982 में सेना की इंजीनियर कोर में कमीशन मिला था। सेना प्रमुख बनने से पहले वह सेना उप

## स्वास्थ्य बीमा पर आयुष अस्पतालों का होगा सेमिनार

**नयी दिल्ली ( ए.)।** केंद्रीय आयुष मंत्रालय सोमवार को सामान्य बीमा कंपनियों और आयुष अस्पतालों का एक सेमिनार आयोजित करेगा जिसमें रोगियों को स्वास्थ्य बीमा उपलब्ध कराने पर विचार विमर्श किया जायेगा। केंद्रीय आयुष मंत्रालय ने रविवार को यहां बताया कि आयुष चिकित्सा में स्वास्थ्य बीमा के लिए समझ और सहयोग को बढ़ावा देने और सभी नागरिकों, आयुष अस्पतालों और स्वास्थ्य सेवा प्रदाताओं को सस्ती आयुष स्वास्थ्य देखरेख प्रदान करने के लिए इस विचार विमर्श का आयोजन किया है। सेमिनार में आयुष मंत्रालय में सचिव वैद्य राजेश कोटेचा, आयुष मंत्रालय में बीमा के लिए विशेषज्ञों के कोर समूह के अध्यक्ष प्रो.बेजोन कुमार मिश्रा, मंत्रालय में सलाहकार डॉ. कौस्तुभ उपाध्याय, आईआईबीआई के योगानंद ताडेपल्ली और जीआईसी के सेगर संपतकुमार, मुख्य वक्ता होंगे। यह सेमिनार 27 मई को नयी दिल्ली के अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान में होगा।

## गंभीर चक्रवात ‘रेमल’ को लेकर बंगाल समेत कई राज्यों में हाई अलर्ट, पीएम ने बुलाई समीक्षा बैठक

**एजेंसी** | नई दिल्ली



बंगाल की खाड़ी में उत्पन्न हुआ चक्रवात ‘रेमल’ रविवार आधी रात को लैंडफाल करेगा। इसे लेकर बंगाल में हाई अलर्ट घोषित किया गया है। कोलकाता एयरपोर्ट को बंद कर दिया गया है। राज्य के तटीय इलाकों में राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल (एनडीआरएफ) की 12 टीमों को तैनात किया गया है। नौसेना व भारतीय तटरक्षक बल भी अलर्ट पर है। मौसम विभाग से मिली जानकारी के मुताबिक, चक्रवात इस समय बंगाल की खाड़ी से 270 किलोमीटर दक्षिण-पूर्व दिशा में है। इसके रविवार आधी रात को बंगाल के दक्षिण 24 परगना जिले में स्थित सागर द्वीप और बांग्लादेश के खेपूपाड़ा के बीच के तटवर्ती इलाकों से होकर गुजरने का पूर्वानुमान है। इसके प्रभाव से बंगाल के विभिन्न जिलों में अति भारी बारिश की आशंका है। 110 से 120 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चल सकती हैं। कोलकाता समेत बंगाल के विभिन्न जिलों के आसमान में रविवार सुबह से ही बदली छाई हुई है और तेज हवाएं चलनी शुरू हो गई है। बीच-बीच में बारिश भी हो रही है। चक्रवात के बाबत राज्य सचिवालय नबान्न में कंट्रोल रूम खोला गया है। राहत सामग्रियों, जरूरी दवाओं व अन्य सभी जरुरी चीजों का भंडारण किया गया है। प्रभावित होने वाले लोगों के लिए राहत शिविरों की भी पर्याप्त संख्या में व्यवस्था की गई है। समुद्र में मछुआरों को 27 मई तक नहीं जाने और वहां मौजूद मछुआरों को तुरंत लौटने की पहले ही हिदायत दी जा चुकी है। मौसम विभाग ने रविवार व सोमवार को बंगाल और उत्तरी ओड़िशा के तटीय जिलों में अत्यधिक वर्षा की चेतावनी दी है। बंगाल के दक्षिण और उत्तर 24 परगना जिलों के लिए रेड अलर्ट जारी किया गया है। इन दो जिलों में बड़े नुकसान की आशंका है।

सके प्रभाव से 28 मई तक पश्चिम बंगाल और ओडिशा के तटीय जिलों तथा पूर्वोत्तर राज्यों में भारी से बहुत भारी वर्षा होने की संभावना है। विभाग ने कहा कि मछुआरों को सलाह दी जाती है कि वे आज तक मध्य बंगाल की खाड़ी और कल तक उत्तरी बंगाल की खाड़ी में न जाएं। साथ ही समुद्र से बाहर मछुआरों को तट पर लौटने की सलाह दी जाती है। इसलिए पश्चिम बंगाल की राजधानी कोलकाता से उड़ानों को निलंबित कर दिया गया है।

## संचार मंत्रालय ने भारतीय मोबाइल नंबर से आने वाली अंतर्राष्ट्रीय फर्जी कॉलों को रोकने का दिया निर्देश

**एजेंसी** | नयी दिल्ली

सरकार ने भारतीय मोबाइल नंबर प्रदर्शित करके आने वाली अंतर्राष्ट्रीय फर्जी कॉलों को रोकने के निर्देश दिए हैं। संचार मंत्रालय ने आज यहां जारी बयान में कहा कि रिपोर्ट मिल रही है कि जालसाज भारतीय नागरिकों को भारतीय मोबाइल नंबर प्रदर्शित कर अंतर्राष्ट्रीय फर्जी कॉल कर रहे हैं और साइबर अपराध तथा वित्तीय धोखाधड़ी कर रहे हैं। ऐसा प्रतीत होता है कि ये कॉल भारत के भीतर से की जा रही हैं,लेकिन ये कॉलिंग लाइन आइडेंटिटी (सीएलआई) में हेरफेर करके विदेश से साइबर अपराधियों द्वारा की जा रही हैं। फर्जी डिजिटल गिरफ्तारियों, फेडएक्स घोटालों, कूरियर में ड्रग्स/ नशीले पदार्थों, सरकारी और पुलिस अधिकारियों के वेष में, दूरसंचार विभाग /ट्राई अधिकारियों द्वारा मोबाइल नंबरों को डिस्कनेक्ट करने आदि के हालिया मामलों में इस तरह की अंतर्राष्ट्रीय जाली कॉलों का दुरुपयोग किया गया है। मंत्रालय के अनुसार दूरसंचार विभाग (डीओटी) और दूरसंचार सेवा प्रदाताओं (टीएसपी) ने इसलिए ऐसी आने वाली अंतर्राष्ट्रीय जाली कॉलों की पहचान करने और उन्हें किसी भी भारतीय दूरसंचार ग्राहक तक पहुंचने से रोकने के लिए एक प्रणाली तैयार की है। अब ऐसी आने वाली अंतर्राष्ट्रीय जाली कॉल को ब्लॉक करने के लिए टीएसपी को निर्देश जारी किए गए हैं। दूरसंचार विभाग द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार भारतीय लैंडलाइन नंबरों के साथ आने वाली अंतर्राष्ट्रीय जाली कॉलों को टीएसपी द्वारा पहले से ही ब्लॉक किया जा रहा है। चूंकि उपयोगकर्ताओं की सुरक्षा और हिफाजत डिजिटल इंडिया के विजन का एक अभिन्न अंग है, दूरसंचार विभाग ने दूरसंचार उपयोगकर्ताओं की सुरक्षा के लिए नागरिक केंद्रित संचार साथी पोर्टल सहित कई पहल पहले ही आरंभ कर दी हैं। प्रयासों के बावजूद, अब भी कुछ ऐसे जालसाज हो सकते हैं जो अन्य माध्यमों से सफल हो जाते हैं। ऐसी कॉलों के लिए संचार साथी पर चक्षु सुविधा केन्द्र पर ऐसे संदिग्ध धोखाधड़ी संचार की रिपोर्ट करके प्रत्येक व्यक्ति की सहायता की जा सकती है।

## आग लगने से मृत शिशुओं के परिजनों को मिलेंगे अनुग्रह राशि



**नयी दिल्ली (ए.)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दिल्ली के एक अस्पताल में आग लगने से नवजात शिशुओं के मारे जाने की घटना के मद्देनजर प्रत्येक मृतक के परिजनों को दो लाख रुपये और प्रत्येक घायल को 50 हजार रुपये की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की है। श्री मोदी ने एक्स पर अपनी पोस्ट में घोषणा की, ‘दिल्ली के एक अस्पताल में आग लगने की घटना के मद्देनजर, प्रधानमंत्री ने अनुग्रह राशि की घोषणा की है। प्रत्येक मृतक के परिजनों को पीएमएनआरएफ से 2 लाख रुपये दिए जाएंगे। प्रत्येक घायल को 50,000 रुपये दिए जाएंगे।

गैस कनेक्शन बचाने का आखिरी मौका, एक जून से नहीं मिलेगा सिलेंडर

## 31 मई तक सभी गैस उपभोक्ताओं को ई-केवाईसी कराना अनिवार्य

**निज संवाददाता** | पटना

रसोई गैस के सिलेंडर बुक कराने के लिए उपभोक्ताओं को ई-केवाईसी कराना जरूरी है। पेट्रोलियम व गैस मंत्रालय के आदेशानुसार, सभी गैस उपभोक्ताओं को ई-केवाईसी कराने को कहा जा रहा है। ई-केवाईसी के लिए डेट लाइन भी निश्चित है। 31 मई तक सभी गैस उपभोक्ताओं को ई-केवाईसी कराने कहा गया है। 31 मई के बाद ई-केवाईसी नहीं कराने वाले उपभोक्ताओं का गैस



कनेक्शन बंद कर दिया जाएगा। ऐसे में उपभोक्ताओं को गैस सिलेंडर नहीं मिल पाएगा। गैस एजेंसी के एक प्रोपराइटर ने बताया कि पेट्रोलियम व गैस मंत्रालय द्वारा निर्देश प्राप्त है कि वे अपने यहां के उपभोक्ता का 31 मई तक ई-केवाईसी करा लें। उन्होंने कहा कि उपभोक्ता को ई-केवाईसी कराने के लिए एजेंसी के कार्यालय में कर्मी बैठते हैं। उन्होंने बताया कि उपभोक्ता अपने साथ अधार कार्ड व गैस कार्ड लेकर आएं तथा अपना ई केवाईसी करा लें। उन्होंने बताया कि ई-केवाईसी के लिए वह अपने स्तर से सभी उपभोक्ताओं को फोन कर, माईकिंग कर जानकारी दे रहे हैं। वहीं, ई-केवाईसी के लिए शिविर भी लगाया जा रहा है। जहां उपभोक्ता अपना ई-केवाईसी करा सके। उन्होंने बताया कि ई-केवाईसी करा कर उपभोक्ता निश्चिंत होकर गैस सिलेंडर प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि सुरक्षा को लेकर उपभोक्ता पांच मंत्र अपनाएं। इसकी जानकारी समय समय पर कैंप लगाकर दी जाती है। सिलेंडर का रेगुलर हमेशा काम हो जाने के बाद नीचे से बंद रखे ।अपने रेगुलर,पाइप का हमेशा जांच करें कहीं लीक हो तो इसकी सूचना तुरंत अपने गैस एजेंसी को दें।

सीएम चंपाई सोरेन ने पीएम पर साधा निशाना, कहा

## इस बार सत्ता से जाना तय



**निज संवाददाता** | दुमका (झारखंड)

दुमका लोकसभा क्षेत्र के जामताड़ा अंतर्गत नारायणपुर प्रखंड के मालवा में रविवार को मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी नलीन सोरेन के पक्ष में चुनावी जनसभा को संबोधित किया। सीएम चंपाई सोरेन ने कहा कि हमें पांच वर्षों के बाद नेतृत्व बदलने का मौका मिलता है। वह समय इस बार एक जून को है। इस बार केंद्र की तानाशाही सरकार को उखाड़ फेंकना है। वर्ष 2014 में केंद्र में मोदी सरकार जनता से झूठ बोलकर सत्ता में आयी। 10 वर्षों के कार्यकाल में कभी भी महंगाई और बेरोजगारी के मुद्दे पर बात नहीं की बीजेपी व उनके सहयोगियों ने केवल पूंजीपतियों का विकास किया। देश का विकास गर्त में चला गया। पीएम मोदी और उनके नेता केवल जुमलेबाजी करना जानते है। पीएम मोदी से बड़ा झूठा पूरे विश्व में कहीं नहीं है। पीएम मोदी मसीहा थोड़ी न हैं। वे चाय बेचनेवाले हैं, अब देश बेच रहे हैं।


बिहार सरकार स्वास्थ्य विभाग एवं स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय द्वारा मान्यता प्राप्त

श्री राज नर्सिंग एंड पारा मेडिकल इंस्टीच्यूट

मीठापुर बस स्टैंड रोड, जक्कनपुर पुलिस थाना के पास, पटना

Paramedical Course

» BPT » BOT

» BMLT » BHM

Students Credit Card Facility Available

Nursing Courses

» B.Sc. Nursing

» GNM

» ANM

Registration for Session 2024




प्रशिक्षण हेतु संस्थान का अपना आधुनिक अस्पताल

Ph. 0612-2360081, 9155558888, 9162413233

E-mail: srthospital@gmail.com, Web : www.biharparamedical.org

BAYC Institute स्थापित : 1972

बिहार एक्युप्रेशर योग कॉलेज

गांधी सेतु लिंक पथ, बिस्कोमान कॉलोनी गोलम्बर के पूरब, पटना-7



नामांकन प्रारंभ | नियमित / पत्राचार कोर्स

डॉक्टर बनें एक्युप्रेशर, योग, इलेक्ट्रोपैथी, ट्रेडिशनल मेडिसिन

DIPLOMA COURSE: DAT Acupressure Theapy | DAYS Acupressure Yoga Science | DY Yoga अवधि : 02 वर्ष योग्यता : 10th | DEMS Electrohomeopathy Medicine Science अवधि : 02 वर्ष योग्यता : 10th

DEGREE COURSE: MBBA Bachelor of Magnet & Acupressure | BAYS Bachelor of Acupressure Yoga Science अवधि : 03 वर्ष योग्यता : 10+2 | BEMS Bachelor of Electrohomeopathy Medicine Science | MBAS Bachelor of Medicine in ALT. Science अवधि : 4½ वर्ष योग्यता : 10+2

MD (Acu Yoga) | MD (TM) अवधि : 01 वर्ष योग्यता : मेडिकल ग्रेजुएट | MD (EH) अवधि : 02 वर्ष योग्यता : BEMS

BA (Yoga) | MA (Yoga) | Yoga Teacher Course

PROFESSIONAL: BLIS | MLIS | BBA | MBA

TRADITIONAL: BA | MA HINDI | POLITICAL SCIENCE SOCIOLOGY | HISTORY

Proposed Campus

Bihar State Govt. University & Central University UGC DEB MHRD Govt. of India Recognised

Direct Admission | Regular Classes | Online Classes | Experienced Faculties

» एक्यूप्रेशर चिकित्सा की उत्तम व्यवस्था यथा गर्दन, कंधा, कमर, घुटना दर्द, गठिया, डायबिटिज आदि |

डॉ. अजय प्रकाश सचिव

कॉलेज से उत्तीर्ण हजारों विद्यार्थी सरकारी संस्थानों, गैर सरकारी संस्थानों एवं निजी संस्थान खोलकर सेवा दे रहे हैं|

Apply Online : www.bayc.in

डॉ. सर्वदेव प्रसाद गुप्त अध्यक्ष

9572607696, 9304942855, 9334278279

परीक्षा सूचना : एक्युप्रेशर, योग, इलेक्ट्रो होमियोपैथी, ट्रेडिशनल मेडिसिन, हर्बल मेडिसिन, कम्युनिटी मेडिकल कोर्स की परीक्षा शीघ्र प्रारम्भ होने वाली है| सम्बंधित छात्र/छात्राएं कॉलेज कार्यालय में संपर्क करें|

Email : baycpatna@gmail.com | Website : www.indianacupressure.com

## संक्षिप्त समाचार

### पुलिस पर हमले के आरोप में दो महिला समेत 6 गिरफ्तार

**गुरारू।** थाना क्षेत्र के मथुरापुर डीह में गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी कर स्थानीय पुलिस बुधवार के सुबह पुलिस की गश्ती टीम पर हमला करने के आरोप में छह लोगों को गिरफ्तार कर पूछताछ के बाद जेल भेज दिया है। इस संबंध में थानाध्यक्ष चाहत कुमार ने बताया कि मथुरापुर डीह से कांड संख्या 88/24 के अभियुक्त शक्ति कुमार, वासुदेव दास, कमलेश दास, मंदीप कुमार, गीता देवी एवं कौशमी देवी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। तीन दिन पहले एएसआई ओमप्रकाश सिंह मथुरापुर डीह में जमीन से संबंधित एक मामले को लेकर दोनों पक्ष को अपना कागजात के साथ शनिवार को लगने वाली जनता दरबार में आने को कहा तो इसी बात पर उग्र होकर एक महिला ने पुलिस पदाधिकारी के साथ अभद्र भाषा का प्रयोग करने लगी जब उन्होंने मना किया तो पुलिस की गश्ती टीम पर वहां के लोगों ने के हमला कर सरकारी कार्य में बाधा पहुंचाने का काम किया इसके बाद एएसआई ओमप्रकाश सिंह के व्यान पर छह लोगों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज गई थी।

### रामशिला के पास बदमाशों ने की गोलीबारी, क्षेत्र में दहशत

**गया।** कोतवाली थाना क्षेत्र में रामशिला मोड़ के पास बदमाशों ने ट्रैक्टर चालक को निशाना बना कर गोलीबारी की। हालांकि इसमें चालक पिंटू कुमार बाल-बाल बच गया। स्थानीय थाना में चालक के बयान पर शिकायत दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी गई है। ट्रैक्टर चालक ने पुलिस को बताया कि बुधवार की अहले सुबह वह गाड़ी लेकर मालिक के पास जा रहा था। रामशिला मोड़ के पास पहुंचने पर बदमाशों ने उसको निशाना बना कर गोली चलाई। थानाध्यक्ष ने बताया कि इस मामले शिकायत दर्ज कर बदमाशों की पहचान की जा रही

### झगड़ा शांत कराने गए युवक को बदमाशों ने मार दी गोली

**नूरसराय।** नूरसराय थाना क्षेत्र के शेरपुर गांव में मंगलवार की शाम झगड़ा शांत कराने गए युवक को बदमाशों ने गोली मार दी। जख्मी सतीश रविदास के 23 वर्षीय पुत्र बलराम कुमार को इलाज के लिए अस्पताल लाया गया। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद, उसे बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। पिता ने बताया कि शाम में गांव में कुछ लोगों का आपस में विवाद हुआ था। पुत्र विवाद शांत कराने गया था। तब आक्रोशित हो बदमाश फायरिंग करने लगा। उसी दौरान पुत्र को गोली लग गई। इसके पूर्व बदमाशों ने रोड़ेबाजी की। पिता ने रविन्द्र रविदास, लालो रविदास, नीतीश रविदास, जैकी रविदास, बादल रविदास को आरोपित कर थाना में केस का आवेदन दिया है।

### पांचवीं व आठवीं की विशेष परीक्षा का आयोजन

**हरनौत।** प्रखंड के प्रारंभिक स्कूलों में अध्ययनरत पांचवीं के 399 एवं आठवीं कक्षा के 258 छात्रों के लिए विशेष परीक्षा का आयोजन किया जा रहा है। 21 मई से शुरू हुई परीक्षा 28 मई तक चलेगी। बीईओ सुरेंद्र कुमार सिन्हा ने बताया कि परीक्षा में वार्षिक परीक्षा, 2024 में अनुत्तीर्ण छात्र-छात्राएं शामिल हो रहे हैं। वार्षिक परीक्षा में ई ग्रेड प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को अनुत्तीर्ण माना गया था। साथ ही परीक्षा में अनुपस्थित रहने वाले छात्र-छात्राएं को भी परीक्षा में शामिल होने की अनुमति दी गई है। परीक्षा दो पाली में हो रही है। पहली पाली का समय सुबह सात से नौ बजे तक और दूसरी पाली की परीक्षा सुबह 9.30 से 11.30 बजे तक हो रही है।

### गौरा गांव में अखंड कीर्तन सह यज्ञ का आयोजन

**हिलसा।** प्रखंड क्षेत्र के गौरा गांव के महादेव मंदिर प्रांगण में बुधवार से 24 घंटा का अखंड कीर्तन सह यज्ञ का आयोजन किया गया। गुरुवार को अखंड कीर्तन के समापन पर भंडारा का आयोजन किया जाएगा। ग्रामीणों ने बताया कि गांव में सुख शांति के लिए महादेव मंदिर के प्रांगण में अखंड कीर्तन सह यज्ञ का आयोजन किया गया है। यज्ञाचार्य सौरभ प्रकाश ने बताया कि वैशाख मास विष्णु भगवान का महीना है। जिसमें सामूहिक रूप से लक्ष्मीनारायण की पूजा, यज्ञ, हवन करने से समस्त सृष्टि के पालनहार विष्णु भगवान प्रसन्न होते हैं और उनके आशीर्वाद से समस्त मानव समाज का कल्याण होता है। वैशाख मास में किसान अपने आने वाले खरीफ फसल की तैयारी करते हैं और अच्छी फसल के लिए अपने खेत में शुभ शगुन भी करते हैं। इस तरह के धार्मिक आयोजन से न सिर्फ लोगों के बीच आस्था बढ़ता है, बल्कि आपसी समरसता भी कायम रहता है। इस मौके पर कमल कृष्ण कुमार, सुरेंद्र प्रसाद, अर्जुन प्रसाद, रंजीत गरांई, डा. सुनील पांडेय, शशि रंजन पटेल, दुर्गेश कुमार, कुंदन प्रसाद, राजकुमार प्रसाद, पंकज कुमार आदि मौजूद थे।

### पराली जलाने से किसानों के खेतों की उर्वरा शक्ति होते जा रही खत्म



**टिकारी।** प्रखंड मुख्यालय परिसर अंतर्गत ई किसान भवन में कृषि प्रौधोगिकी प्रबंध अभिकरण आत्मा, गया द्वारा प्रखंड स्तरीय किसान गोष्ठी (खरीफ) का आयोजन किया गया। इस गोष्ठी को सहायक निदेशक सह मगध प्रमंडल विभा कुमारी, कृषि वैज्ञानिक डॉ. संतोष कुमार केवीके मानपुर, प्रखंड कृषि पदाधिकारी अमरेन्द्र, आत्मा अध्यक्ष ब्रजेन्द्र कुमार के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवित कर इस कार्यकम का विधिवत उद्घाटन किया गया। इस गोष्ठी के माध्यम से उपस्थित किसानों को बदलते मौसम में कम सिंचाई में मक्का, ज्वार, बाजरा, रागी, मड़ुआ, चीना और अन्य खरीफ फसलों के खेती के बारे में वैज्ञानिकों ने जानकारी दी। उन्होंने मोटे अनाज पर विशेष चर्चा करते हुए बताया कि मोटे अनाज के उपयोग से हम अपने स्वास्थ्य, मिट्टी व जलवायु का बचाव कर सकते हैं। वर्तमान समय में देखा जा रहा है कि किसानों के द्वारा पराली को जलाई जा रही है, जिससे खेत की उर्वरा शक्ति खत्म होते जा रही है। इस संबंध में किसानों को जागरूक करते हुए बताया गया कि पराली प्रबंधन कर आप अपने खेतों और पर्यावरण को लाभ पहुंचा सकते हैं। पराली के बाय प्रोडक्ट की भी उन्हें जानकारी दी गई। साथ ही वर्तमान परिवेश में उन उत्पादों की मार्केटिंग, उनकी संभावित कीमत और उपयोगिता की जानकारी भी किसानों को दी। कार्यक्रम में कृषि समन्वयक संजीत पाण्डेय, अमित कुमार, शिवकुमार शर्मा, सहायक तकनीकी प्रबंधक राजीव कुमार, अनन्ज्य कुमार, सूर्यकांत निराला किसान सलाहकार रविकेश कुमार, अखिलेश कुमार, योगेन्द्र कुमार, विवेकानंद शर्मा शशि प्रकाश, प्रिंस कुमार व काफी संख्या में किसान उपस्थित हुए।

### वोट प्रतिशत बढ़ाने के लिए हस्ताक्षर अभियान

**हरनौत।** नालंदा लोकसभा सीट के लिए जिले में एक जून को वोटिंग होनी है। प्रखंड में पिछले लोकसभा चुनाव के दौरान कम वोट टर्न ओवर वाले मतदान केंद्रों के पोषक क्षेत्रों में वोट प्रतिशत बढ़ाने के लिए बुधवार को हस्ताक्षर अभियान चलाया गया।जीविका के बीपीएम आफताब आलम ने बताया कि गोनावां, खैरा, मोहनखंधा में जीविका दीदियों ने हस्ताक्षर अभियान चलाया। इसमें लोगों से चुनाव में वोट करने का संकल्प भरवाया गया।वैष्णवी वीओ खैरा, आकाश वीओ पोरई, चंदन वीओ पचौरा की महिलाओं ने रंगोली, शपथ ग्रहण व चौपाल का आयोजन करके लोगों को चुनाव में वोट करने को प्रेरित किया। लोगों को चुनाव में वोट करने पर बल दिया गया। इसकी उपयोगिता बताई।बीपीएम ने बताया कि कम वोट टर्न ओवर वाले क्षेत्रों में मतदान प्रतिशत 60 प्रतिशत के आसपास करवाने का लक्ष्य हैं।

# नड्डा बोले- इंडी गठबंधन वाले सनातन विरोधी

## कहा- ये लोग देश का विकास नहीं चाहते हैं, 10 साल पहले का भारत याद कीजिए

निज संवाददाता। जहानाबाद/नालंदा/भोजपुर

बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा आज बिहार दौरे पर हैं। आरा में सभा को संबोधित करते हुए नड्डा ने कहा कि बीते 10 वर्षों में मोदी जी ने सिर्फ देश में प्रधानमंत्री के रूप में राज नहीं किया, उन्होंने भारतीय राजनीति की संस्कृति, परिभाषा, कार्यशैली में परिवर्तन किया है। आप 10 साल पहले का भारत याद कीजिए। भारत का सामान्य मानवी मान चुका था कि देश में राजनीति से कोई बदलाव नहीं आएगा। देश एक उदासीनता की मानसिकता के साथ जी रहा था। लेकिन, आज 140 करोड़ देशवासी मोदी जी के साथ विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने के लिए आगे बढ़ चुके हैं। जेपी नड्डा ने कहा कि इंडी गठबंधन वाले सनातन विरोधी है। ये लोग देश का विकास नहीं चाहते हैं। जबकि, मोदी जी सभी का विकास चाहते है और करते है। लालू जी आपके दिन लद गए है। कांग्रेस इतिहास बनने की ओर अग्रसर है। दो लाख पंचायतों में ऑप्टिकल फाइवर बिछ चुका है। विपक्ष वाले कहते थे भारत के विकास में डिजिटल क्या मदद करेगा। आज भारत में सब्जी बेचने वाला भी ऑनलाइन पेमेंट ले रहा है। इससे पहले जहानाबाद में जनसभा को संबोधित करते हुए नड्डा ने कहा कि पहले आपने कमजोर सरकार देखी है। मजबूर और मजबूत सरकार में अंतर क्या होता है? मजबूर सरकार- जब आतंकवादी इस देश में आतंक फैलाते हैं, तो मजबूर सरकार पाकिस्तान को डोजियर भेजती है। मजबूत सरकार वो है जब उरी, पुलवामा जैसी घटनाओं का जवाब हमारे जवान पाकिस्तान में घुसकर देते हैं। नड्डा ने आगे कहा कि 10 साल पहले धर्म-जाति की राजनीतिक होती थी। वोट बैंक के तुष्टिकरण



के लिए राजनीति होती थी। ये सब 2014 के पहले चलता था। भोजपुर के बाद नालंदा के बिहारशरीफ स्थित श्रम कल्याण केंद्र के मैदान में जेपी नड्डा चुनावी सभा को संबोधित करेंगे। अंतिम चरण के चुनाव के लिए बीजेपी ने पूरी ताकत झोंक दी है। नालंदा समेत तीनों लोकसभा सीट पर 1 जून को मतदान होना है। ऐसे में प्रत्याशी डोर टू डोर जनसंपर्क अभियान में जुटे हुए हैं। वहीं राज्य से लेकर केंद्र के नेताओं की ओर से चुनावी जनसभा की जा रही है।

**मोदी जी के नेतृत्व में आज हर घर तक बिजली पहुंची है:** जेपी नड्डा ने कहा 10 साल पहले 18 हजार गांव बिना बिजली के थे और 2.5 करोड़ लोग बिना बिजली के रहते थे। आज मोदी जी के नेतृत्व में हर घर तक बिजली पहुंची है। आज आपके हाथ में मोबाइल है। 10 साल पहले इसी मोबाइल पर लिखा होता था- मेड इन चाइना, मेड इन जापान, मेड इन ताइवान, मेड इन कोरिया और आज मोबाइल पर लिखा होता है- मेड इन इंडिया।

**पीएम मोदी ने भारतीय राजनीति की संस्कृति, परिभाषा, कार्यशैली में परिवर्तन किया:** आरा में सभा को संबोधित करते हुए जेपी नड्डा ने कहा कि बीते दस वर्षों में मोदी जी ने सिर्फ देश में प्रधानमंत्री के रूप में राज नहीं किया, उन्होंने भारतीय राजनीति की संस्कृति, परिभाषा, कार्यशैली में परिवर्तन किया है। 10 साल पहले भारत का सामान्य मानवी मान चुका था कि देश में राजनीति से कोई बदलाव नहीं आएगा। देश एक उदासीनता की मानसिकता के साथ जी रहा था। लेकिन, आज 140 करोड़ देशवासी मोदी जी के साथ विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने के लिए आगे बढ़ चुके हैं।

**नड्डा ने आरजेडी का मतलब बताया:** क्या आप लालटेन युग में जाना चाहते हो? आरजेडी का मतलब मालूम हो आर से रिश्वत खोर राष्ट्र विरोधी, जे से जंगलराज और डी से दलदल होता है। लालू के राज में खेत खलिहान सड़क पर झंडा गांड दिया जाता था। याद है ना। यहीं है गुंडा राज। लालू का बेटा तेजस्वी यादव क्या जानते है, वो तो बच्चा थे। लालू जी बोलते थे सड़क आ जाएगा तो पुलिस आ जाएगी।

**नड्डा ने आरा में आरके सिंह के पक्ष में वोट की अपील की:** जेपी नड्डा ने आरा में जनसभा को संबोधित करते हुए बीजेपी के प्रत्याशी आरके सिंह के पक्ष में वोट की अपील की।

## हज यात्रा के पहले दिन गया से 320 लोग रवाना

निज संवाददाता। गया

गया एयरपोर्ट से रविवार को हज यात्रा की उड़ान शुरू हो गई है। इबादत, दुआ और अकीदत के साथ पहले दिन 2 अलग–अलग फ्लाइट से 320 हज यात्रियों की टुकड़ी रवाना हुई। बताया गया कि पहली फ्लाइट में 74 पुरुष, 85 महिला और दूसरे फ्लाइट में 92 पुरुष और 69 महिला यात्रियों ने उड़ान भरी। एक जून तक यह सिलसिला जारी रहेगा। इस दौरान करीब 1083 लोग हज को जाएंगे। हज को जाने वाले लोगों के चेहरे पर अपने सरकार (पैगम्बर साहब) के दरबार में हाजिरी लगाने की खुशी साफ दिख रही थी। हज यात्रियों को गया एयरपोर्ट पर किसी प्रकार की कोई दिक्कत न हो इसके लिए प्रशासन की ओर से पूरी व्यवस्था की गई है। विभिन्न जिलों से आने वाले हज यात्रियों के लिए आने



से लेकर रुकने तक की व्यवस्था की गई है। वहीं गर्मी को लेकर एसी हाल की भी व्यवस्था की गई है। एयरपोर्ट पर सभी तरह के इंतजाम मौजूद है। वहीं 60 से कम उम्र वाले लोगों के लिए एयरपोर्ट परिसर में ठहरने के लिए जर्मन पंडाल बनाया गया है। यहां पर वाटर कूलर समेत अन्य इंतजाम किए गए है। इस मौके पर हज यात्रियों की सेवा में रजाकार भी शिद्दत से जुटे नजर आए। वहीं प्रशासन और पुलिस के जवान भी सुरक्षा को लेकर तैनात है।

## चौकीदार पुत्री की ससुराल में संदिग्ध अवस्था में मौत, परिजनों ने दहेज के लिए गला घोंट हत्या का लगाया आरोप

निज संवाददाता। नालंदा

नालंदा में एक विवाहिता की संदिग्ध हालत में शनिवार की रात मौत हो गई। मामला हिलसा थाना क्षेत्र के गजेंद्र बीघा गांव का है। मृतका की पहचान गजेंद्र विगहा गांव निवासी सोनू कुमार की पत्नी हुलसी देवी (18) के रूप में की गई। मायके वाले दहेज हत्या का आरोप लगा रहे हैं। रविवार की सुबह शव के पोस्टमॉर्टम को लेकर परिजन बिहार शरीफ सदर अस्पताल पहुंचे। हुलसी देवी के ममेरे भाई ने बताया कि वह घर वालों से फोन पर बात करने के लिए पति समेत अन्य ससुराली परिवार से कहा करती थी। लेकिन उसका ससुराली परिवार उन लोगों से बात नहीं करता था। काफी दिनों से उसको प्रताड़ित किया जा रहा था। बीती रात मारपीट के बाद गला दबा उसकी हत्या कर दी



गई। उन लोगों को आस पड़ोस द्वारा घटना की जानकारी मिली। जब वे लोग गजेंद्र बीघा गांव पहुंचे तो देखा कि शव नीचे फर्श पर पड़ा हुआ है और घर के सदस्य फरार है। इसके बाद तत्काल इस बात की सूचना स्थानीय पुलिस को दी गई। ससुराली परिवार कई महीनों से 3 लाख रुपए की डिमांड कर रहा था। दरअसल 2 साल पूर्व हिलसा थाना क्षेत्र के बनवारीपुर गांव निवासी प्रमोद प्रसाद ने अपनी पुत्री हलसी की शादी गजेंद्र बीघा गांव निवासी राकेश कुमार उर्फ संजू यादव के पुत्र सोनू कुमार से किया था। उस वक्त भी हैसियत के हिसाब से सारा सामान और पैसा दिया गया था। बावजूद ससुराली परिवार द्वारा शादी के कुछ महीने

- परिजनों ने कहा- 3 लाख रुपए की थी डिमांड

बाद ही पैसे का डिमांड किया जाने लगा। हुलसी देवी के पिता प्रमोद प्रसाद हिलसा थाना में चौकीदार के पद पर कार्यरत हैं। वहीं, इस मामले में हिलसा थाना अध्यक्ष अभिजीत कुमार ने बताया कि महिला की मौत की सूचना पर पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और शव को पोस्टमॉर्टम के लिए बिहार शरीफ सदर स्थल भेज दिया गया। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों का खुलासा हो सकेगा। मायके वाले द्वारा दहेज हत्या का आरोप लगाया जा रहा है। मृतका के ससुर को हिरासत में लिया गया है। जबकि अन्य सदस्य घर छोड़ फरार है। आवेदन मिलने पर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

## 27 मई को बोध गया में इकट्ठा होंगे हजारों योग प्रेमी

- अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2024 के 25 वें काउंट डाउन कार्यक्रम के विशाल कार्यक्रम का होगा आयोजन
- जिलाधिकारी गया कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में शामिल होंगे।
- विशाल योगाभ्यास में बढ़ चढ़कर हिस्सा लें योग प्रेमी - काशीनाथ समगंडी
- हजारों योग प्रेमी एक साथ मिल कर करेंगे कॉमन योग प्रोटोकॉल का अभ्यास
- फुटबॉल ग्राउंड मगध यूनिवर्सिटी बोध गया में आयोजित योग विशाल योगाभ्यास कार्यक्रम

**बोध गया (बिहार):** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस-2024 के 25 दिन शेष रहने पर बोध गया बिहार में एक विशाल योगाभ्यास कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। यह विशाल कार्यक्रम फुटबॉल ग्राउंड मगध विश्वविद्यालय, बोध गया बिहार में आयोजित किया जाएगा। 27 मई 2024 को सुबह 6 बजे शुरू होने वाले इस आयोजन में हजारों योग अभ्यासी एक साथ मिलकर सामान्य योग प्रोटोकॉल (सीवाईपी) के आधार पर योगाभ्यास करेंगे। सामूहिक योगाभ्यास का यह कार्यक्रम व्यक्तिगत और सामाजिक स्वास्थ्य कल्याण के लिए आयोजित जा रहा है।कार्यक्रम का आयोजन मोरार जी देसाई राष्ट्रीय योग संस्थान, आयुष मंत्रालय भारत सरकार के द्वारा किया जा रहा है। मोरार जी देसाई राष्ट्रीय योग संस्थान (एमडीएनआईवाई) के निदेशक डॉ काशीनाथ समगंडी ने बताया कि पिछले वर्षों की भांति ही इस वर्ष भी 21 जून को आयोजित होने वाले अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के पूर्व 100 दिनों का काउंट डाउन कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। इसके अंतर्गत देश भर में प्रति दिन कॉमन योग प्रोटोकॉल के कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। यह पहल योग संगठनों, स्कूलों, विश्वविद्यालयों, संस्थानों, कॉलेजों, कॉर्पोरेट निकायों के साथ-साथ सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों सहित अन्य हितधारकों की एक विस्तृत श्रृंखला के सहयोग से संचालित होती है। इस क्रम में काउंट डाउन के 25 दिन,50 दिन और फिर 75 दिन पूरे होने पर विशेष कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। इस बार 25 दिन पूरे होने पर पुणे महाराष्ट्र, 50 दिन पर सूरत गुजरात और अब 75 दिन पूरे होने पर 25 वां काउंट डाउन बिहार के बोध गया में आयोजित किया जा रहा है। पुणे और सूरत की तरह यहाँ भी हजारों की संख्या में योग प्रेमियों के शामिल होने की संभावना है। डॉ काशीनाथ ने यह भी बताया कि आयुष मंत्रालय के ऐसे प्रयासों से योग की ख्याति अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर बढ़ती जा रही है। पिछले वर्ष और उसके पूर्व के आयोजनों की वैश्विक सफलता इस बात का प्रमाण है कि पूरी दुनिया से 23.4 करोड़ से अधिक लोगों ने योगाभ्यास अभियान में हिस्सा लिया। उन्होंने आम जन से अपील की कि इस बार दो गुनी संख्या में इस अभियान का हिस्सा बनकर आयुष मंत्रालय के इस प्रयास को एक बार फिर योग के अभियान को जन जन तक पहुंचाना है।


उन्होंने यह भी बताया कि 21 जून को हर वर्ष अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस आयोजित करने की संयुक्त राष्ट्र की घोषणा के अनुरूप 2015 में पहला अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन कर आयुष मंत्रालय ने एक महत्वपूर्ण शुरूआत की थी। तब से यह क्रम लगातार जारी है और हर साल आईडीवाई में शामिल होने वालों की संख्या में लगातार वृद्धि इस बात का प्रमाण है कि योग के प्रति लोगों में विश्वास बढ़ रहा है। मोरारजी देसाई राष्ट्रीय योग संस्थान, आयुष मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में आयुष मंत्रालय के उप महा निदेशक श्री सत्यजीत पॉल और गया जनपद के जिलाधिकारी, डॉ त्यागराजन एस. एम. , माननीय भिक्षु भिक्खू दीनानन्द और कई अन्य प्रतिष्ठित गणमान्य व्यक्तियों और विशेषज्ञों की उपस्थिति भी होगी। बोध गया आध्यातम के क्षेत्र में अपनी विशिष्ठ पहचान रखता है ऐसे में 27 मई के योगाभ्यास कार्यक्रम में यहाँ पहुंचे देश विदेश के अनेकानेक योग प्रेमियों के शामिल होने की आशा है।

## ट्रैक्टर मालिक से रंगदारी मांगने मामले में मुख्य आरोपी गिरफ्तार

### 50 हजार के लिए चालक पर चलाई थी गोली

निज संवाददाता। गया

गया के कोतवाली थाना क्षेत्र में ट्रैक्टर मालिक से रंगदारी मांगने और गोलीबारी करने मामले में पुलिस ने आरोपी हैदर को अरेस्ट कर लिया है। दरअसल गुरुवार को थाना क्षेत्र के रामशिला इलाके में घटना को अंजाम दिया गया था। गोलीबारी में चालक बाल-बाल बच गया था। गोली ट्रैक्टर के साइलेंसर को पार करती हुई निकल गई थी। मुख्य आरोपी की गिरफ्तारी के बाद अन्य साथियों की खोज में पुलिस लगी हुई है। वहीं ट्रैक्टर मालिक अमित कुमार का कहना है कि हैदर ने बीते दिनों 50 हजार की रंगदारी मांगी थी। जब रंगदारी देने से मना किया तो गुरुवार की सुबह ट्रैक्टर चालक को टारगेट करते हुए गोली चला दी। मामले को लेकर कोतवाली थाना अध्यक्ष



आशीष मिश्रा का कहना है कि मुख्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही थी। फिलहाल आरोपी हैदर को गिरफ्तार कर उससे पूछताछ की जा रही है। वारदात को अंजाम देने में शामिल हैदर के अन्य साथियों की खोज की जा रही है। गौरतलब है कि रामशिला इलाके के पूर्वी छोर पर फल्गु नदी स्थित है। यहां पर बालू खनन का कारोबार बड़े स्तर पर होता है।

## क्रिकेट एसोसिएशन के खिलाड़ियों ने मतदाताओं को किया जागरूक




निज संवाददाता। नालंदा

मतदाताओं को जागरूक करने के लिए क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ नालंदा की ओर से रविवार को अभियान चलाया गया। इसमें एसोसिएशन के कोच और खिलाड़ियों ने पैदल मार्च करके लोगों को जागरूक किया। बिहार क्रिकेट संघ के अध्यक्ष राकेश कुमार तिवारी और क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ नालंदा के अध्यक्ष शैलेन्द्र कुमार ने कहा कि इससे वोटिंग को लेकर समाज में जागरूकता फैलेगी। अभियान बिहारशरीफ में एनसीए मैदान बड़ी दरगाह से शुरू होकर शहर के कटरापर, पुलपर, गढ़पर, कचहरी, जिलाधिकारी कार्यालय से होते हुए कागजी मोहल्ला, हॉस्पिटल मोड़, भरावपर, गगणनदिवान, लहेरी, पक्की तालाब के रास्ते वापस मैदान में आकर खत्म हुआ। अभियान में सय्यद मोहम्मद जावेद इक़बाल, गोपाल सिंह, विजय प्रकाश पुन्नू,मिडिया प्रभारी संतोष कुमार पाण्डेय, कोच हैदर अली, कोच सह सीनियर अम्पायर परवेज़ मुस्तफा, दीपक कुमार, विक्रम सोलंकी और जिले के सीनियर और जूनियर खिलाड़ी शामिल हुए। बता दे कि 31 मई तक नालंदा जिला के कई प्रखंडों में एसोसिएशन की ओर से तदाता जागरूकता अभियान चलाया जायेगा।

### मतदाताओं की सुविधा के लिए जारी हुआ हेल्पलाइन नंबर

## नालंदा लोकसभा क्षेत्र को 8 सुपर जोनल व 29 जोनल में बांटा गया, संवेदनशील बूथों पर विशेष चौकसी

निज संवाददाता। नालंदा

नालंदा जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिलाधिकारी शशांक शुभंकर और एसपी अशोक मिश्रा ने 29 नालंदा संसदीय निर्वाचन क्षेत्र अंतर्गत स्वच्छ, निष्पक्ष, पारदर्शी, शांतिपूर्ण एवं भयमुक्त वातावरण में चुनाव संपन्न कराने के उद्देश्य से विधि व्यवस्था संधारण हेतु सभी सुपर जोनल मजिस्ट्रेट,जोनल मजिस्ट्रेट एवं पुलिस पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए हैं।विदित हो कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा 29 नालंदा संसदीय निर्वाचन क्षेत्र अंतर्गत दिनांक 1 जून को सुबह 7:00 बजे से 6:00 बजे शाम तक मतदान निर्धारित है। जिलाधिकारी ने कहा है कि उक्त तिथि को स्वच्छ ,निष्पक्ष, स्वतंत्र एवं भयमुक्त



वातावरण में चुनाव संपन्न कराने के लिए सभी आवश्यक तैयारियां पूर्ण कर लें। उन्होंने कहा कि मतदाताओं की सुविधा हेतु हरदेव सभागार बिहारशरीफ में 24X7 जिला नियंत्रण कक्ष की स्थापना की गई है । जिलेभर में मतदान केंद्रों पर नजर बनाए रखने के लिए आठ सुपर जोनल एवं 29 जोनल बनाए गए हैं। उन्होंने निर्देश देते हुए कहा है कि सभी सुपर जोनल मजिस्ट्रेट, जोनल मजिस्ट्रेट, पुलिस पदाधिकारी अपने क्षेत्र में लगातार भ्रमणशील रहकर अपने कर्तव्यों एवं दायित्वों का ससमय निर्वहन सुनिश्चित करेंगे। पुलिस अधीक्षक ने निर्देश देते हुए कहा कि किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना की सूचना अविलंब रूप से अवगत कराएं, क्रिटिकल बूथों पर विशेष चौकसी बरते ,सायरन बजाकर लगातार अपने क्षेत्र में भ्रमणशील रहे। उन्होंने कहा कि मतदान केंद्रों एवं इवीएम की सुरक्षा हर हाल में सुनिश्चित की जाए।

### बिजली की आंख मिचोली से उपभोक्ताओं की बढ़ी परेशानी

# बिजली बंद होने पर कंट्रोल रूम से लेकर पदाधिकारी तक रखते मोबाइल बंद

निज संवाददाता



**रजौली (नवादा)।** नगर पंचायत मुख्यालय समेत ग्रामीण क्षेत्रों के लोग मई माह में पड़ने वाली भीषण गर्मी में रतजगा कर रहे हैं। बिजली विभाग के मनमानी से हरेक घर बिजली व पानी सिर्फ कागजों पर दिखाई देता है। इसके जिम्मेदार कान में तेल डालकर चैन की नींद लेने में लगे हुए हैं। विद्युत लाभार्थी ग्रामीणों ने बताया कि बीते कई दिनो से अघोषित विद्युत कटौती आम जन जीवन को त्रस्त कर रखा है। वे लोग अघोषित विद्युत कटौती से रात भर चैन की नींद लेना तो दूर है, रतजगा कर रात बिताने में लगे हुए हैं।जिसके कारण उनके व्यवसाय से लेकर घरेलू कार्यों पर असर पड़ रहा है। सबसे ज्यादा परेशानी सरकारी शिक्षकों को रही है। शिक्षक राजीव कुमार, राकेश सिंह, अजीत सिंह, अनिल कुमार सिंह, मुकेश कुमार, रंजीत कुमार आदि ने कहा कि शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार इस भयावह गर्मी में अहले सुबह स्कूल पहुंचने की होड़ रहती है। उपर से बिजली विभाग की लापरवाही से वे लोग रातभर जागकर सुबह स्कूल पहूंच रहे हैं। शिक्षक लोग कहते हैं कि बार बार बिजली कटने से नींद बगैर पूरा किए हीं स्कूल पहूंच रहे हैं। ताकि कहीं कोई अधिकारी जांच पड़ताल करने पहुंचे और उन्हे अनुपस्थित देख कार्रवाई न कर दें। नौकरी बचाने की होड़ में नींद पूरी बगैर ड्यूटी बजा रहे हैं। जिससे उन्हें मानसिक व शारीरिक रूप से पीड़ा झेलनी पड़ रही है। वे क्लास में हीं नींद की झपकी लेते हैं तो फोटो खींच कर वायरल होने का डर हमेशा सताता रहता है। ग्रामीण सुमन खत्री, पवन सिंह, राहुल कुमार, संजय जी एडवोकेट, महफूज आलम, बंटी सिंह, कुंदन कुमार, राहुल कुमार आदि लोगों ने कहा कि गर्मी के मौसम में लोग वैसे हीं तड़पते नजर आ रहे हैं। उपर से विद्युत उत्पादन क्षमता बढ़ाने के बजाए लाभुकों के विद्युत खर्च की कटौती कर यहां के अधिकारी शुभ लाभ के चक्कर में डिजनीलैंड को निर्बाध विद्युत बेच रहे हैं।शाम के चार बजे के बाद डिजनीलैंड मेले में विद्युत की आपूर्ति खपत कई गुणा बढ़ जाती है। जिसके कारण जहां तहां लो वोल्टेज समस्या के अलावे बिजली के पॉल पर फ्यूज कट जा रहे हैं। वैसे हीं गर्मी के मौसम में घरेलू उपकरणों के कारण लोडशेडिंग बड़ा रहता है। उपर से विद्युत कार्यपालक अभियंता के कार्यालय समीप स्थित ट्रांसफॉर्मर से निर्बाध बिजली डिजनीलैंड को बेच दी जा रही है। मेले में दर्जनों हाइलोजन, बल्व से लेकर मशीनरी चलाई जा रही है। जिसके कारण बिजली में जगह-जगह खराबी उत्पन्न हो जा रही है और बिजली काट दी जा रही है। ग्रामीणों के जवाब ना देना पड़े इसके लिए पदाधिकारी बिजली काटकर अपने मोबाइल फोन को बंद कर दे रहे हैं। बिजली ऑफिस के कर्मी समेत जेई व अन्य पदाधिकारी की मोबाइल बंद होने पर लोग शिकायत नहीं कर पा रहे हैं। सिर्फ इतना हीं नहीं रात्रि प्रहरी रहने के बावजूद पूरी रात में बिजली विभाग के दोनों गेटों को ताला बंद कर रखा जाता है।जिसके कारण किसी भी अप्रिय घटना की सूचना पदाधिकारी को नहीं मिल पाती है। बिजली विभाग की कर्मियों का यह कार्यशैली कई सवाल खड़े करते हैं, आखिर सरकार के महत्वाकांक्षी योजना हर घर बिजली साकार होगी या उनकी कार्यशैली की भेंट चढ़ेगा। विद्युत विभाग के कार्यपालक अभियंता यासिर हयात ने बताया कि डिज्नीलैंड मेले में मात्र पांच केवी बिजली दी गई है। इसके कारण लोडशेडिंग नहीं हो सकती है। डिज्नीलैंड मेले में बिजली खपत की क्षमता देखने के बाद ही देने को लेकर निर्देशित किया गया है। शनिवार की शाम चार बजे से लेकर आठ बजे रात्रि तक विद्युत उप केंद्र में कार्य हो रहा था। जिसके कारण बिजली आपूर्ति बाधित थी।इसके अलावा पूरी रात लोडशेडिंग के कारण बिजली बाधित रही थी।जिसके कारण बिजली मिस्त्री रात भर भाग भाग कर कार्य करते रहे हैं। वहीं रात्रि प्रहरी रहने के बावजूद दोनों गेट को ताला बंद कर रखने के बारे में उन्होंने बताया कि चोरी की घटना बढ़ गई है। जिसके कारण रात में ताला लगा दिया जाता है।लेकिन लोग अपनी शिकायत को लेकर कंट्रोल रूम में फोन कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि विद्युत उप केंद्र के कंट्रोल रूम के नंबर 7369001361 है। इस पर जरूरत पड़ने पर लोग बात कर अपनी समस्याओं को रख सकते हैं।

## नाती एवं नाना का मोटरसाईकिल दुर्घटना में मौत



निज संवाददाता

**नवादा।** जिले में पथ दुर्घटना में नाना- नाती की घटनास्थल पर मौत हो गयी बिहारशरीफ से नाना का आंख का इलाज कराकर मोटरसाईकिल से लौट रहे नाना- नाती को अज्ञात वाहन ने रौंदते हुए निकल गया। तत्काल दोनों की मौत घटनास्थल पर हो गयी.दोनों शवों को पुलिस ने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम क्े लिए सदर अस्पताल भेज दिया। दुर्घटना क्े बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। दुर्घटना नवादा -रजौली पथ पर नेमदारगंज थाना क्षेत्र के विजय पट्रोलपंप मस्तानगंज क्े पास हुआ। रिश्ते में रहे नाना -नाती की मौत हो गयी। मौत उस वक्त हुई जब नाती नीतिश कुमार उम्र 25 वर्ष अपने नाना सुरेन्द्र प्रसाद उम्र 45 वर्ष क्ो आंख का इलाज कराकर मोटरसाईकिल से लौट रहे थे। बताया गया है कि युवक नाती नीतिश कुमार रजौली थाना क्षेत्र क्े कसियाडी मुरहेना ग्राम निवासी थे, वहीं नाना सुरेन्द्र प्रसाद पिता स्व .सुखदेव माहतो फरहा गांव के रहने वाले थे। दोनों मोटरसाईकिल से फरहा ग्राम लौट रहे थे, तभी अज्ञात वाहन दोनों क्ो रौंदते हुए निकल गया। घटनास्थल पर मौजूद स्थानीय लोगों ने पुलिस क्ो सूचना दी तब दोनों क्ो सदर अस्पताल लाया गया। चिकित्सकों ने दोनों क्ो देखते हीं मृत घोषित कर दिया। मृतक क्े परिजन सदर अस्पताल पहुंच गए हैं, जहां रो-रोकर बुरा हाल है। बहरहाल पुलिस दोनों शवों क्ो कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम क्े लिए भेजा है, वहीं दुर्घटनाग्रस्त मोटरसाईकिल क्ो जप्त कर लिया है। पुलिस दुर्घटना क्े बाद अग्रेतर कार्रवाई में जुट गयी है।

## ओलावृष्टि से पान की खेती में हुए नुकसान

निज संवाददाता



**नारदीगंज (नवादा)।** प्रखंड में बीते 21 मई को आंधी पानी के साथ ओलावृष्टि से पान की खेती क्षतिग्रस्त हो गए थे। इसके तीन चार दिन पूर्व भी आंधी पानी से पान की खेती प्रभावित हुए थे। यह हालत हंडिया व पचेया गांव में हुई थी। इस घटना में पान का बरेजा और पान की बेली क्षतिग्रस्त हो गया है। अधिकांश बरेजा ध्वस्त हो गये थे। सभी बरेजा पुराने थे। इस ओलावृष्टि से किसानों को हजारों रुपये क्षति होने का अनुमान लगाया गया है। सूचना की जानकारी प्राप्त होने पर प्रखंड उद्यान पदाधिकारी विकास वैभव ने हंडिया व पचेया गांव पहुंचे, और प्रभावित किसानों से रूबरू होकर स्थलीय निरीक्षण किया। स्थलीय निरीक्षण के उपरांत उन्होंने बताया ओलावृष्टि से हंडिया व पचेया गांव के किसानों को काफी नुकसान पहुंचा है, जिससे किसानों की आर्थिक रीढ़ टूट गई है। निरीक्षण के दौरान पाया गया है कि इन दोनों गांव में 36 सौ वर्गमीटर पान की खेती प्रभावित हुए हैं, खेती के लिए नागबेली लगाया जाता है, वह बर्बाद हो गया है,बरेजा भी क्षतिग्रस्त है। इस प्राकृतिक आपदा में हंडिया गांव के तकरीबन 125 पान कृषक को नुकसान पहुंचा है। क्षतिग्रस्त पान की खेती का आंकलन किया गया है। क्षतिपूर्ति के लिए सहयोग राशि आपदा प्रबंधन विभाग से दिया जायेगा। कहा गया क्षतिग्रस्त पान की खेती का आंकलन कर जिला उद्यान कार्यालय, नवादा को समर्पित किया गया है। इधर, पान कृषक कहते हैं कि इस घटना में हंडिया गांव के कृषक जंग बहादुर महतो, नरेश चौरसिया, सुनील चौरसिया, गुड्डू कुमार, अनिल महतो, रामानन्द चौरसिया, दिनेश चौरसिया, अनिल चौरसिया, नन्देलाल चौरसिया, नरेन्द्र चौरसिया, ब्रजेश चौरसिया, रामदास चौरसिया, विकास चौरसिया समेत अन्य किसान वही पचेया गांव के चंदन चौरसिया, राजकुमार चौरसिया, उमेश चौरसिया, सुरेंद्र चौरसिया, शशि चौरसिया समेत अन्य किसान ओला वृष्टि से प्रभावित हुए थे।

## भीषण गर्मी के कारण जनजीवन

**नरहट (नवादा) (नि.सं.)।** प्रखण्ड क्षेत्रों में भीषण गर्मी पड़ रही है। सूर्य देवता आसमान से आग बरसा रहे हैं। भीषण गर्मी के कारण जनजीवन को काफी परेशान हो रही है। रविवार शाम से कोलकत्ता बंगाल की खाड़ी में रेमल तूफान के चलते मौसम में बदलाव की उमीद जगी है। रेमल तूफान के चलते बिहार में बारिश होने की संभावना जताई जा रही है। मौसम विज्ञान विभाग के अनुसार बिहार में भी इसका असर देखने को मिलेगा जिसके चलते लोगों को गर्मी से राहत मिलने की उमीद है। फिलहाल गर्मी के कारण लोगों को जीना मुहाल कर रखा है। इधर बिजली की आखं मिचौनी ने भी लोगों को परेशान कर रखा है। बीच बीच में घण्टों बिजली गायब होने जाने के कारण लोगों को भीषण गर्मी में परेशानी हो रही है। जिसके चलते बिजली उपभोक्ताओं में नाराजगी है। कड़ी धूप में निकलने के बाद लोगों का बदन जलने लगता है। गर्मी और लू के कारण बाजारों में लोगों की भीड़ कम देखी जा रही है।

## जीआरपी ने किया टोटो चालक के साथ मारपीट यूनियन ने विरोध में किया हड़ताल

निज संवाददाता



**नवादा।** ई-रिक्शा चालक क्े साथ जीआरपी पुलिस ने मारपीट कर दिया, जिसके बाद ई रिक्शा चालक यूनियन ने जमकर विरोध किया। ई रिक्शा चालकों क्े विरोध देख जीआरपी भाग खड़े हुए। घटना जिले क्े हिसुआ स्थित तिलैया जंक्शन की हैं, जहां जीआरपी पुलिस ने मारपीट किया है। ई-रिक्शा चालक मो. साबिर एवं पंकज सिंह ने बताया कि जीआर पी वाले हम ई-रिक्शा वालों के साथ कई बार मारपीट किया है। उन्होंने बताया कि जंक्शन परिसर में पार्किंग क्ो लेकर हमेशा हमलोग के साथ मारपीट और दुर्व्यवहार होते रहता है। चालकों ने जीआर पी वाले के उपर आरोप लगाया है कि वे पार्किंग वाले के साथ मिलकर अवैध रूप से रंगदारी दिखाकर चुंगी वसूलता है। नहीं देने पर मारपीट व गाली-गलौज किया जाता है। मारपीट क्े बाद ई रिक्शा चालकों क्े विरोध क्े बाद सभी जीआरपी पुलिस मौके से फरार हो गए। जीआरपी द्वारा मारपीट क्े घटना क्े बाद ई -रिक्शा यूनियन वाले उग्र हो गए और जमकर विरोध प्रदर्शन किया। चालकों का मांग है, कि जब तक हम लोग को इंसाफ नहीं मिलेगा, तब तक तिलैया रेलवे जंक्शन पर ई -रिक्शा नहीं लगाएंगे । यूनियन क्े विरोध क्े बाद सभी ई -रिक्शा चालक जंक्शन क्े बाहर से अपनी गाड़ी हटा लिया है। तिलैया जंक्शन पर ई रिक्शा नहीं रहने के कारण यात्रियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इस संबंध में जीआरपी पुलिस की बाईट लेना चाहे तो सभी गायब हो गए, एक भी जीआरपी जंक्शन में नहीं है। वहीं जंक्शन परिसर ऑफिस से जानकारी लेने का प्रयास किया तो बोला गया प्रभारी छुट्टी पर है। बहरहाल ई रिक्शा यूनियन द्वारा हड़ताल कर अपनी मांग पर डटे हैं।

## 14 शराब पीने वाले भी चढ़े उत्पाद विभाग के हत्थे

**रजौली (नवादा) (नि.सं.)।** थाना क्षेत्र के चितरकोली पंचायत स्थित बिहार-झारखण्ड के सीमावर्ती समेकित जांच चौकी पर उत्पाद एएसआई अंकित कुमार ने झारखण्ड से बिहार आने वाली बस में सफर कर रहे एक युवक के पास रहे एक बोतल शराब एवं एक केन बियर को बरामद किया। साथ ही युवक को गिरफ्तार किया गया। उत्पाद एसआई पिन्टू कुमार ने कहा कि बिहार मद्दनिषेध को लेकर उत्पाद अधीक्षक नवादा के निर्देशानुसार उत्पाद बलों के सहयोग से प्रतिदिन वाहन जांच किया जाता है।साथ ही आसपास के क्षेत्रों में गश्त कर शराब निर्माण, परिवहन, सेवन, बिक्री एवं भंडारण के विरुद्ध लगातार छापेमारी की जा रही है। बीते रात्रि शनिवार को झारखण्ड से बिहार जाने वाली बस की जांच के दौरान एक युवक के पास से 375 एमएल इम्पेरियल ब्लू नामक एक बोतल विदेशी शराब एवं बुड वाइजर नामक 500 एमएल के एक पीस केन बियर बरामद किया गया।।गिरफ्तार युवक की पहचान पश्चिम बंगाल के हावड़ा जिले के शिवपुल थाना क्षेत्र निवासी अजय सिंह के पुत्र अमित सिंह के रूप में हुई है। जब्त शराब व बियर एवं गिरफ्तार युवक के विरुद्ध बिहार मद्दनिषेध के सुसंगत धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है। वहीं विभिन्न वाहनों से शराब पीकर सफर करने वाले 14 लोगों को हिरासत में लिया गया।न्यायालय में शराब पीने वाले लोगों से जुर्माना वसूलने के बाद छोड़ दिया गया।

## पीएचसी में तीन रक्तवीरों ने किया रक्तदान

निज संवाददाता



**कौआकोल (नवादा)।** प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कौआकोल में क्षत्रपति शिवाजी सेवा संस्थान के सौजन्य से रविवार को रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। संस्था के अध्यक्ष कैलाश विश्वकर्मा एवं जिला सचिव जितेंद्र प्रताप जीतू की मौजूदगी में आयोजित रक्तदान शिविर में प्रखण्ड के तीन युवकों ने अपना अपना रक्तदान किया। इस अवसर पर मौजूद समाजसेवी जितेंद्र प्रताप जीतू ने रक्तवीरों का हौंसला बढाते हुए कहा कि रक्तदान से बढ़कर कोई दूसरा दान नहीं है और इससे बढ़कर कोई और दूसरा पुण्य और समाजसेवा का कार्य भी नहीं है। रक्त की एक बूंद किसी दूसरे मरीज के लिए जीवनदायिनी साबित हो सकती है। इसलिए मनुष्य को दूसरे की जिंदगी बचाने के लिए रक्तदान अवश्य करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि जिला में वे रक्तदान के लिए लगातार लोगों को प्रेरित करते हैं। एवं उनकी संस्था एवं कार्यकर्ता विषम परिस्थिति में हमेशा जरूरतमंद मरीजों को रक्त दान करती रही है। मौके पर रक्तवीर एकलव्य बर्णवाल, दीपक कुमार, दीपेंद्र कुमार, बजरंग दल के प्रखण्ड संयोजक संजय कुमार यादव, मनोहर भाई ठाकरे, राकेश बर्णवाल, सोनु कुमार पासवान आदि मौजूद रहे।

## नदी में चुंआ खोद बुझा रहे प्यास

**नवादा (नि.सं.)।** रोहिणी नक्षत्र का प्रवेश हो चुका है। भूगर्भीय जलस्तर में गिरावट का दौर जारी है और ऐसे में जंगल पहाड़ में निवास करने वालों के लिए पेयजल एक समस्या है। जिले के उग्रवाद प्रभावित रजौली प्रखंड क्षेत्र के सवैयाटांड़ पंचायत की टोपा पहाड़ी, फगुनी व टिटहियां गांव में गर्मी के मौसम में पानी का संकट गहराता जा रहा है। गांव से कुछ दूर पर पहाड़ी नदी है। वर्षा होने से नदी में पानी का बहाव होता है, वरना वो भी सूखा ही रहता है। उसी नदी में चुआं खोद ग्रामीण पानी का इंतजाम करते हैं। ग्रामीण बताते हैं कि नदी में चुआं खोद कर छोड़ दिया जाता है। रात भर रिसाव के कारण चुआं पानी से भर जाता है। फिर ग्रामीण उसी पानी का इस्तेमाल करते हैं। बरसात को छोड़ कर सालों भर यही हाल है।

सुबह होते ही पानी की चिंता शुरूः- इन गांवों में पानी की परेशानी रोजमर्रा की बात है। सुबह होते ही गांव की महिलाएं व पुरूष बर्तन-गैलन लेकर नदी की ओर दौड़ पड़ते हैं। कटोरी-प्लेट के जरिए चुआं से पानी निकालते हैं और तसला, बाल्टी आदि में पानी भरते हैं। ग्रामीणों की कोशिश होती है कि सभी लोगों को पर्याप्त मात्रा में पानी मिल जाए, जिससे दिन भर का काम चल जाए। हालांकि जरूरत पड़ने पर दिन में भी चुआं के पास दौड़ लगानी पड़ती हैं। ग्रामीण बताते हैं, 'गर्मी का मौसम आफत बनकर आता है।

## लू, हीट स्ट्रोक व डायरिया के मरीजों की संख्या में लगातार हो रही वृद्धि

**नवादा।** जेठ माह की तपती दुपहरी एवं रोहिणी नक्षत्र के प्रवेश होते ही भीषण गर्मी के बीच लोगों की तबीयत खराब हो रही है। जिले के विभिन्न प्रखंडो से आ रहें खबरों के अनुसार सदर अस्पताल के ओपीडी में रोज एक हजार से अधिक मरीज पहुंच रहे हैं। पहुंचने वालों में डायरिया, लू, हीट स्ट्रोक के अलावा अन्य मरीज शामिल हैं। मौसम की मार के आगे सरकारी स्वास्थ्य इंतजाम नाकाफी साबित हो रही है। सदर अस्पताल में मरीजों की औसत से अधिक संख्या बढ़ने से इलाज के लिए लोगों को घंटो कतार में खड़ा रहना पड़ रहा है। चिकित्सकीय सलाह के अलावा कुछ प्रमुख दवा बाजार से खरीदनी पड़ रही है। डायरिया व बुखार की शिकायत बच्चों में अधिक हो रही है। सदर अस्पताल के ओपीडी में इन दिनों डायरिया व बुखार आदि से पीड़ित लगभग प्रतिदिन तीन सौ से अधिक मरीजों का इलाज किया जा रहा है। शिशु रोग विशेषज्ञ ने बताया कि सबसे अधिक डायरिया व बुखार की शिकायत छोटे बच्चों में अधिक मिल रही है। उन्होंने बताया कि इसके साथ-साथ छोटे बच्चों में जौंडिस बीमारी भी मिल रही है। गर्मी के मौसम में बच्चों में पानी की कमी, हीटस्ट्रोक, डायरिया जैसी समस्याएं आम हो जाती हैं। ऐसे में छोटे बच्चों की अच्छी तरह देखभाल करना करना चाहिए। प्रत्येक दिन लगभग एक हजार से अधिक मरीज इलाज के लिए आ रहे है। ज्येष्ठ महीने में भीषण गर्मी के बीच पारा 42 के ऊपर पहुंचने के साथ-साथ सदर अस्पताल में मरीजों की संख्या में वृद्धि हुई है। सामान्य दिनों में जेनरल ओपीडी में मरीजों की संख्या 700 के आसपास रहती थी। अब यह संख्या 950 से अधिक हो गयी है। सदर अस्पताल में गर्मी एवं लू से बीमार मरीजों के इलाज लिए आवश्यक दवाएं व स्वास्थ्यकर्मी उपलब्ध हैं।

मरीजों की संख्या बढ़ने पर लू वार्ड में कम पड़ सकता है बेडः- अपर मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत के आदेश के बाद सदर अस्पताल में लू वार्ड बनाया गया है। इस व्यवस्था को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों, रेफरल अस्पतालों, अनुमंडलीय व सदर अस्पताल में बनानी है। गर्मी एवं लू से बीमार व्यक्तियों के लिए आइसोलेशन वार्ड नहीं बनाया गया है। इसके चलते गर्मी और बढ़ने पर इलाज को लेकर मरीजों को और परेशानी उठानी पड़ेगी। प्रत्यय अमृत ने राज्य में गर्मी व लू को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग को अलर्ट करते हुए कई निर्देश दिये हैं। सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, रेफरल अस्पताल, सदर अस्पताल, अनुमंडलीय अस्पतालों में लू से प्रभावितों के इलाज के लिए विशेष व्यवस्था करने का निर्देश दिया है।

अस्पतालों में आइसोलेसन वार्ड की व्यवस्थाः- विभागीय अधिकारियों ने कहा कि सभी स्वास्थ्य केंद्रों व अस्पतालों में पर्याप्त मात्रा में ओआरएस पैकेट, आइभी फ्लूड व जीवन रक्षक दवा इत्यादि की व्यवस्था की गयी है। अत्यधिक गर्मी से पीड़ित व्यक्तियों के इलाज के आवश्यकतानुसार अस्पतालों में आइसोलेसन वार्ड की व्यवस्था बनायी गयी है। लू से पीड़ित बच्चों, बूढ़ों गर्भवती महिलाओं तथा गंभीर रूप से बीमार व्यक्तियों का विशेष ध्यान रखने के लिए लू वार्ड बनाया गया है। आवश्यकतानुसार प्रभावित जगहों के लिए स्टैटिक व चलंत चिकित्सा दल की भी व्यवस्था की गयी है।

कहते हैं अधिकारीः- सदर अस्पताल में 13 बेडों का लू वार्ड बनाया गया है। प्रत्येक पीएचसी में भी पांच बेडों का लू वार्ड बनाया गया है। डॉक्टर और एंबुलेंस अलर्ट मोड पर हैं। अस्पतालों में दवा की समुचित व्यवस्था की गयी है।


फॉर्मेट सी-1

**आपराधिक मामलों के बारे में घोषणा** **(सामाचार पत्र, टीवी में प्रकाशन हेतु अभ्यर्थियों के लिए)**

(वर्ष 2011 की रिट याचिका (सिविल) सं. 536 में माननीय उच्चतम न्यायालय के दिनांक 25 सितंबर, 2018 के निर्णय के अनुसार) (पब्लिक इंट्रेस्ट फाउंडेशन और अन्य बनाम भारत संघ और अन्य बनाम भारत संघ और अन्य)

**प्रत्याशी का नाम एवं पता** : पवन सिंह, पिता- स्व. रामाशंकर सिंह, 90, ग्राम- जोकहरी, पोस्ट- महुलीघाट, थाना- कृष्णगढ़, जिला- आरा (भोजपुर)

**राजनीतिक दल का नाम** : निर्दलीय

**निर्वाचन का नाम** : लोक सभा चुनाव 2024

**निर्वाचन क्षेत्र का नाम** : 35- काराकाट संसदीय निर्वाचन क्षेत्र, बिहार

मैं पवन सिंह, जो उपरोक्त निर्वाचन में अभ्यर्थी हूँ, घोषणा करता हूँ कि मेरे विरूद्ध निम्नवर्णित आपराधिक मामले दर्ज है।

(अ) लंबित आपराधिक मामलेः-

| क्रम सं. | न्यायालय का नाम | अपराध संख्या एवं दिनांक | मामले की स्थिति | संबन्धित धाराएं एवं संक्षिप्त विवरण |
|---|---|---|---|---|
| 1. | ए.सी.जे.एम. डेहरी | 110/2024 | लंबित | 188 भा.द.वि. एवं 127 आर.पी. एक्ट, आचार संहिता का उलंघन |
| 2. | ए.सी.जे.एम. विक्रमगंज | 237/2024 | लंबित | 188 भा.द.वि. एवं 127 आर.पी. एक्ट, आचार संहिता का उलंघन |
| 3. | ए.सी.जे.एम. विक्रमगंज | 216/2024 | लंबित | 143, 188, 171 एफ भा.द.वि. एवं 127 आर.पी. एक्ट, आचार संहिता का उलंघन |
| 4. | ए.सी.जे.एम. विक्रमगंज | 70/2024 | लंबित | 188 भा.द.वि. एवं 127 आर.पी. एक्ट, आचार संहिता का उलंघन |
| 5. | ए.सी.जे.एम. विक्रमगंज | 56/2024 | लंबित | 188 भा.द.वि. एवं 127 आर.पी. एक्ट, आचार संहिता का उलंघन |
| 6. | परिवार न्यायालय बलिया | 330सी/2022 | लंबित | 125 सी.आर.पी.सी., भरण पोषण |
| 7. | ए.डी.जे., सिटी सिविल कोर्ट, मुंबई | 630/2019 | उपस्थिति हेतु | 376(2)(एन), 341, 323, 506, 509, 312, 315 भा.द.वि. एवं 66ए, 66ई, 67 आई.टी. एक्ट यौन शोषण, सोशल मीडिया एवं अन्य |

**निर्दलीय प्रत्यशी पवन सिंह द्वारा प्रकाशित।**

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें : www.sonvarshavani.com ई-पेपर sonvarshavani.com/epaper


हर दिन अपने गांव से पुत्र को लेकर अपने डेरा कोचस में आना-जाना करते थे उसी के दौरान यह घटना घटी

# अनियंत्रित वाहन के टक्कर से चार वर्षीय बच्चे की मौत, पिता घायल



निज संवाददाता

**कोचस (रोहतास)।** रोहतास के कोचस थाना क्षेत्र में अनियंत्रित वाहन के टक्कर से 4 वर्षीय मासूम की मौत हो गई, जबकि पिता गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। मृतक की पहचान रूपी गांव निवासी मनीष पटेल के पुत्र गौतम कुमार (4)के रूप में हुई है। घटना में मनीष पटेल भी गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। जानकारी के अनुसार मनीष पटेल बाइक से पुत्र के साथ कोचस से गांव लौट रहे थे। इस क्रम में जैसे ही राष्ट्रीय राजमार्ग 319 पर पथला पुल के निकट पहुंचे अज्ञात वाहन ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दिया। सूचना के बाद पहुंचे 112 के पुलिसकर्मियों ने घायल पिता-पुत्र को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया। जहां डॉक्टर तुषार कुमार ने मासूम को मृत घोषित कर दिया। जबकि बुरी तरह से जख्मी मनीष पटेल को उपचार के बाद बनारस ट्रामा सेंटर रेफर किया। परिजनों से मिल रही जानकारी के अनुसार मनीष पटेल चिताव पुल पर अपना लेथ का काम करते हैं और हर दिन अपने गांव से पुत्र को लेकर अपने डेरा कोचस में आना-जाना करते थे उसी के दौरान यह घटना घटी है। हालांकि पुलिस के द्वारा शव को पोस्टमार्टम करने की आग्रह परिजनों से की गई लेकिन वे लोग शव को पुलिस को पोस्टमार्टम के लिए देने पर राजी नहीं हुए। कोचस थानाध्यक्ष रंजीत कुमार सिंहा ने बताया कि सड़क दुर्घटना में एक बच्चे की मौत हो गई है, पिता गंभीर रूप से घायल है। अज्ञात वाहन की तलाश की जा रही है।

## ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत

निज संवाददाता



**भभुआ (कैमूर)।** कैमूर के भभुआ रोड रेलवे स्टेशन से महज कुछ दूरी पर रेलवे ट्रैक पर एक व्यक्ति की डेड बॉडी देखकर ग्रामीणों ने भभुआ रोड जीआरपी को सूचना दी। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची भभुआ रोड जीआरपी ने पैंट के पॉकेट में रखे कागजात के आधार पर उसकी पहचान करते हुए परिजनों ने सूचना दी। पता चला कि वह अपने घर से भभुआ रोड रेलवे स्टेशन आया था। ट्रेन पकड़ कर गुवाहाटी जाना था। जाने के लिए ट्रेन पकड़ कर भभुआ रोड रेलवे स्टेशन से निकला था। पता नहीं कैसे यह ट्रेन से गिर गया और उसकी मौत हो गई। भभुआ रोड जीआरपी द्वारा कागजी कार्रवाई पूरा करने के बाद शव को पोस्टमार्टम करने के लिए सदर अस्पताल भभुआ लेकर चले गए। मृतक भभुआ थाना क्षेत्र के कोसडिहरा गांव के ददन सिंह का 35 वर्षीय पुत्र रजनीकांत सिंह बताया जा रहा है। छोटा भाई शशिकांत सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि मेरे बड़े भाई आज भभुआ थाना क्षेत्र के कोसडिहरा गांव से वहां से भभुआ रोड रेलवे स्टेशन गए थे। वहां से ट्रेन पकड़कर उनको गुवाहाटी जाना था। ट्रेन पकड़कर वह गुवाहाटी के लिए चले गये और हम लोग अपने घर के लिए चले आए। भभुआ रोड स्टेशन से जानकारी मिला कि उनकी डेड बॉडी रेलवे ट्रैक पर पड़ी है। जब हम लोग भभुआ रोड रेलवे स्टेशन पहुंचे तो जानकारी मिला की ट्रेन से गिरकर वह दूसरे रेलवे ट्रैक पर चले गए थे। जहां उधर से आ रही ट्रेन ने उनको टक्कर मार दिया जिससे उनकी घटना स्थल पर ही मौत हो गई। इसके बाद शव को लेकर हम लोग पोस्टमार्टम करने के लिए सदर अस्पताल भभुआ आए हैं।

# तेजस्वी यादव ने राजाराम सिंह की जीत सुनिश्चित करने हेतु लोगों से की अपील

निज संवाददाता



**सासाराम (रोहतास)।** काराकाट के संसदीय क्षेत्र के बिक्रमगंज के इंटर स्तरीय कॉलेज मैदान में रविवार को बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री सह इंडिया गठबंधन के स्टार प्रचारक तेजस्वी यादव ने हुंकार भरी। खुद के अस्वस्थ होने का हवाला देते हुए कहा कि धमकियों से बिहार नहीं डरता। डटकर मुकाबला करना हम बिहारी जानते हैं। काराकाट लोक सभा क्षेत्र से महागठबंधन के माले प्रत्याशी राजाराम सिंह के पक्ष में वोट मांगते हुए उन्होंने कहा कि यह बिहार के अस्मिता की लड़ाई है। प्रधानमंत्री मोदी ने बिहार के साथ हमेशा ही सौतेला व्यवहार किया है। बिहार के हित में जब-जब मुख्यमंत्री नीतीश कुमार राष्ट्रीय जनता दल के साथ हुए हैं, तब तब भारतीय जनता पार्टी ने उन्हें भ्रमित करने का काम किया है। रोजगार, स्वास्थ्य,सड़क, कृषि एवं हवाई अड्डे जैसे महत्वपूर्ण मुद्दे पर बिहार को एनडीए की सरकार ने भेदभाव किया है। महागठबंधन सरकार के 17 माह के कार्यकाल में बिहार के युवाओं के लिए विभिन्न विभागों में सृजित किए गए रोजगार,अस्पतालों की सुदृढ़ व्यवस्था एवं शिक्षा के क्षेत्र में किए गए कामों को याद दिलाया। महागठबंधन को मजबूत करने का आह्वान करते हुए काराकाट लोक सभा क्षेत्र में माले प्रत्याशी राजाराम सिंह की जीत सुनिश्चित करने के लिए लोगों से अपील की। वीआईपी पार्टी सुप्रीमो मुकेश साहनी ने अपने संबोधन से युवाओं में जोश भरते हुए बाबा भीमराव आंबेडकर की संविधान और उसके अंतर्गत पिछड़ों के लिए दी गई व्यवस्था पर एनडीए सरकार द्वारा किए जा रहे प्रहार के बिंदुवार बताया। इसके अलावा महागठबंधन के कई स्थानीय नेताओं सहित जिला एवं प्रदेश स्तर के नेताओं ने सभा को संबोधित करते हुए माले प्रत्याशी के पक्ष में मतदान करने का अपील की।

## मैथिली ठाकुर ने गीत-संगीत के माध्यम से वोटरों को किया जागरूक

**भभुआ (कैमूर) (नि.सं.)।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा प्राधिकृत बिहार आईकान मैथिली ठाकुर ने स्वीप कार्यक्रम के तहत रविवार की देर शाम गीत-संगीत के माध्यम से मतदाताओं को वोट देने की अपील की। जिला प्रशासन द्वारा शहर के लिच्छवी भवन में सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यकम के दौरान मैथिली ठाकुर ने मतदाता जागरूकता से संबंधित एक से बढ़कर एक लोकगीत व ठुमरी गाकर सासाराम संसदीय क्षेत्र के मतदाओं से चुनावी महापर्व में बढ़-चढ़कर भाग लेकर हर हाल में अपने मताधिकार का प्रयोग करने की अपील की। उन्होंने 'जहां डाल-डाल पर सोने की..., 'पनिया के जहाज से पलटनिया..., 'आओ हम मतदान करें..., 'मेरा पहला वोट देश के लिए... जैसे गीत पेश कर आमजनों को वोट के महत्व के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम का उद्घाटन जिला निर्वाचन पदाधिकारी सावन कुमार ने किया। डीएम ने भी कार्यक्रम के दौरान आम मतदाताओं को एक जून को मतदान केंद्र पर पहुंचकर अपने मताधिकार का प्रयोग करने की अपील की।

# रोहतास में जिला जज ने मंडल कारा, सासाराम और उप कारा बिक्रमगंज का किया निरीक्षण

निज संवाददाता



सासाराम (रोहतास)। रोहतास में जिला एवं सत्र न्यायाधीश-सह-अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, रोहतास अनुज कुमार जैन द्वारा नालसा के निर्देशानुसार मंडल कारा, सासाराम और उप कारा बिक्रमगंज का निरीक्षण किया गया। इसके साथ ही माननीय न्यायाधीश द्वारा डिहरी अनुमण्डल न्यायालय और बिक्रमगंज अनुमण्डल न्यायालय का भी निरीक्षण किया गया। न्यायाधीशों के साथ बैठक की गई। जेल में निरीक्षण के दौरान उन्होंने वाश-रुम की साफ-सफाई, किचेन और जेल अस्पताल, कैदी वार्ड, महिला वार्ड आदि की साफ-सफाई का सूक्ष्म निरीक्षण किया। उनके द्वारा लीगल एंड क्लिनिक का भी निरीक्षण किया गया। कैदियों से उनकी समस्याओं की पूछताछ की गई। इस संबंध में माननीय न्यायाधीश द्वारा जेल अधीक्षक, सासाराम को कई निर्देश भी दिए गए। जेल में महिला वार्ड में जाकर उन्होंने महिलाओं और बच्चों का हाल-चाल लिया। सुनिश्चित किया कि बच्चों को उचित आहार और शिक्षा की व्यवर्था की जा रही है। माननीय न्यायाधीश द्वारा जेल विजिटिंग लायर्स को भी कई निर्देश दिए। इस अवसर पर माननीय न्यायाधीश के साथ जिला विधिक सेवा प्राधिकार, रोहतास के सचिव सचिन कुमार मिश्र, प्रभारी मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी राकेश कुमार और न्यायालय के प्रधान सहायक-सह-सिरिस्तेदार मनोज कुमार पाण्डेय, नाजीर सैयद अख्तर एवं जेल विजिटींग लायर्स ब्रजनन्दन पाण्डेय एवं मधु कुमारी उपस्थित रहे।

## फायरमैन का पैतृक गांव में शव पहुंचते ही मचा कोहराम

**भभुआ (कैमूर) (नि.सं.)।** कैमूर जिले के सोनहन थाना क्षेत्र के सेमरा गांव के अग्निशमन विभाग के फायर मैन 35वर्षीय देवेंद्र पासवान की सड़क दुर्घटना में हुई मौत के बाद रविवार की सुबह शव पैतृक गांव पहुंचते ही कोहराम मच गया। शव के अंतिम दर्शन करने को क्षेत्र के सामाजिक कार्यकर्ता व नेताओं की भीड़ उमड़ पड़ी। मृतक के पिता राजनाथ पासवान व अन्य परिजनों का रो- रो कर बुरा हाल हो गया। मृतक देवेन्द्र पासवान रोहतास जिले के डेहरी अग्निशमन विभाग में फायर मैन के पद पर कार्यरत था। वह वीते वर्ष 2015में फायर मैन के पद पर बहाल हुआ था। घटना की सूचना पर भभुआ अनुमण्डल के अग्निशमन पदाधिकारी हनुमान राम शनिवार की शाम डेहरी पहुंचकर रविवार की सुबह अग्निक के शव को उसके गांव सेमरा लाए,जहां श्रद्धाजंली देते हुए दाह संस्कार कराया। अग्निशमन पदाधिकारी ने बताया कि शनिवार को मृतक अग्निक देवेंद्र पासवान अपने साथियों के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की चुनावी रैली में ड्यूटी के लिए डेहरी सुअरा हवाई अड्डा गया हुआ था।

# केंद्रीय संचार ब्यूरो पटना द्वारा पटना साहिब संसदीय क्षेत्र में चलाया गया मतदाता जागरूकता अभियान

निज संवाददाता

**पटना।** भारत सरकार के सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के केंद्रीय संचार ब्यूरो पटना इकाई द्वारा 26 मई से पटना साहिब संसदीय क्षेत्र में चार दिवसीय विशेष मतदाता जागरूकता अभियान शुरू किया गया। इस अवसर पर नगर के पी एंड एम मॉल परिसर में एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का औपचारिक उद्घाटन के क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी अभिषेक कुमार, प्रकाश कुमार सिंह तथा पी एंड एम मॉल के वरीय प्रबंधक अंशु कुमार एवं सत्यलोचन दास द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम में केंद्रीय संचार ब्यूरो द्वारा आम जनता को आगामी 1 जून को पटना साहिब तथा पाटलिपुत्र लोक सभा क्षेत्र में होने वाले लोक सभा मतदान के प्रति जागरूक किया गया। सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी प्रकाश कुमार सिंह ने मतदान की प्रक्रिया तथा मतदाता जागरूकता के लिए किए जा रहे प्रयासों की विस्तार से चर्चा की। विशेष रूप से युवा, महिला, वृद्धजनों तथा दिव्यांग मतदाताओं को मतदान करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी अभिषेक कुमार ने कहा कि चुनाव आयोग प्राप्त आंकड़ों के आधार पर यह मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है, इसके अंतर्गत विभिन्न प्रकार के जनसंपर्क अभियान चलाए जा रहे हैं, जिसमें पहली बार मत दे रहे मतदाताओं पर विशेष रूप से ध्यान केंद्रित किया जा रहा है। कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों द्वारा मतदान के महत्व को रेखांकित किया गया। इस अवसर पर सेल्फी स्टैंड, स्टैंडी तथा हस्ताक्षर अभियान के माध्यम से लोगों को जागरूक किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित आम जनता को मतदाता शपथ भी दिलाई गई। इस अवसर पर एक प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता भी आयोजित की गई, जिसमें सही उत्तर देने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। पुरस्कृत होने वालों में रवि कुमार, शिवशरण सिन्हा, विकास कुमार, ज्योति तथा अक्षय कुमार सिंह शामिल थे। इस अवसर पर मंत्रालय से संबद्ध रोशनी ग्रुप कला जत्था,बिहटा के कलाकारों द्वारा मतदाता जागरूकता गीत प्रस्तुति दी गई। इस कार्यक्रम में सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के राजू कुमार तथा सुरेंद्र चौधरी तथा स्थानीय नागरिकों की प्रमुख भूमिका रही। कल दिनांक 27 मई 2024 को जागरूकता अभियान पटना के मैरिन ड्राइव में आयोजित किया जाएगा।







# महाप्रबंधक ने पाटलिपुत्र जंक्शन का किया निरीक्षण, यात्री सुविधा/संरक्षा से जुड़े विभिन्न पहलुओं का किया गहन मुआयना



निज संवाददाता

**हाजीपुर (वैशाली)।** पूर्व मध्य रेल के महाप्रबंधक तरूण प्रकाष द्वारा आज पाटलिपुत्र जंक्षन का गहन निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान महाप्रबंधक ने यहां उपलब्ध यात्री सुविधा, स्टेशन की साफ-सफाई, यात्री सुरक्षा सहित समस्त व्यवस्थाओं का जायजा लिया। महाप्रबंधक ने यात्री प्रतीक्षालय, प्लेटफॉर्म, लिफ्ट, पैदल ऊपरगामी पुल, पे एंड यूज, सर्कुलेटिंग एरिया आदि का भी जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों को यात्री सुविधा के लिए निरंतर चैकस रहने का निर्देष दिया। निरीक्षण के दौरान महाप्रबंधक ने यार्ड में लगे मोटर पॉइंट नंबर 59 की तकनीकी जांच कर संरक्षा से जुड़े पहलुओं का जायजा लिया। महाप्रबंधक पाटलिपुत्र जंक्षन के द्वितीय प्रवेष द्वार के निर्माण कार्य की प्रगति से भी अवगत हुए तथा इसका निर्माण कार्य शीघ्र पूरा करने का निर्देष दिया। निरीक्षण के दौरान दानापुर मंडल के मंडल रेल प्रबंधक जयंत कुमार चैधरी सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे।

## पटना, आरा के रास्ते जयनगर से उधना के लिए स्पेशल ट्रेन का होगा परिचालन

निज संवाददाता

**हाजीपुर (वैशाली)।** ग्रीष्मकालीन अवकाश में यात्रियों की अतिरिक्त संख्या के मद्देनजर जयनगर एवं उधना के मध्य स्पेशल ट्रेन का परिचालन किया जाएगा। जयनगर से उधना के लिए गाड़ी संख्या 09002 जयनगर-उधना स्पेशल ट्रेन 28.05.2024 को जयनगर से 02.00 बजे खुलेगी। यहां से खुलकर यह गाड़ी 02.45 बजे मधुबनी, 03.50 बजे दरभंगा, 05.10 बजे समस्तीपुर, 06.50 बजे बरौनी, 09.00 बजे मोकामा, 09.35 बजे बख्तियारपुर, 10.20 बजे पटना, 11.25 बजे आरा, 12.30 बजे बक्सर, 13.40 बजे पंडित दीन दयाल उपाध्याय जंक्षन पहुंचेगी। इसके पश्चात् यह स्पेशल ट्रेन प्रयागराज छिवकी, सतना, कटनी जबलपुर, इटारसी सहित अन्य प्रमुख स्टेषनों पर रूकते हुए 29.05.2024 को 14.30 बजे उधना पहुंचेगी। इस स्पेषल ट्रेन में शयनयान श्रेणी के 20 कोच लगेंगे।

## शौचालय के अर्द्धनिर्मित गड्ढा में महिला गिरकर घायल

**भभुआ (कैमूर) (नि.सं.)।** नगर थाना क्षेत्र के डुमरी गांव में शौचालय के अर्द्धनिर्मित गड्ढा में महिला गिरने से गंभीर रूप से घायल हो गई। जानकारी के मुताबिक घायल महिला भभुआ थाना क्षेत्र के डुमरी गांव निवासी स्व. बाल कुशुन पासवान के 70 वर्षीय पत्नी पौढ़ारी देवी बतायी जाती है। परिजनों ने बताया कि घर में शौचालय बनाने के लिए गड्ढा खोदा गया था,जहां से महिला जा रही थी जो दिखाई नहीं दिया और अचानक गड्ढे में जाकर गिर गई।

# ट्रक ने बाइक को मारी टक्कर, दो व्यक्ति घायल

निज संवाददाता

जहानाबाद। जहानाबाद में हाइवा ट्रक ने मोटरसाइकिल सवार व्यक्ति को टक्कर मार दी। इस घटना में दो व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। यह घटना बिहार शरीफ-जहानाबाद सड़क पर मिल्की गांव के समीप का है। यहां राज रोशन कुमार और जयशंकर कुमार मोटरसाइकिल पर सवार होकर झुनकी जा रहे थे। वह जैसे ही मिल्की गांव के समीप पहुंचे विपरीत दिशा से आ रही हाईवा ट्रक ने जबरदस्त रूप से टक्कर मार दी है। इसमें दोनों व्यक्ति घायल हो गए। दोनों को इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। यहां राज रोशन कुमार, उम्र 19 साल, पेउता गांव का निवासी है। डॉक्टर की ओर से इसे मृत घोषित कर दिया गया। वहीं, जयशंकर कुमार अनंतपुर गांव का निवासी है। इसे बेहतर इलाज के लिए पीएमसीएच भेजा गया है। निर्दलीय प्रत्याशी राज किशोर शर्मा ने बताया कि सड़क निर्माण का कार्य चल रहा है। इसी में हाईवे ट्रक मिट्टी लेकर जा रहा था। तेज रफ्तार से वाहन चलाने के कारण यह घटना घटी है। जिले में लगातार सड़क दुर्घटना हो रही है। लेकिन, वाहन चालक सड़क दुर्घटना से सिख नहीं ले रहे हैं। इसके कारण लगातार घटना घट रही है। ग्रामीणों के सहयोग से हाईवा ट्रक को जब्त कर लिया गया है। लक भागने में सफल रहा है। इस घटना की सूचना पुलिस को दी गई है।

# कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे की सभा का किया गया आयोजित

निज संवाददाता

**मोहनिया (कैमूर)।** सातवें चरण के में सासाराम संसदीय क्षेत्र का चुनाव होने जा रहा है। जिसे लेकर मोहनिया शहर के जगजीवन मैदान में कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे की सभा आयोजित की गई है। कार्यक्रम को लेकर कल से ही मंच और हेल्पेड बनाने में लोग जुटे हुए हैं। बढ़ते भिड़ को देखते हुए सुरक्षा को लेकर भी पुलिस और प्रशासन की जगह-जगह तैनाती कर दी गई है। शहरों में हो रहे इस सभा को लेकर किसी भी प्रकार की ट्रैफिक में दिक्कत ना हो इसको देखते हुए शहर के चौक चौराहों पर मजिस्ट्रेट और पुलिस बल की तैनाती की गई है। मल्लिकार्जुन खड़गे सासाराम संसदीय क्षेत्र से कांग्रेस के प्रत्याशी मनोज कुमार के पक्ष में जनसभा को संबोधित किया। यहां कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने भाजपा पर जमकर साधा निशाना साधा। मंच पर भाषण देने के दौरान खड़गे ने कहा कि यह झूठ के सरदार हैं। मोदी के एक भी वादे नहीं पूरे हुए है। भाजपा की सरकार को इस बार देश से उखाड़ फेंकना है। कांग्रेस के पूर्व जिलाध्यक्ष कैमूर उपेंद्र प्रताप सिंह बताते हैं मल्लिकार्जुन खड़गे का जनसभा जगजीवन मैदान मोहनिया में आज दोपहर 12:30 बजे से हो रही है। जिसको लेकर सारी तैयारी किया जा चुका है। खड़गे के साथ कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष डॉक्टर अखिलेश सिंह, विधायक दल के नेता शकील अहमद भी मंच पर उपस्थित रहे। खड़गे के आगमन को लेकर लोगों में काफी उत्साह है लाखों की संख्या में उन्हें देखने के लिए जगजीवन मैदान लोगों से भरा रहेगा। सुरक्षा को लेकर पुलिस प्रशासन के तरफ से भी व्यवस्था की गई है। हमारे कांग्रेस की वालंटियर भी जगह-जगह तैनात किए गए हैं।कांग्रेस के मोहनिया विधानसभा प्रभारी ने बताया इस बार का चुनाव कोई पार्टी नहीं लड़ रहा बल्कि देश की जनता लड़ रही है। हमारे गठबंधन के सातों दल के नेता लगे हुए हैं। कल पूर्व प्रदेश अध्यक्ष मदन मोहन झा भी निरीक्षण कर कार्यकर्ताओं का हौसला बढ़ा चुके हैं। जनता में काफी उत्साह है। लाखों लाख की संख्या में जनता जूटेगी और अपने नेता का स्वागत करेगी।

## करमचट थाना परिसर में 19 लीटर देसी शराब का किया गया विनष्टीकरण

**भभुआ (कैमूर)(नि. सं.)।** जिले के करमचट थाना परिसर में 19 लीटर देशी महुआ शराब का विनष्टीकरण किया गया। जिसकी जानकारी देते हुए करमचट थानाध्यक्ष विकास कुमार ने बताया कि पुलिस अधीक्षक ललित मोहन शर्मा के निर्देश पर लोकसभा चुनाव को देखते हुए कई जगह से वाहन जांच कर शराब पकड़ा गया था। जहां उनके निर्देश पर रविवार 19 लीटर महुआ शराब का विनष्टीकरण किया गया है। वहीं लोगों से अपील करते हुए कहा कि एक जून 2024 को शांति व सौहार्दपूर्ण तरीके से मतदान करें। इसको लेकर पुलिस द्वारा प्रतिदिन विभिन्न जगहों पर वाहनों का सघन जांच अभियान भी चलाया जा रहा है।

# पटना में ग्लोबल क्लाइमेट एसोसिएशन के बैनर के तले टेरा कॉन्फ्लुएंस 2024 हुआ संपन्न

निज संवाददाता



**पटना।** प्रदेश की राजधानी पटना में ग्लोबल क्लाइमेट एसोसिएशन (जीसीए) के बैनर तले टेरा कॉन्फ्लुएंस 2024 का आयोजन किया। कार्यक्रम का संयोजन डॉ. पौलोमी चक्रवर्ती ने किया। कार्यक्रम में आगतों की मेजबानी मैसाचुसेट्स विश्वविद्यालय के एमहर्स्ट नेशनल स्टूडेंट डेटा कॉर्प्स चैप्टर के सह अध्यक्ष साई गट्टुपल्ली ने की। कॉन्फ्लुएंस में दुनियां के 150 से अधिक प्रतिभागियों को विषय के प्रति आकर्षित करने में सफल रहा। कार्यक्रम में विशेषज्ञ वक्ताओं के रूप में अमेरिका, जर्मनी, कनाडा, ब्राजील, नीदरलैंड, ऑस्ट्रेलिया, बांग्लादेश और भारत के प्रतिनिधि शामिल हुए, जिनमें सहयोगी संगठनों- जार्जिया के हरविल, यूएसए और बांग्लादेश से कोजर्न, अल्बा से प्लैनेट अल्बा, जर्मनी से एडसूत्र, तेलंगाना से प्रोजेक्ट बाडी के प्रतिनिधि शामिल है। कार्यक्रम के आयोजन में सभी प्रतिभागी संगठनों ने मिलकर आयोजन को सफल बनाने में योगदान दिया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य पृथ्वी दिवस के अवसर पर समर्पण में वैश्विक स्तर पर जलवायु क्रिया और सततता के लिए एक मंच प्रदान करना रहा। कार्यक्रम के आयोजन में हाइब्रिड प्रारूप के तहत ऑनलाइन और ऑनसाइट दोनों स्तर पर पटना के क्राइस्ट चर्च हाई स्कूल ने स्थानीय स्तर पर गतिविधियों की मेजबानी की। कार्यक्रम में विजेताओं की सफलता में सहयोगी संगठनों का बेहतर योगदान रहा। कार्यक्रम में विश्वभर से आए प्रतिभागियों ने अपनी प्रविष्टियों के जरिए सम्मेलन के वैश्विक पहुंच और प्रभाव को दर्शाया। इसके तहत विशेष रूप से क्लाइमेट डेटा एनालिटिक्स शोडाउन में अमेरिका के इसहाक गोर्डिन ने पहला स्थान प्राप्त किया। वही जर्मनी की सुसाने स्प्रेंगर ने दूसरा और तेलंगाना के अल्चुरी कीर्ति ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। वही क्राइस्ट चर्च हाई स्कूल के स्थानीय छात्रों ने क्लाइमेट कंड्रम चैलेंज में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वालों में खुशी कुमारी सिंह ने पहला स्थान, रभ्या बंसल ने दूसरा स्थान और कल्पना कुमारी ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। इसी प्रकार प्लैनेट प्रॉस्पर प्लेज में आर्यन कुमार ने पहला स्थान प्राप्त किया। वहीं लिजा तेजस्विनी और आदित्य राज क्रमशः दूसरे और तीसरे स्थान पर रहे। इस दौरान विविध विषयों पर चर्चा और शैक्षिक प्रभाव 'टेरा टोरेंट्स' श्रृंखला में विशेषज्ञों ने विभिन्न विषयों पर चर्चा की। इसके तहत जलवायु क्रिया के लिए कानूनी ढांचे से लेकर पारिस्थितिकी संबंधन की रणनीतियों तक पर चर्चा हुई। कार्यक्रम न केवल प्रतियोगिता रही बल्कि प्रतिभागियों को एक व्यापक शैक्षिक मंच भी मिला जिसने विश्व भर के प्रतिभागियों को, विशेषकर पटना के छात्रों को, भावी पर्यावरणीय चुनौतियों के लिए आवश्यक ज्ञान और उपकरण प्रदान किया। कार्यक्रम के समापन पर पुरस्कार स्वरूप विजेताओं को नकद पुरस्कार, जलवायु और पर्यावरण पर किताबें और गुगल प्रायोजित पाठ्यक्रमों सहित विभिन्न पुरस्कार दिए गए। कार्यक्रम से न केवल जलवायु क्रिया के महत्व को बढ़ावा मिला बल्कि कार्यक्रम के माध्यम से यह भी दर्शाया गया कि वैश्विक सहयोग और स्थानीय प्रयासों का मिश्रण कैसे महत्वपूर्ण है।

## संक्षिप्त समाचार

### दो केंद्र पर बीएड द्वितीय वर्ष की परीक्षा

**आरा**। शहर के दो केंद्र पर बीएड द्वितीय वर्ष की परीक्षा बुधवार से शुरू हुई। यह परीक्षा 26 मई तक होगी। भोजपुर के बीएड कॉलेजों के विद्यार्थियों का केंद्र आरा में एमएम महिला कॉलेज और एचडी जैन कॉलेज को बनाया गया है।वहीं रोहतास जिला के बीएड कॉलेजों का केंद्र सासाराम में शेरशाह कॉलेज और एसपी जैन कॉलेज सासाराम को बनाया गया है। बक्सर में एमवी कॉलेज और डीके कॉलेज डुमरांव को केंद्र बनाया गया है।जबकि भभुआ में एसएसएस महिला कॉलेज को केंद्र बनाया गया है।आरा मुख्यालय के दोनों केंद्रों पर गहन तलाशी के बाद परीक्षार्थियों को प्रवेश मिला।

### मतदान प्रतिशत वृद्धि के लिए बैठक हुई आयोजित

**आरा**। लोकसभा चुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ाने को लेकर प्रशासन हर संभव प्रयास में जुटा है। बुधवार को अभ्यर्थी व्यय लेखा व अनुश्रवण कोषांग के नोडल पदाधिकारी नरेश कुमार की अध्यक्षता में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए कार्यालय परिसर में चेंबर ऑफ कॉमर्स के सदस्यों व जिले के व्यापारियों की मौजूदगी में कार्यक्रम हुआ। मुख्य अतिथि जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिला पदाधिकारी महेंद्र कुमार, उप विकास आयुक्त विक्रम वीरकर सहित एवं जिले के अन्य वरीय पदाधिकारी उपस्थित रहे। इस दौरान डीडीसी ने आगामी 01 जून को जिले में होने वाले मतदान प्रतिशत में बढ़ोतरी के लिए व्यापारियों से अपने कर्मियों को मतदान के दिन कार्य से छुट्टी देने का अनुरोध किया ताकि सभी अपने अपने मतों का प्रयोग कर सकें।

### सात केंद्र पर हुई पीजी सेमेस्टर फोर की परीक्षा

**आरा**। पीजी सेमेस्टर फोर सत्र, 2021-23 की परीक्षा बुधवार से शुरू हुई। यह परीक्षा 26 मई तक होगी। शहर के तीन केंद्रों सहित बक्सर, रोहतास और कैमूर के एक - एक केंद्रों पर परीक्षा हुई। पहले दिन की परीक्षा शांतिपूर्ण रही। दो पालियों में यह परीक्षा संचालित हुई। परीक्षा में करीब पांच हजार परीक्षार्थी शामिल हुए। पहले दिन परीक्षा नियंत्रक डॉ अनवर इमाम ने कई केंद्रों का निरीक्षण किया। उन्होंने बताया कि सभी विषयों को दो ग्रुप में बांटा गया है। बुधवार को पहली पाली में ग्रुप ए के भौतिकी, रसायनशास्त्र, गणित, बॉटनी, जन्तुविज्ञान, कॉमर्स, हिन्दी, अंग्रेजी, उर्दू, पर्सियन, प्राकृत एंड जैनशास्त्र, संस्कृत, भोजपुरी और दर्शनशास्त्र विषय और दूसरी पाली में ग्रुप बी के इतिहास, लोक प्रशासन, अर्थशास्त्र, राजनीति विज्ञान, मनोविज्ञान, समाजशास्त्र, भूगोल और गृह विज्ञान विषय की परीक्षा हुई।

### अन्याय बर्दाश्त नहीं करेंगे प्रभु श्रीरामः चौबे

**बक्सर**। बिहार प्रदेश कांग्रेस के वरीय नेता टीएन चौबे ने भाजपा प्रत्याशी मिथलेश तिवारी पर निशाना साधते हुए कहा कि राहुल गांधी को कांग्रेस का युवराज कहकर उन्होंने कटाक्ष किया जो अशोभनीय है। बक्सर में चुनाव लड़ रहे हैं मगर उन्हें पूरब और पश्चिम में कौन-कौन गांव है इसकी जानकारी नहीं होगी। भाजपा बाहरी को उम्मीदवार बनाकर बक्सर को गिरवी रखने का काम करते आ रही है। बक्सर के मतदाता भली भांति जान गए हैं कि केन्द्र में एनडीए की सरकार नहीं बनने जा रही है।

### चौसा नगर पंचायत में निकाली मतदाता जागरुकता रैली

**चौसा**। आगामी एक जून को बक्सर लोकसभा संसदीय क्षेत्र का चुनाव कराया जाना है। जिसको लेकर पूरे क्षेत्र में स्वीप कार्यक्रम के तहत मतदाता जागरूकता कार्यक्रम चलाया जा रहा है। इसी कार्यक्रम के तहत चौसा नपं द्वारा स्वच्छता पदाधिकारी मो. अरसद अख्तर व चेयरमैन किरण देवी के नेतृत्व में नपं कर्मियों व वार्ड पार्षदों द्वारा नगर पंचायत क्षेत्र में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया। जहां मतदाता जागरूकता रैली निकाल लोगों को मतदान के लिए जागरूक किया गया। यह रैली विभिन्न स्लोगनों के माध्यम से नगर पंचायत चौसा कार्यालय से कृष्णापुरी, चौसा स्टेशन, न्यायीपुर, होते हुए रेलवे क्रॉसिंग से वापस नगर पंचायत चौसा कार्यालय पहुंची। इस रैली में विभिन्न स्लोगन के माध्यम से बताया गया कि आगामी एक जून को लोकसभा का चुनाव है, जिसमे हर लोग अपने बूथ पर जाकर अपने अधिकार का प्रयोग कर शत-प्रतिशत मतदान करें।इस मौके पर सहायक लोक स्वच्छता एवम अपशिष्ट प्रबंधन पदाधिकारी, पर्यवेक्षक श्रीमन नारायण पाण्डेय, वार्ड पार्षद अंजू कुमारी, प्रभारी प्रधान सहायक सत्य प्रकाश, नरेंद्र कुमार, विजय राम ,जितेंद्र यादव, तेजू खरवार के साथ अन्य सफाई मित्र शामिल थे।

### बेंगलुरु व कोलकाता की कंपनियों में 13 की नौकरी




**आरा**। राजकीय अभियंत्रण महाविद्यालय, आरा में ट्रेनिंग एवं प्लेसमेंट सेल द्वारा 13 विद्यार्थियों का प्लेसमेंट कराया गया। प्लेसमेंट के लिए संस्थान के चतुर्थ वर्ष सत्र, 2020-24 के मैकेनिकल इंजीनियरिंग, इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग और इंस्ट्रूमेंटेशन इंजीनियरिंग के छात्र- छात्राएं शामिल हुए है। इसमें 11 छात्र और दो छात्राओं का चयन हुआ। रोबोमंथन एडुटेक और हाई टेक नेक्स्ट इंजीनियरिंग एंड टेलीकॉम कंपनी में विद्यार्थियों को नौकरी मिली है। रोबोमंथन एक एडुटेक कंपनी का मुख्यालय बेंगलुरु है। जबकि हाई टेक नेक्स्ट इंजीनियरिंग एंड टेलीकॉम कंपनी का मुख्यालय कोलकाता है। कैंपस प्लेसमेंट पदाधिकारी प्रो अमृतांशु रौशन ने बताया कि विद्यार्थियों का वर्चुअल मोड में ग्रुप डिस्कशन एवं इंटरव्यू के आधार पर चयन हुआ है। रोबोमंथन एक एडुटेक कंपनी में संस्थान के इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग के ऋषभ राज और श्यामा कुमारी के साथ इंस्ट्रूमेंटेशन इंजीनियरिंग के हेमंत कुमार का चयन हुआ है। हाई टेक नेक्स्ट इंजीनियरिंग एंड टेलीकॉम कंपनी में मैकेनिकल इंजीनियरिंग के 6 छात्र ( राकेश रमन, मनीष राज, बैजू कुमार, समीर अली ,रोहित कुमार व मुरारी हरिजन) और इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग के चार छात्र (बलजीत कुमार,जनमेजय, ऋषभ राज व ताबिश इम्तेयाज) का चयन हुआ है। संस्थान के प्राचार्य डॉ सीबी महतो ने आगे बढ़ने के लिए किया प्रेरित संस्थान के प्राचार्य डॉ सीबी महतो ने चयनित छात्र- छात्रों को बधाई देते हुए और आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। मैकेनिकल विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो पंकज श्रीवास्तव ,इलेक्ट्रिकल विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो अंशुल शेखर एवं इंस्ट्रूमेंटेशन इंजीनियरिंग के विभागाध्यक्ष प्रो गौरव कुमार ने सभी चयनित विद्यार्थियों को बधाई दी। कहा कि भोजपुर जिले के लिए तकनीकी क्षेत्रों में इंजीनियरिंग कॉलेज अब तेजी से रोजगार उपलब्ध करा रहा है। नवंबर माह में स्थायी परिसर में शिफ्ट होने के बाद अब तक पांच कंपनी का प्लेसमेंट ड्राइव हो चूका है जिसमे अभी तक 30 छात्रों को नौकरी मिली है। अगले तीन महीने में और भी कंपनियों से संपर्क किया जा रहा है। कॉलेज के ट्रेनिंग एवं प्लेसमेंट सेल से यह आश्वासन दिया गया है कि आने वाले दिनों में संस्थान में अन्य कंपनियों के द्वारा भी कैंपस प्लेसमेंट आयोजित किया जाएगा।

# अनिल चौधरी ने कहा- ‘हमे पांच साल दीजिए, हम करेंगे विकास’

## भाजपा के कार्यकाल में नौकरी हुई खत्म

निज संवाददाता। बक्सर



बक्सर में एक दिन पहले देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की चुनावी सभा के बाद बसपा के प्रत्याशी अनिल चौधरी ने अपने कार्यालय पर प्रेस वार्ता का आयोजन किया। यहां उन्होंने एनडीए और इंडी एलाइंस पर जमकर निशाना साधा है। उन्होंने कहा है कि देश के प्रधानमंत्री ने साल 2014 में बक्सर के लिए लगभग नौ बात कही थी। साल 2019 में पांच बात कही और साल 2024 में अपने 22 मिनट के भाषण में एक बात भी नहीं कहा है। यह बक्सर के आत्म सम्मान के साथ खिलवाड़ है। यह बक्सर के आम जनता का अपमान है।अनिल चौधरी ने आगे बोलते हुए कहा कि यहां के भाजपा के प्रत्याशी बोलते है।

**प्रधानमंत्री ने बक्सर के विकास को लिए कुछ नहीं किया**: पहले भाजपा ने क्या किया उससे हमें मतलब नहीं है, हमे पांच साल दीजिए, हम विकास करेंगे। जबकि, बक्सर में 6 बार से भाजपा जीत रही है। बक्सर विकास के क्षेत्र में कहा खड़ा है, ये सभी को पता है। उन्होंने बक्सर के विकास के लिए कुछ नहीं कहा। तो हमने इसका अर्थ लगाया कि साल 2014 में उनको बहुत उम्मीद थी। उन्होंने नौ बात बक्सर लिये कहा। साल 2019 में थोड़ी कम उम्मीद हुई, तो पांच बात कही। साल 2024 में बक्सर के लिए उम्मीद खो चुके है। समझ गए है कि हम लड़ाई से बाहर हो चुके है। बहुत सारे रिपोट्र्स होते है। आईबी की रिपोट्र्स होगी, सीआईडी की रिपोट्र्स होगी। 2014 के नौ बात में एक भी बात पूरा नहीं किया गया। चाहे बक्सर को रामायण सर्किट से जोड़ने की बात हो, या महादेवा घाट पर गंगा आरती की बात हो या बक्सर के धार्मिक और पर्यटन के रूप में विकसित करने की बात हो, कोई भी वादा पूरा नहीं किया गया है। अनिल कुमार ने कहा कि आरक्षण के नाम पर बड़ी पार्टियां वोट मांग रही है। लेकिन, आरक्षण बचा कहा है। जब नौकरी रहेगी तो आरक्षण रहेगा। जब सरकार नौकरी ही नहीं दे रही है, तो आरक्षण का काम कहा रह गया है। रेलवे में सबसे ज्यादा वैकेंसी होती थी, वहां आप ने इसे शुन्य कर दिया। आर्मी की नौकरी चार साल के लिए कर दिया गया है। इसी तरह से अन्य विभाग का हाल है। जब नौकरियां खत्म हो गई, तो आरक्षण अपने आप खत्म हो गया।

# मोदी की सभा में पोस्टर से गायब अश्विनी चौबे

## बक्सर के अहिरैली में PM ने जनता को किया संबोधित, मंच पर नहीं पहुंचे वर्तमान सांसद

निज संवाददाता। बक्सर



बक्सर में लोकसभा चुनाव 2024 के सातवें चरण में 1 जून को मतदान होना है। इससे पहले आज शनिवार को भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी NDA प्रत्याशी मिथलेश तिवारी के समर्थन में चुनावी सभा को संबोधित करने पहुंचे। कार्यक्रम स्थल अहिल्या की उद्धार स्थली अहिरौली में बनाया गया था। जहां भारी संख्या में लोगों का हुजूम उमड़ा हुआ था। विशाल जनसभा को संबोधित करने वाले मंच के अलावा जगह-जगह बिना पोस्टर लगाए गए थे। लेकिन मुख्य मंच पर लगे पोस्टर से वर्तमान सांसद सह केंद्रीय राज्य मंत्री की तस्वीर गायब होने से कई तरह की चर्चाओं का बाजार गर्म है। बता दें कि बक्सर से 2 बार लगातार जीत हासिल करने वाले अश्विनी चौबे के NDA से इस बार टिकट कट जाने के बाद से केंद्रीय मंत्री अश्विनी चौबे कभी बक्सर में दिखाई नहीं दिए।अभी कुछ दिन पहले बनारस में मोदी के प्रचार में दिखाई दिए, लेकिन पास ही के अपने बक्सर के संसदीय क्षेत्र नहीं आते हैं। जिसे यह कयास लगाया जाता है की 2024 के लोकसभा चुनाव में टिकट कटने के बाद से ही वर्तमान सांसद सह केंद्रीय राज्य मंत्री अश्विनी कुमार चौबे नाराज चल रहे हैं। यही कारण है कि बक्सर के वर्तमान लोकसभा प्रत्याशी के चुनाव प्रचार में एक दिन भी शामिल नहीं हुए हैं। और न ही बक्सर में आए हैं। मुख्य मंच पर लगी पोस्टर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तस्वीर के साथ ही बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, नीतीश कुमार, चिराग पासवान, उपेंद्र कुशवाहा, जीतन राम मांझी, लोजपा नेता पसुपतिनाथ पारस के अलावा बीजेपी नेता विजय सिन्हा, सम्राट चौधरी, लोकसभा प्रत्याशी मिथलेश तिवारी की तस्वीर लगी हुई है। इसको लेकर कई तरह की चर्चाओं का बाजार गर्म है।

# जमीनी विवाद में दो पक्षों के बीच मारपीट, 9 घायल

निज संवाददाता। आरा



भोजपुर के जगदीशपुर थाना क्षेत्र में बड़की हरदिया गांव में शनिवार को जमीनी विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच मारपीट हो गई। इसमें दोनों पक्षों से उप सरपंच पति समेत दस लोग घायल हो गए। एक पक्ष के आधा दर्जन लोगों का इलाज आरा के सदर अस्पताल में चल रहा है और वहीं दूसरे पक्ष के उप सरपंच पति समेत चार लोगों का इलाज स्थानीय पीएचसी में कराया जा रहा है। जानकारी के अनुसार घायलों में एक पक्ष से हरदिया गांव निवासी कृष्ण कुमार मिश्रा, उनकी पत्नी लीलावती देवी, बेटा नीरज मिश्रा, बेटी सीमा कुमारी, भाई बृज किशोर मिश्रा और भतीजा दिव्यांशु कुमार शामिल है। जबकि दूसरे पक्ष से गांव के ही निवासी उप सरपंच पति सुरेश सिंह समेत चार लोग शामिल है। गांव के निवासी नीरज मिश्रा ने बताया कि दो पक्षों के बीच 35 डिसमिल जमीन को लेकर 2016 से ही विवाद चल रहा है। इसको लेकर कोर्ट में केस भी चल रहा है। इस दौरान दूसरे पक्ष के लोगों ने अपने हिस्से की जमीन पर घर बनाना शुरू कर दिया। जब इसका विरोध किया गया तो मारपीट हो गई।

## हेमंत चौबे-प्रभाकर किरण ने आनंद मिश्रा को दिया समर्थन

# भाजपा की सरकार में बक्सर को कुछ नहीं मिला

निज संवाददाता। बक्सर



बक्सर के विधानसभा क्षेत्र रामगढ़ में दुर्गावती प्रखंड अंतर्गत कुरई गांव में आज बक्सर लोकसभा क्षेत्र से निर्दलीय प्रत्याशी आनंद मिश्र ने ‘जन आशीर्वाद यात्रा’ के दौरान बक्सर लोकसभा से पूर्व सांसद रहे लालमुनी चौबे के पुत्र हेमंत चौबे से मुलाकात की। इस दौरान हेमंत चौबे ने आश्वासन दिया को लोकसभा चुनाव में अपना पूर्ण समर्थन आनंद मिश्रा को है। बता दे की लालमुनी चौबे भारतीय जनता पार्टी बिहार प्रदेश के वरिष्ठ नेता और स्तंभ रहे हैं।और बक्सर लोकसभा क्षेत्र का लगातार 4 बार सांसद के तौर पर प्रतिनिधित्व किया है। उनके पुत्र हेमन्त चौबे का आनंद मिश्र को समर्थन प्रदान करना इस चुनाव में बड़े परिणाम लाने वाला हो सकता है।

**आनंद मिश्र सबसे योग्य प्रत्याशीः** हेमंत चौबे ने कहा की वर्तमान लोकसभा चुनाव में आनंद मिश्र सबसे योग्य, ईमानदार और कर्मठ प्रत्याशी हैं। लोकसभा क्षेत्र के विकास के लिए इनका विजन दूरदर्शी और जन-जन के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाने वाला है। शिक्षा, स्वास्थ्य, आवागमन, जनसुविधा आदि सभी क्षेत्र की स्थिति बेहतर बनाने की दिशा में ये प्रभावी काम करेंगे।

**नौकरी छोड़कर लिया रिस्कः** नौकरी वाली दीदी के नाम से प्रचलित प्रभाकर किरण ने भी अपना समर्थन आनंद मिश्रा को दिया है। कहा है की बक्सर का भाग्य अब जगने वाला है। आनंद मिश्रा ने अपने नौकरी छोड़ अपने परिवार और अपने लाइफ को रिस्क में डाल इस सेवा क्षेत्र में उतरे हुए है। इसके बावजूद भी जनता इन सब चीजों को नहीं पहचान रही है तो ये बड़े ही दुर्भाग्य बक्सर के लिए है। उन्होंने कहा इतने सालों से बक्सर में बीजेपी की ही सरकार रही है।

# 9 साल से फरार नक्सली राज कुमार गिरफ्तार

## 2015 में चरपोखरी–कथराई पथ पर पुलिस कर्मियों को बम से उड़ाने का था इरादा

निज संवाददाता। आरा



भोजपुर के चरपोखरी थाना क्षेत्र में चरपोखरी–कथरई रोड पर रेलवे लाइन से पूर्व पुलिया के नीचे गड्ढा खोदकर पुलिसकर्मियों को उड़ाने के लिए बारूदी सुरंग बिछाए जाने के बड़े मामले में पुलिस को एक और बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने कांड में शामिल एक और नक्सली राज कुमार उर्फ विजय सिंह को गिरफ्तार किया है। पकड़ा गया नक्सली सहार थाना क्षेत्र के मथुरापुर गांव निवासी राजकुमार सिंह उर्फ विजय सिंह उर्फ शुक्ला है। इसकी गिरफ्तारी सिकरहट्टा कला से हुई है। एसडीपीओ राहुल सिंह ने बताया कि आरोपी वर्तमान में सिकराहट्टा कला में मकान बनाकर रह रहा था। पुलिस इसकी खोज 9 सालों से कर रही थी। आरोपी के ऊपर नक्सली कांड के अलावा, हत्या, रंगदारी व गोलीबारी के पांच मामले दर्ज है। इसके पहले 7 मई को पुलिस ने इस कांड में शामिल नक्सली मुखिया पासवान को गिरफ्तार किया था। डीएसपी ने आगे बताया कि 2 जुलाई 2015 को चरपोखरी–कथराई रोड पर रेलवे लाइन से पूरब पुलिया के नीचे गड्ढा खोदकर पुलिस कर्मियों की हत्या करने के लिए बारूदी सुरंग बिछाई थी। समय रहते पुलिस टीम को सब जानकारी मिल गई थी। स्थल से पुलिस को पांच-पांच किलो का आईडी बम लगा दो सिलेंडर, डेटोनेटर, एल्यूमीनियम के तार आदि बरामद किया गया था।

# धरहरा गांव में ऑटो पलटने से 7 लोग घायल

## सदर अस्पताल में चल रहा इलाज, नगर थाना की घटना

निज संवाददाता। आरा



भोजपुर के नगर थाना क्षेत्र में धरहरा गांव के पास शनिवार को ऑटो पलट गया। हादसे में ऑटो सवार तीन नर्तकी समेत 7 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों ने सभा को इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल में भर्ती कराया। जहां इलाज चल रहा है। घायलों में छत्तीसगढ़ के वाड्रा नगर निवासी कपिल देव की बेटी पूजा कुमारी, मुजफ्फरपुर के साहू पोखर गांव निवासी जितेंद्र तिवारी की बेटी सोनाली तिवारी और सासाराम के बदला गांव निवासी बबलू नेट के विसरसी बेटी पुष्पा कुमारी समेत सात लोग शामिल है। घायल सोनाली तिवारी ने बताया कि वह चरपोखरी गांव में नौशाद डांस ग्रुप में काम करती है। ऑटो में बैठकर धरहरा गांव बर्थडे पार्टी में नाचने के लिए जा रही थी। ऑटो चालक शराब के नशे में था।

## भोजपुर के बिहिया में तेजस्वी की सभा, PM मोदी पर जमकर साधा निशाना

# मोदी जी को बेड रेस्ट नहीं करा दें, तब तक आराम नहीं : तेजस्वी

निज संवाददाता। आरा





आरा लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत शाहपुर विधानसभा क्षेत्र के बिहियाँ में इंडी गठबंधन समर्थित भाकपा-माले उम्मीदवार सुदामा प्रसाद के समर्थन में आयोजित चुनावी जनसभा को संबोधित करने पूर्व डिप्टी सीएम व बिहार विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव और वीआईपी प्रमुख मुकेश सहनी पहुंचे। जहां तेजस्वी यादव ने मोदी सरकार और नीतीश सरकार पर जमकर हमला किया। तेजस्वी प्रसाद यादव ने कहा कि रउआ लोग के आशीर्वाद चाही, ताकि हमनी भाजपा सरकार के उखाड़ फेंकी।

**‘बिहार के साथ सौतेला व्यवहार किया गया’**: तेजस्वी ने कहा कि हमारे कमर की हड्डी में चोट है। कमर की हड्डी में चोट की वजह से डॉक्टर ने तीन सप्ताह तक बेडरेस्ट की सलाह दी है, लेकिन हमने डॉक्टर से कह दिया है कि हम भी तब तक बेडरेस्ट नही लेंगे जब तक नरेन्द्र मोदी को बेडरेस्ट नहीं करा दें। 10 साल से केंद्र में और 17 साल से बिहार में इन लोगों की सरकार है। लेकिन बिहार के साथ सौतेला व्यवहार किया गया। दो करोड़ रोजगार देंगे, पैकेज देंगे, लेकिन आज तक नहीं मिला। वहीं तेजस्वी यादव ने कहा कि मोदी जी ने ठगने का काम किया है। इतना झूठा प्रधानमंत्री मैंने नहीं देखा। वे केवल हिंदू मुस्लिम से लड़ाना चाहते है।

**‘नौजवानों को सरकारी नौकरी दी जाएगी’**: उन्होंने कहा कि अभी तक किसी को नौकरी दी। लेकिन इंडिया गठबंधन की सरकार बनने पर प्रतिवर्ष एक करोड़ नौजवानों को सरकारी नौकरी दी जाएगी। महिलाओं के खाते में रक्षाबंधन पर साल में एक लाख रूपये खाता में खटा खट देंगे। गैस सिलेंडर पांच सौ रुपये तथा हर महीने दो सौ यूनिट फ्री बिजली देने का काम करेंगे। उन्होंने कहा कि पहले गैस सिलेंडर कितने का मिलता था, पेट्रोल और डीजल पहले कितना था अब सेंचुरी हो गया। मोदी जी रहेंगे तो 200 पार कर देंगे और गैस सिलेंडर 2000 पार होगा। उन्होंने कहा कि तेजस्वी जब था तो 5 लाख शिक्षकों को नौकरी दिया। खिलाड़ी को भी नौकरी दिया। अधिकारी बनाने का काम किया। देश में कहीं भी बता दो नौकरी मिला हो। मोदी जी ने रेलवे बेच दिया। एयरपोर्ट दे दिया। हम लोग को मोदी जी ने दो बार ठग लिया, लेकिन तीसरी बार नहीं ठगाएगा और आप लोग उड़ती चिड़िया को हल्दी लगाओगे न। वहीं तेजस्वी ने कहा कि अभी तक एक सुई का भी कारखाना नहीं दिया। तेजस्वी ने कहा कि लेकिन तुम लोग हमें वोट दो हम तुम्हें नौकरी देंगे। जैसे सुभाष चंद्र बोस जी ने कहा था तुम मुझे खून दो मैं तुम्हें आजादी दूंगा।

**‘1 करोड़ लोगों को रोजगार देंगे’**: वहीं तेजस्वी यादव ने कहा कि हमारी सरकार बनती है तो राहुल जी के साथ हम लोग पहले देश में 1 करोड़ लोगों को रोजगार देंगे। जैसे पहले सेना में बहाली होती थी वैसे बहाली करेंगे और अग्निवीर को खत्म कर देंगे। कहा कि मोदी जी तथा उनके सांसद ने आपको जुमलेबाजी के सिवा कुछ नहीं दिया। आपलोग महागठबंधन के प्रत्याशी सुदामा प्रसाद को भारी मतों से विजयी बनाएं। वहीं मजाकिया अंदाज में तेजस्वी ने कहा कि अपना मूड मिजाज रखिये टनाटन, टनाटन, टनाटन। नौजवानों को नौकरी तथा महिलाओं के खाते में एक लाख रुपया आएगा खटाखट, खटाखट, खटाखट। बीजेपी हो जायेगा सफाचट, सफाचट, सफाचट।

# सड़क हादसे में पिता की मौत, बेटा घायल

## तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक में मारी टक्कर, मौके पर ही गई जान

निज संवाददाता। भागलपुर

भागलपुर में शनिवार को भीषण सड़क हादसा हुआ है। हादसे में एक बुजुर्ग की घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गया। मामला जिले के रसलपुर थाना क्षेत्र का है। जहां पिता पुत्र बाइक पर सवार होकर एकचारी की तरफ जा रहे थे। इसी दौरान रसलपुर और सनोखर के बॉर्डर के बीच एकचारी के तरफ से आ रहे तेज रफ्तार ट्रेक ने जोरदार टक्कर मार दिया। जिसमें बाइक पर सवार पिता शंकर शाह की घटना स्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई। जबकि पुत्र गंभीर रूप से घायल है। हादसे के बाद ड्राइवर ट्रेक लेकर गंगारामपुर की तरफ भागने की लगा। इसके बाद स्थानीय लोगों



के मदद से ट्रक का पीछा कर सनोखर थाना क्षेत्र के गंगारामपुर गांव के समीप धर दबोचा। मरने वाले की पहचान सनोखर थाना क्षेत्र निवासी शंकर शाह(45) के रूप में की गई है। वही पुत्र गंभीर रूप से जख्मी है। जिसका इलाज स्थानीय रेफरल अस्पताल में चल रहा है। इधर घटना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने बाइक और ट्रक को जब्त कर लिया है और आगे की कार्रवाई में जुट गई है।

**पुलिस ने शांत करवाया हंगामाः** शव को भी सड़क पर रखकर हंगामा -घटना की जानकारी मिलने के बाद सैकड़ो की संख्या में आसपास के लोग पहुंचे। लोगों ने इस घटना की जानकारी मृतक के परिजनों को दिया जिसके बाद मृतक के परिजनों ने शव को सड़क पर रखकर जमकर हंगामा किया। इधर मौके पर पहुंची पुलिस ने परिजनों को किसी तरह समझा बुझाकर शांत कराया। घटना के बाद से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है।

# फोटो पर अश्लील गाना लगाने पर विवाद

निज संवाददाता। भागलपुर



♦ दो पक्षों के बीच जमकर मारपीट, एक घायल, पीड़ित बोला- विरोध करने पर चार लोगों ने किया हमला

भागलपुर में सोशल मीडिया के स्टोरी में चचेरी बहन के फोटो पर गंदा गाना लगाने को लेकर दो पक्षों के बीच जमकर मारपीट हुई। घटना पुलिस जिला नवगछिया के खरीक थाना क्षेत्र के जमालदीपुर का है। घायल युवक की पहचान रंजीत कुमार के पुत्र दीपक उर्फ आकाश आनंद के रूप में की गई है। घटना के संबंध में घायल दीपक उर्फ आकाश आनंद ने बताया कि उनकी चचेरी बहन का फोटो पर गंदा म्यूजिक लगाकर सोशल मीडिया पर स्टोरी लगाया गया था, जिसका विरोध करने पर विवेकानंद मंडल, हरीश मंडल, समेत तीन चार लोगों ने उन पर हमला कर दिया। उन्होंने आगे बताया कि यह सभी रिश्ते में बड़े पापा लगते हैं।

**घायल का जारी है इलाजः** दिलखुश कुमार ने मेरी चचेरी बहन का फोटो पर गंदा गाना लगाकर सोशल मीडिया पर स्टोरी लगाया था। उसी को लेकर उनके घर पर कहने के लिए गया था। इसके बाद विवेकानंद समेत कई लोगों ने खंती से सीने पर वार कर दिया। घटना की जानकारी मिलने के बाद आनन-फानन में परिजनों ने उसे इलाज के लिए अनुमंडलीय अस्पताल नवगछिया में भर्ती कराया। डॉक्टर ने स्थिति गंभीर को देखते हुए बेहतर उपचार के लिए भागलपुर जवाहरलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेज दिया। जहां पर घायल का इलाज चल रहा है। इधर घटना की जानकारी मिलने के बाद खरीक पुलिस मौके पर पहुंची घायल को इलाज के लिए अस्पताल भेज दिया।

# संक्षिप्त समाचार

## रेलकर्मी से 22 लाख की ठगी, साइबर थाना में प्राथमिकी

**मुंगेर।** ईस्ट कॉलोनी थाना क्षेत्र के क्लब रोड निवासी रेलकर्मी उदयमान चौरसिया के साथ साइबर ठग ने लगभग 22 लाख रुपए की ठगी कर ली है। घटना को लेकर पीड़ित रेलकर्मी ने साइबर थाना में आवेदन देकर प्राथमिकी दर्ज कराई है। दर्ज एफआईआर के मुताबिक ईस्ट कॉलोनी थाना क्षेत्र के क्लब रोड निवासी रेलकर्मी उदयमान चौरसिया को दिल्ली से विक्रम राठौड़ नाम के एक युवक ने 1 अप्रैल को एक अज्ञात वीडियो कॉल के माध्यम से एक वीडियो अपलोड करने की धमकी दी। जिसे हटाने के लिए उसने नियमित रूप से 1, 4, 6, 8, 10, 15 और 20 अप्रैल को पैसे मांगे। जिसके बाद रेलकर्मी काफी डर गए और साइबर ठग के झांसे में आकर उन्होंने रुपए देना शुरू कर दिया। रेलकर्मी को यह लगा कि यह बात कोई नहीं जाने और समाज में सम्मान बना रहे, इसके लिए रेल कर्मी लगातार साइबर ठग को रुपये देता रहा। जिसके बाद साइबर ठग भी पैसे के लोभ में आकर लगातार रेलकर्मी पर दबाव बनाता रहा और हर बार अधिक पैसे मांगता रहा। ठग के द्वारा कभी स्वीकार नहीं किया कि उसने वीडियो हटा दिया है। जिस कारण रेल कर्मी पर दबाब बनाकर सायबर ठग ने लगभग 22 लाख रुपये रेलकर्मी से ठगी कर लिया। साइबर थाना में दर्ज एफआईआर के मुताबिक बीते 25 अप्रैल को सायबर ठग के द्वारा फिर एक नया नंबर 9166172288 से कॉल आया। कॉल करने वाले सायबर ठग ने अपने आप को जयपुर के एसएचओ संजय कुमार बताया। उसने एफआईआर से नाम हटाने के लिए मोटी रकम की मांग की। जिसके बाद रेलकर्मी उदयमान चौरसिया ने अपना बेटा गौरव चौरसिया को सारी कहानी बताई। जिसके बाद उसने साइबर क्राइम थाना मुंगेर में शिकायत की।

## मूसलाधार बारिश से प्रखंड कार्यालय परिसर में जलजमाव से बढ़ी परेशानी

**संग्रामपुर।** संग्रामपुर प्रखंड मुख्यालय परिसर स्थित एक भी जल निकासी के साधन नहीं होने के कारण मंगलवार की मध्य रात्रि से लेकर बुधवार सुबह 9:00 बजे तक हुई लगातार मूसलाधार बारिश से प्रखंड कार्यालय परिसर तालाब में तब्दील हो गया। प्रखंड कार्यालय परिसर स्थित अंबेडकर भवन, आईसीडीएस कार्यालय, आधार कार्ड रजिस्ट्रेशन सेंटर, हल्का कर्मचारी कार्यालय, भू-सर्वे कार्यालय सहित 20 सूत्री कार्यालय आदि के चारों तरफ पानी से लबालब भर गया। ऐसे में प्रखंड कार्यालय परिसर में जल जमाव एवं कीचड़मय हो जाने से कार्यालय कार्य से पहुंचने वाले लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। इस संदर्भ में स्थानीय ग्रामीण अरुण भारती, कृष्णदेव साह, अरुण केसरी, श्रवण सिंह, बाल्मीकि इत्यादि ने कहा कि प्रखंड कार्यालय परिसर में एक भी जल निकासी के लिए नाली का निर्माण नहीं किए जाने के कारण थोड़ी सी भी बारिश होने के बाद कार्यालय परिसर में बारिश के पानी का जल जमाव हो जाता है। बरसात के दिनों में तो महीना तक अंबेडकर भवन के पीछे शिव मंदिर सहित अन्य कार्यालय पानी में डूबा रहता है। ऐसी स्थिति में जल जमाव से मच्छर एवं कीड़े मकोड़े उत्पन्न होते हैं। जिससे हर समय गंभीर बीमारी का खतरा बना रहता है। वहीं जल जमाव अधिक समय रहने से बदबू प्रखंड कार्यालय में फैलता रहता है। जिससे आम जनों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। इतना ही नहीं बरसात के दिनों में प्रखंड कार्यालय परिसर स्थित शिव मंदिर के चारों तरफ पानी जम जाने से श्रद्धालुओं को पूजा पाठ करने में भी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। श्रद्धालु कीचड़ एवं जल जमाव को पार कर पूजा करने मंदिर आते हैं। स्थानीय लोगों ने कहा कि जल जमाव से निजात पाने के लिए प्रखंड कार्यालय परिसर के चारों ओर से एक नाली का निर्माण करना अति आवश्यक है।

## मिरची तालाब के पास लगे प्याऊ से समरसेबुल की चोरी

**मुंगेर।** नगर निगम वार्ड-3 मिरची तालाब के दर्जनों स्थानीय लोगों ने बुधवार को नगर आयुक्त को आवेदन दिया है, जिसमें कहा गया है कि लाल दरवाजा मिरची तालाब के पास अमन और दामोदर यादव घर के सामने लगे प्याऊ से समरसेबुल की चोरी हो गई है। समरसेबुल की चोरी हो जाने के कारण आसपास के 100 घरों के लोगों को पानी के लिए भटकना पड़ रहा है। आवेदन में नगर आयुक्त से अनुरोध किया गया है कि उक्त प्याऊ में समरसेबुल की व्यवस्था की जाए और अज्ञात चोरों के खिलाफ कार्रवाई की जाए। आवेदन में लिखा है कि 21 मई की रात समरसेबुल, कॉलम पाइप व पैनल बोर्ड आदि चुरा के ले गए, जिसकी जानकारी सुबह 4 बजे हुई। वार्ड सदस्य हीरो कुमार यादव समेत दीपक कुमार, सुधा कुमारी, सरिता देवी, गुड़िया कुमारी, सचिन पासवान, रामविलास यादव समेत दर्जनों लोगों ने मांग किया है कि समरसेबुल चोरी करने वाले गिरोह के विरूद्ध आवश्यक कार्रवाई की जाए। इसके अलावा प्याऊ के पास विरेन्द्र यादव घर के सामने सीसीटीवी कैमरा लगा हुआ है, उसकी जांच होने पर चोरी करने वालों की शिनाख्त हो जाएगी।

## नगर क्षेत्र के माता स्थान और बनवर्षा ठाकुरबाड़ी में चोरी

**हवेली खड़गपुर।** खड़गपुर थाना क्षेत्र में सोमवार की देर रात बेखौफ चोरों ने बनवर्षा के तीन घरों में चोरी की घटना को अंजाम दिया। मंगलवार की देर रात बनवर्षा गांव के ठाकुरबाड़ी से अज्ञात चोरों ने घंटी की चोरी कर ली। यही नहीं नगर के माता स्थान शीतला मंदिर से आम के लकड़ी की सिल्ली, टाइल्स और 3 क्विंटल छड़ की चोरी कर ली गई। हालांकि माता स्थान शीतला मंदिर में चोरी की घटना को लेकर पुजारिन पश्चिम अजीमगंज निवासी मीरा देवी ने खड़गपुर थाना को आवेदन से बताया कि मंदिर निर्माण को लेकर रखा आम की लकड़ी का चार सिल्ली, टाइल्स और तीन क्विंटल छड़ की चोरी पश्चिम अजीमगंज निवासी स्व. राजपति यादव का पुत्र संजय यादव ने किया है। अविलंब चोरी करने वाले संजय यादव की गिरफ्तारी की गुहार लगाई है।

## सेविका के असामयिक निधन पर जताया शोक

**हवेली खड़गपुर।** बाल विकास परियोजना हवेली खड़गपुर के अन्तर्गत तेलियाडीह पंचायत के पहाड़पुर बनवर्षा स्थित आंगनबाड़ी केंद्र संख्या-189 की सेविका सुनीता देवी की असामयिक निधन से सेविका, सहायिका समेत आंगनबाड़ी कर्मी और बिहार राज्य आंगनबाड़ी कर्मचारी यूनियन ने गहरा शोक प्रकट किया है। बिहार राज्य आंगनबाड़ी कर्मचारी यूनियन के जिलाध्यक्ष शिव शंकर चौधरी ने बताया कि मंगलवार को सेविका सुनीता देवी आंगनबाड़ी केंद्र से वापस घर आई, तभी उनकी तबियत बिगड़ने लगी। इलाज के लिए चिकित्सक के पास ले जाया गया। जहां ब्रेन हेमरेज की वजह से मौत हो गई। संघ के जिलाध्यक्ष ने सरकार एवं संबंधित पदाधिकारी से मृतक सेविका के परिवार को चार लाख अनुदान राशि के अलावा बीमा के तहत राशि देने की मांग की।

## महाविद्यालय की समस्याओं को लेकर छात्र राजद ने प्राचार्य को सौंपा ज्ञापन

**तारापुर।** राष्ट्रीय जनता दल छात्र प्रकोष्ठ चुनाव आचार संहिता के समाप्ति के उपरांत महाविद्यालय में तालाबंदी कर सकती है। छात्र राजद के अध्यक्ष अंकित कुमार झा ने अपने सहयोगियों संग महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉक्टर उदय शंकर दास को लंबित मांगों का ज्ञापन सौंपा है। अपने ज्ञापन के माध्यम से संघ के सदस्यों ने कहा है कि 19 मार्च को महाविद्यालय में छात्र-छात्राओं के बुनियादी सुविधा बहाल करने के लिए मांग पत्र दिया गया था। प्रभारी प्राचार्य के माध्यम से आश्वस्त किया गया था कि एक पखवाड़ा के अवधि में सुविधा बहाल कर दी जाएगी। दुखद स्थिति है कि दो महीने बीतने के बावजूद स्थिति जस की तस बनी हुई है। किसी प्रकार की पहल नहीं की जा रही है। पूर्व के ज्ञापन में सुझाए गए मांगों की पूर्ति नहीं होने की स्थिति में आदर्श चुनाव आचार संहिता समापन के बाद छात्र राजद महाविद्यालय में अपने आंदोलन को तेज करते हुए तालाबंदी का निर्णय ले सकती है। आनंद कुमार झा, सूरज कुमार, जीत कुमार, चौधरी सहित कई अन्य साथ थे।

# सो रही नाबालिग को घर से उठाकर ले गए दबंग

निज संवाददाता। बेगूसराय

बेगूसराय के एक गांव में हथियार के बल पर 14 साल की नाबालिग लड़की का अपहरण करने का मामला सामने आया है। जानकारी के अनुसार गांव के दबंग लोगों ने दलित परिवार की एक लड़की को उसके घर से 10 दिन गायब किया था। इतने दिनों से दबंगों ने लड़की वापस कर देने का प्रलोभन देकर और डरा धमका कर थाना जाने से रोक रखा था। जब दस दिन के बाद भी लड़की को वापस नहीं किया तो ग्रामीणों के सहयोग से परिजन ने थाना पहुंचकर अपहरण का मामला दर्ज कराया है। उसके बाद घटना सार्वजनिक हो सकी है। फिलहाल स्थानीय थाना की पुलिस अपहृत लड़की और आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी करने का दावा कर रही है। घटना के संबंध में अपहृत लड़की की मां ने बताया कि 15 मई की रात 12 बजे वह लोग जब घर में सो रहे थे। तब हथियार



के साथ गांव के तीन दबंग आए और जबरन उसके घर में घुसकर उनकी नाबालिग बेटी का अपहरण कर लिया। पिस्टल से डराकर बोला कि कुछ दिन बाद वापस भेज देंगे। इसके बाद 19 मई को परिवार के सब लोग बेटी को छोड़ देने की गुहार लगाने आरोपियों के घर गए। वहां पर उन लोगों ने सड़क पर घसीटते हुए सभी को लात और मुक्का से मारा और अधमरा कर दिया। हल्ला सुनने पर ग्रामीण ने बीच-बचाव कर सभी को अस्पताल में भर्ती कराया। मामले की जानकारी ग्रामीणों को भी उसी समय मिली जब दबंगों ने परिवार के लोगों से मारपीट की। ग्रामीणों ने फिर शिकायत दर्ज कराने को कहा।

## '3 किलोमीटर पैदल जाती हूं सर, मनचले देते हैं गाली देते हैं'

# छात्राओं ने की स्कूल ट्रांसफर करने की मांग, BEO से लगाई गुहार

निज संवाददाता। भागलपुर

भागलपुर में नौवी कक्षा की दर्जनों छात्रा मनचलों से परेशान होकर स्थानांतरण की मांग को लेकर शनिवार को प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी के पास लिखित शिकायत करने पहुंची। उन्होंने लिखित शिकायत में कहा है कि इसी वर्ष मार्च 2024 में हम अपना नामांकन उच्च विद्यालय बहादुरपुर में कराई हूं। मेरा विद्यालय मेरे घर से लगभग तीन किलोमीटर की दूरी पर है और स्कूल आने जाने का कोई सुविधा नहीं है। हम लोग को प्रत्येक दिन इस भीषण गर्मी में पैदल स्कूल जाना पड़ता है। NH-80 से हमारे स्कूल के बीच में कोई घर मकान नहीं है. बिल्कुल जंगल और बगीचा है। जिसमें बहुत सारे नशेड़ी और मनचले लोग हम लोगों को जंगली रास्ता देखकर प्रत्येक दिन



छेड़खानी करता है और अनेकों प्रकार की एक-एक कर धमकियां देता है।

**उच्च विद्यालय बहादुरपुर से स्थानांतरण की है मांगः** वह मनचले हम लोगों को गंदी-गंदी गाली देता है। तो कभी मोबाइल से रफ सब गाना बजता है। और कभी तो हम लोगों हाथ पकड़ता है अब हम लोग बहुत इस मनचलों से तंग आ गए हैं जैसा लग रहा है कि मेरा भविष्य खराब होने वाला है। यह सारी बात जब हम अपने गार्जियन को बोलते हैं तो मनचले हमारे गार्जियन को भी अनेकों प्रकार की धमकियां देते हैं। स्कूल के सर लोग बोलते हैं कि हम लोग स्कूल तक ही आप लोग को देखरेख कर सकते हैं। इससे बाहर हमारी कोई जिम्मेदारी नहीं है। हम लोग उसे मनचले को नहीं पहचानते हैं। वह लोग 10 से 15 की संख्या में रहते हैं। यह सभी परेशानियों को देखते हुए अपने भविष्य को सुरक्षित रखने के लिए हम उच्च विद्यालय बहादुरपुर से स्थानांतरण प्रमाण पत्र लेकर हमारे बगल के सुविधाजनक और सुरक्षित स्कूल बालिका उच्च विद्यालय सबौर भागलपुर में नामांकन करना चाहती हूं। सबौर के प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी को लिखित रूप से दो दर्जन से अधिक छात्राओं ने देकर स्थानांतरण की मांग की है। यही नहीं लिखित आवेदन में उन्होंने कहा है कि अगर हम लोगों की मांग पूरी नहीं होगी तो हम लोग पढ़ाई छोड़ देंगे यदि हमारा भविष्य खराब हुआ तो इसकी जिम्मेदारी भागलपुर के शिक्षा विभाग होंगे।

# मुंगेर में तालाब से मिला अधेड़ का शव

निज संवाददाता। मुंगेर

मुंगेर के सफियासराय थाना क्षेत्र के गौरीपुर स्थित गंगटी तालाब के पास से पुलिस ने 55 साल के व्यक्ति का शव बरामद किया है। घटना की जानकारी मिलने के बाद सफियासराय, कासिम बाजार थाने की पुलिस मौके पर पहुंची। तालाब में तैर रहे शव को परिजनों के सहयोग से बाहर निकाला गया। मृतक की पहचान सफियावाद थाना क्षेत्र के हलिमपुर निवासी कुसो मंडल का 55 साल के बेटे किसान दयानंद मंडल के रूप में की गई। परिजनों ने बताया कि मृतक शुक्रवार की सुबह से लापता था। काफी खोजबीन भी की जा रही थी। लेकिन पता नहीं चल पाया था। आज दोपहर गंगटी तालाब में तैरता हुआ शव स्थानीय लोगों द्वारा देखा गया। जहां जानकारी परिजनों को दी गई। परिजन मौके पर पहुंचे और शव की पहचान की। वहीं, सफियासराय थाना प्रभारी अमरेश कुमार ने बताया कि स्थानीय लोगों द्वारा सूचना दी



गई। पुलिस मौके पर पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए मुंगेर भेजा जा रहा है। उन्होंने बताया कि हत्या या डूबने से मौत हुई है। इसका खुलासा पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद ही पता चलेगा। पुलिस ने तालाब के पास से मृतक का गमछा, चप्पल और लाठी को भी बरामद किया है। वैसे पुलिस हर एंगल से मामले की जांच में जुटी हुई है। घटना के बाद मृतक के परिजन का रो-रोकर बुरा हाल है। इधर, मृतक की पत्नी दरियापुर निवासी लखन यादव का बेटा राजा यादव सहित अन्य पर हत्या का आरोप लगाया है। मृतक की पत्नी ने बताया कि राजा यादव का 2 भैंस का बच्चा दयानंद मंडल 1 साल पहले पोसने के लिए लिया

♦ परिजनों ने लगाया हत्या का आरोप

हुआ था। शुक्रवार की अहले सुबह भैंस का बच्चा अचानक राजा यादव के घर पर चला गया। इसके बाद जब दयानंद भैंस के बच्चा को लेने के लिए राजा यादव के पास गया तो वह भैंस का बच्चा देने से इनकार कर दिया। इस बीच दोनों के बीच विवाद भी हुआ था।

परिजनों द्वारा बताया गया कि राजा यादव दबंग है। इसी कारण उसने हत्या किया है। इधर, घटना के बाद पुलिस इसकी जांच में जुटी हुई है। इधर घटना को लेकर सफियाबाद थानाध्यक्ष अमरेश कुमार ने बताया कि तालाब से दयानंद मंडल का शव बरामद किया गया है। अब हत्या है या उसकी डूबने से मौत हुई है यह पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट के बाद ही खुलासा हो पाएगा।

# लूट का विरोध करने पर तीन मजदूरों पर हमला

निज संवाददाता। बेगूसराय

बेगूसराय में बेखौफ बदमाशों ने लूटपाट के दौरान तीन युवकों को चाकू मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया, जिसमें एक युवक को हालत गंभीर रहने के कारण हायर सेंटर रेफर कर दिया गया है। घटना नावकोठी और डंडारी थाना क्षेत्र के सीमावर्ती बूढ़ी गंडक नदी के इस्फा पुल की है। घायल युवकों की पहचान डंडारी थाना क्षेत्र के मोहीउद्दीपुर वार्ड नंबर-6 निवासी श्याम साह के पुत्र बिट्टू कुमार साह, उमेश रजक के पुत्र सिंटू कुमार और दिलखुश कुमार उर्फ छोटू के रुप में की गई है। सिंटू कुमार के पेट में चाकू से की की हालत गंभीर रहने कई बार गोदे जाने से आंत बाहर आ जाने के कारण हायर सेंटर रेफर कर दिया गया है। जबकि, बिट्टू कुमार साह का इलाज सदर अस्पताल में चल रहा है।



**10-12 बदमाशों ने किया हमलाः** घटना के संबंध में बताया जा रहा है कि तीनों युवक बेगूसराय में मजदूरी करते हैं। तीनों ऑटो से बेगूसराय में रजौड़ा आए तथा यहां से दूसरे ऑटो से रजौड़ा से इस्फा पुल पहुंचे। इस्फा पुल से उतर कर तीनों पुल के रास्ते गांव की ओर जा रहे थे। तभी 10-12 बदमाशों ने रोककर पिस्तौल और चाकू के बल पर लूटपाट की कोशिश करने लगे। इस दौरान विरोध करने पर बदमाशों ने चाकू से हमला कर दिया। घायल बिट्टू का कहना है कि बदमाश एक चार चक्का गाड़ी और बाकि पैदल नहीं घात लगाए बैठे हुए थे।

# पैसा मांगा तो जिंदा जलाने की धमकी

## बेगूसराय से पिता और तीन बेटों को 7 महीने पहले ले गया था, तीन भागकर पहुंचे घर, एक लापता

निज संवाददाता। बेगूसराय

बेगूसराय से ईंट-भट्ठा पर काम करने पंजाब ले जाए गए चार मजदूरों को मजदूरी मांगने पर चिमनी में जलाकर मारने का प्रयास किया गया है। ऐसे में किसी तरह तीन मजदूर अपने घर आ गए हैं, जबकि एक अभी भी लापता है। लापता मजदूर की मां ने थाने में आवेदन देकर बरामदगी की गुहार लगाई है। पूरा मामला छौड़ाही थाना क्षेत्र का है, जहां से पनसल्ला निवासी अमरजीत यादव अपने गांव के ही मोहम्मद अनवर (44), उसके बेटे नाजिम उर्फ गुड्डू (22), असगर (18) और अजहर (20) को 15 हजार प्रति महीने पर पंजाब के चंडीगढ़ में ईंट-भट्ठा पर काम करने के लिए सात महीने पहले ले गया था। सात महीने तक काम के दौरान इन लोगों को परिवार से बात करने नहीं दिया गया। काम खत्म हो जाने के बाद, जब घर जाने के लिए पैसा मांगा तो मारपीट की गई। चिमनी में झोंककर जला देने की धमकी दी गई। वहां से किसी तरह से मोहम्मद अनवर और उसका बेटा अजहर किसी तरह से भागने निकले, लेकिन बड़ा बेटा गुड्डू फंस गया, उसके साथ मारपीट की गई। वहीं सबसे छोटा बेटा असगर अब तक गायब है।

# मुंगेर में मादक पदार्थ खरीद-बिक्री करने वाला तस्कर गिरफ्तार, 14 पुड़िया मादक पदार्थ के साथ 3 तस्कर गिरफ्तार

निज संवाददाता। मुंगेर

मुंगेर जिला अंतर्गत कोतवाली थाना पुलिस ने शनिवार को मादक पदार्थ की खरीद-बिक्री करने वाला 3 लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास 14 पुड़िया 280 मिलीग्राम बरामद किया है। इसके अलावा 3 मोबाइल, 1 बाइक, मादक पदार्थ वेट करने वाली दो मशीन, पेपर फॉल एक बंडल और नगर 15 हजार रुपए बरामद किया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान कोतवाली थाना क्षेत्र के लाल दरवाजा निवासी ओपी यादव को बेटा गोबिंद यादव, मुपस्सिल थाना क्षेत्र के नौवागढ़ी निवासी स्व. सुरेंद्र कुमार का बेटा शुभम कुमार और कासिम बाजार थाना क्षेत्र के बिंदवारा निवासी स्व.कौशल किशोर सिंह का बेटा एकलव्य कुमार को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया। इसकी जानकारी शनिवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान



सदर डीएसपी राजेश कुमार ने दी। वहीं, छापेमारी दल में सदर डीएसपी राजेश कुमार, कोतवाली थानाध्यक्ष राजीव कुमार तिवारी और सहित थाना के पुलिस जवान मौजूद थे।

**गुप्त सूचना पर पुलिस ने की कार्रवाईः** DSP ने बताया कि शनिवार को सूचना मिला कि कोतवाली थाना क्षेत्र के लाल दरवाजा निवासी गोबिंद यादव से अवैध मादक पदार्थ की खरीद-बिक्री कर कुछ लोग लाल दरवाजा से किला की ओर आ रहे हैं। इसके बाद एसपी सैयद इमरान मसूद के आदेश पर सदर डीएसपी के नेतृत्व में छापेमारी करने के लिए एक टीम का गठन किया गया। इसके बाद पुलिस ने किला में सघन वाहन जांच करना शुरू कर दिया। इस दौरान पुलिस ने तेज गति से आ रहे एक बाइक पर दो व्यक्ति को रोका। पूछताछ के क्रम में दोनों व्यक्ति ने अपना नाम एकलव्य कुमार और शुभम कुमार बताया है।

**पुलिस ने दोनों व्यक्ति की ली तलाशीः** जब पुलिस ने दोनों व्यक्ति की तलाशी ली तो उसके पास से 20 पुड़िया 20 मिलीग्राम का अवैध मादक पदार्थ बरामद किया गया। इसके अलावा 15 हजार रुपए भी बरामद किया गया। इसके बाद पुलिस ने बाइक को जब्त कर लिया। गिरफ्तार व्यक्ति के निशानदेही पर पुलिस ने लाल दरवाजा में छापेमारी कर गोविंद यादव के घर से एक पुड़िया मादक पदार्थ, मादक पदार्थ वेट करने वाली मशीन सहित अन्य सामान को बरामद करते हुए गोबिंद यादव को गिरफ्तार कर लिया।

# 1 जून तक चलेगा विशेष सफाई अभियान दिन में कंस्ट्रक्शन वेस्ट की जांच

निज संवाददाता




**पटना**। 1 जून को मतदान निर्धारित है। आम लोक सभा निर्वाचन-2024 के क्रम में पटना नगर निगम इस अवसर पर निगम के हर वार्ड, सेक्टर और सभी मतदान केन्द्रों का विशेष सफाई अभियान आज से 29 मई तक चलाएगी। निगम की ओर से कहा गया कि सफाई के बावजूद जहां-तहां कंस्ट्रक्शन वेस्ट फेंके जा रहे हैं। इसके कारण वार्ड की सफाई पूरी नहीं हो पाती है। अब निगम इसके लिए हर एक वार्ड को सीएनडी (कंस्ट्रक्शन एंड डिमोलिशन) वेस्ट से मुक्ति के लिए अभियान चला रहा है। इस अभियान के तहत संबंधित वार्ड नोडल पदाधिकारी के नेतृत्व में प्रत्येक वार्ड के सफाई निरीक्षक, सेक्टर पर्यवेक्षक के द्वारा प्रत्येक दिन में सेक्टर वार अपने-अपने वार्ड में यत्र-तत्र पड़े सीएनडी वेस्ट की सूची और जिओ टैग फोटोग्राफ लेकर का संकलन करेंगे। रात्रि पाली में वार्ड नोडल के नेतृत्व में सभी जोनल निरीक्षक, सफाई निरीक्षक और सेक्टर पर्यवेक्षक सीएनडी वेस्ट का सेक्टर वाइज उठाव सुनिश्चित करेंगे। संबंधित कार्यपालक पदाधिकारी, नगर प्रबंधक और मुख्य सफाई निरीक्षक वार्ड वाइज वाहन यथा- टीपर (407), जेसीबी और बॉबकैक्ट तथा आवश्यकता के अनुसार अन्य संशाधन उपलब्ध करायें गए हैं। पटना नगर निगम को स्थानीय व्यक्तियों के द्वारा मेनहॉल, कैचपीट के ढ़क्कन तोड़ने और चोरी करने की शिकायत भी प्राप्त हुई है। इस परिस्थिति में उक्त अभियान के तहत् सभी मेनहॉल के ढक्कन, कैचपीट और बॉक्स नाला का क्षतिग्रस्त स्लैब के मरम्मति के दिशा में सर्वे करते हुए मरम्मति कराने का निर्णय लिया गया है। इसके लिए सभी संबंधित वार्ड नोडल पदाधिकारी द्वारा संबंधित वार्ड पार्षद से समन्वय स्थापित कर वार्ड के सफाई निरीक्षक और सेक्टर पर्यवेक्षक के साथ हर एक दिन अपने-अपने वार्ड में सेक्टर-वाइस खुले मैनहोल/ कैचपीटों/ बॉक्स नाला का क्षतिग्रस्त स्लैब की पहचान करेंगे और जिओ टैग फोटोग्राफ लेते हुए वार्डों में खुले मैनहोलों कैचपीटों की पहचान करते हुए उसकी सूची तैयार करेंगें।

# नौतपा का इफैक्ट, 14 जिलों में हॉट-डे का अलर्ट

**पटना (नि.सं.)**। देश में 25 मई से नौतपा शुरू हो गया है, जिसका असर बिहार के कई जिलों में दिखने लगा है। मौसम विभाग ने आज बिहार के 14 जिलों में हॉट-डे का यलो अलर्ट जारी किया है। इनमें बक्सर, कैमूर, रोहतास, औरंगाबाद, भोजपुर, अरवल, गया, जहानाबाद, पटना, नालंदा, नवादा, शेखपुरा, लखीसराय और बेगूसराय शामिल है। इन जिलों में दिन के समय कड़ी धूप निकलेगी। दूसरी ओर चक्रवातीय तूफान रेमल 26 मई की रात बांग्लादेश और बंगाल से पार कर जाएगा। बिहार में 26 मई को इसका आंशिक असर पूर्वी और पूर्वी मध्य भाग पर पड़ेगा। कुछ स्थानों पर गरज के साथ बारिश, वज्रपात और तेज हवा चलने की संभावना है। इसे लेकर 12 जिलों में यलो अलर्ट जारी किया गया है। पूर्वी और पूर्वी मध्य के जिन भागों में बारिश का अलर्ट है, उनमें जमुई, बांका, भागलपुर, मुंगेर, सहरसा, खगड़िया, कटिहार, मधेपुरा, पूर्णिया, सुपौल, अररिया और किशनगंज शामिल है। मौसम विभाग के अनुसार आज बंगाल की खाड़ी से उठे रेमल चक्रवर्ती तूफान बांग्लादेश और पश्चिम बंगाल के तट से टकराने वाला है। इस दौरान हवा की गति 110 से 120 किमी प्रति घंटा होगी। वहीं, इसका अप्रत्यक्ष रूप से प्रभाव बिहार पर भी पड़ेगा। पटना मौसम विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक एसके पटेल ने बताया कि रेमल तूफान के चले जाने के बाद बिहार में दक्षिणी पछुआ हवा चलेगी। इससे नमी में कमी होगी।

# पीएम मोदी पर राजद सांसद मनोज झा ने साधा निशाना



निज संवाददाता

**पटना**। सांसद मनोज झा ने बड़ा बयान दिया है। उन्होंने राजद कार्यालय में कहा है कि पीएम नरेंद्र मोदी गरिमा विहीन होते जा रहे हैं। तेजस्वी यादव को 4 जून के बाद जेल भेजने की धमकी दे रहे हैं। क्या आप न्यायालय को भी मैनेज करने की सोच रखते हैं। उनकी परेशानी का कारण तेजस्वी का परिवर्तन पत्र है। जो नौकरी, रोजगार बढ़ाने की बात करता है। महंगाई कम करने की बात करता है। जो महिलाओं को प्रतिवर्ष 1 लख रुपए देने की बात करता है। मनोज झा ने आगे कहा कि प्रधानमंत्री को पॉलिटिकल बात करनी चाहिए। दुनिया में किसी भी पीएम ने इतनी अशुभनीय बात नहीं की है। यह गीदड़ भभकी नहीं चलेगी। मामला बहुत आगे चला गया है। प्रधानमंत्री जी आपने अपने पद की गरिमा के साथ जितना अन्याय किया है हमने आज तक किसी को ऐसा करते नहीं देखा है। जब तेजस्वी कहते हैं क्या आरक्षण खत्म कर देंगे। कैसे होगा ये भी बताता हूं। आर्टिकल 15 और 16 सरकारी नौकरियों की बात करता है। आपने सरकारी नौकरियां ही खत्म कर दी। जातीय जनगणना समेत कई ऐसे मुद्दे हैं जिन पर आपको जवाब देना चाहिए। लेकिन आप तेजस्वी को धमकी दे रहे हैं। राजद से राज्यसभा सांसद मंडल कमीशन के रिपोर्ट आपने नहीं पढ़ी। देश के प्रधानमंत्री को इतना अज्ञानी नहीं होना चाहिए। उन्होंने कहा कि अंतिम में में यही कहना चाहता हूं। रघुपति राघव राजा राम...सबको सम्मति दे भगवान। मनोज झा ने कहा कि प्रधानमंत्री जी इंतजार कीजिए, सभी लोगों की फाइल खुलती है।

# शिक्षक अभिभावक संगोष्ठी में बच्चों में शैक्षणिक विकास पर हुई चर्चा

निज संवाददाता



**नवादा**। बी पी एस पब्लिक स्कूल राम नगर नवादा में शिक्षक अभिभावक संगोष्ठी सह बच्चों में नैतिक मूल्यों का पतन तथा बच्चों पर मोबाइल फोन का बढ़ता दुष्प्रभाव नामक शीर्षक पर सेमिनार का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के निर्देशक पंकज कुमार तथा प्राचार्य मनोरंजन कुमार सिन्हा के द्वारा किया गया। इस मौके पर विद्यालय के निर्देशक पंकज कुमार ने बताया कि दिन प्रतिदिन बच्चों में नैतिक मूल्यों की कमी होती जा रहीं है। ऐसे में अध्यापकों के साथ साथ अभिभावकों की भी जिम्मेदारी बढ़ जाती है कि वे बच्चों को इन सारी बातों के बारे में जानकारी प्रदान करें। आज के बच्चों में अपने गुरु, माता पिता तथा अपनों से बड़ों के प्रति आदर नहीं देखा जा रहा है। इस पर उन्होंने चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि शिक्षा तब तक अधूरी है जब तक बच्चों को शिक्षा के साथ साथ संस्कार के साथ न जोड़ा जाए। और मुझे इस बात की पूरी खुशी है के हमारे सारे शिक्षक साथी बच्चों को शिक्षा के साथ साथ अच्छे संस्कार भी दे रहे हैं। इस दौरान उन्होंने छात्रों को अपने मन से डर निकालकर सच के प्रति आवाज उठाने के लिए प्रोत्साहित करते हुए अपने माता पिता का आदर करने के लिए प्रेरित किया। इसके अलावा उन्होंने छात्रों को तर्कसंगत सोच अपनाने को कहा। उन्होंने कहा कि हर विद्यार्थी को किंतु परंतु छोड़ कर तर्कसंगत सोच अपनाना चाहिए। विद्यालय के निर्देशक पंकज कुमार ने इस बार गर्मी की छुट्टियों में बच्चों के साथ साथ अभिभावकों को भी कुछ होम वर्क दिया, जैसे कि अपने बच्चों के साथ कम से कम दिन में दो बार खाना जरूर खाएं और उन्हें खाना बरवाद न करने के लिए प्रेरित करें। अपने बच्चों को बाहर जाकर खेलने दें, चोट लगने दें, गंदा होने दें, क्योंकि कभी कभार गिरना और सहना बच्चों के लिए अच्छा होता है। अपने बच्चों को टीवी, मोबाइल, कंप्यूटर, और इलेक्ट्रॉनिक गैजेट्स से दूर रखें, इसके बदले उन्हें किताबें पढ़ने के लिए प्रेरित करें। कार्यक्रम की शुरुआत में नारद संग्रहालय के द्वारा आयोजित कार्यक्रम में शामिल सभी छात्र और छात्राओं को विद्यालय के प्राचार्य के द्वारा सम्मानित किया गया। इस मौके पर विद्यालय के बच्चे और बच्चियों यथा प्राची राज, श्रुति आदि ने भी अपने अभिभावकों को संबोधित किया। साथ ही साथ विद्यालय के सारे शिक्षकों ने जैसे सारिका भगत, शिव शंकर, जूही, नूतन, पूजा, आरती, समृद्धि, सुनिला, पम्मी आदि ने भी इस मौके पर अपने अपने विचारों को अभिभावकों के साथ साझा किया।

# पटना सिटी के बैरिया में वोट बहिष्कार की तैयारी

**पटना (नि.सं.)**। सिटी के मानपुर बैरिया में स्थानीय लोगों ने आगामी 1 जून को होने वाले मतदान का बहिष्कार करने का ऐलान कर दिया है। रविवार को स्थानीय लोग सड़क पर उतर आए। लोगों ने 'रोड नहीं और नाल नहीं तो वोट नहीं' का आवाज बुलंद करते हुए विरोध जुलूस निकाला। पटना साहिब लोकसभा क्षेत्र के बेरिया मानपुर वार्ड संख्या 24 के स्थानीय लोगों ने रविवार को आगामी 1 जून को होने वाले मतदान का बहिष्कार करने का ऐलान कर दिया है। रविवार को वार्ड संख्या 24 के स्थानीय ग्रामीण, महिला, पुरुष सड़क पर उतर आए और लोगों ने जमकर विरोध प्रदर्शन किया। स्थानीय लोगों ने बताया कि वार्ड संख्या 24 के मानपुर बैरिया में सबसे बड़ी समस्या जर्जर सड़क और जल जमाव की है। नाला की समुचित व्यवस्था नहीं होने के कारण बरसात के मौसम में लोगों को कई दिनों तक हाउस अरेस्ट करना पड़ता है। स्थानीय लोगों ने बताया कि यहां की सड़क पूरी तरह टूटी पड़ी है। मोहल्ला के रोहित कुमार ने बताया कि 15 वर्षों से स्थानीय लोग सड़क की मांग करते रहे हैं। मोहल्ले में सड़क का निर्माण नहीं हो सका है।

# जमीन विवाद को लेकर युवक ने पत्नी और सास को मारी गोली

**पटना (नि.सं.)**। पटना के बाढ़ थाना क्षेत्र में एक युवक ने जमीन विवाद में अपनी पत्नी और सास को गोली मार दी। दोनों को इलाज के लिए पटना के पीएमसीएच में भर्ती कराया है। घायलों की हालत गंभीर बनी हुई है। घटनास्थल से चार खोखा और एक बाइक बरामद हुआ है। जानकारी के मुताबिक दाम्हा गांव निवासी मृत्युंजय कुमार उर्फ पान सिंह का अपनी पत्नी कंचन देवी(35) और सास सीता देवी(55) के साथ जमीन को लेकर विवाद चल रहा था। जमीन सीता देवी के नाम पर है। मृत्युंजय कुमार उसमें हिस्सा चाह रहा था। रविवार को दोनों मां-बेटी कंचन देवी और सीता देवी(55) विवादित जमीन पर नापी के लिए पहुंची थी। इस बात से नाराज होकर मृत्युंजय ने गोली मार दी। वारदात के बाद मौके से फरार हो गया। ग्रामीणों की सूचना पर स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची। घायलों को अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने दोनों को पीएमसीएच रेफर कर दिया। घटना की पुष्टि करते बाढ़ अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अपराजिता लोहान ने की है। उन्होंने बताया कि आरोपी फरार है। गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है। पुलिस अपने स्तर से छानबीन कर रही है।

# इंडिया गठबंधन को मिल चुकी हैं 272 सीटें" कांग्रेस नेता पवन खेड़ा का बड़ा दावा

निज संवाददाता



**पटना**। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के मीडिया और पब्लिसिटी विभाग के चेयरमैन पवन खेड़ा ने कहा है कि हार के डर से भाजपा और सहयोगी दलों के नेता नींद की गोली खाने लगे हैं। यही कारण है कि असम सहित देश भर में नींद की गोली की कमी हो गई है। खेड़ा शनिवार को कांग्रेस प्रदेश मुख्यालय सदाकत आश्रम में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने भाजपा के 400 पार के नारे पर कहा कि उन्हें (भाजपा) को 200 से भी कम सीटें मिलेंगी। कांग्रेस और आइएनडीआइए को उम्मीद से ज्यादा जनता का समर्थन मिल रहा है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की सालाना 30 लाख नौकरी की गारंटी पर नौजवानों में बहुत अधिक उत्साह है। आत्मनिर्भर भारत के नाम पर 80 करोड़ लोगों को मुफ्त राशन पर निर्भर करा दिया। खेड़ा ने कहा कि देश में सरकार बदल रही है। पिछले पांच चरणों के चुनाव में ही देश भर में कांग्रेस सहित इंडी गठबंधन के दलों को 272 से अधिक सीटें मिल चुकी हैं। चार जून को रिजल्ट इंडी गठबंधन के पक्ष में आना तय है। खेड़ा ने कहा कि 2014 में जब नरेन्द्र मोदी प्रधानमंत्री बने तो उन्हें लालकृष्ण आडवाणी और मुरली मनोहर जोशी जैसे नेताओं जरूरत नहीं रही। बाद में उन्हें आरएसएस की भी जरूरत नहीं रही। प्रधानमंत्री चुनावी भाषण में अपने 10 वर्षों के कार्यकाल में सरकार की उपलब्धियां नहीं गिना रहे। बल्कि मछली, मंगलसूत्र की बात कर रहे। प्रधानमंत्री के बयान पर पूरा विश्व हंस रहा है। उन्होंने पद की गरिमा कम की है। इस मौके पर आलोक शर्मा, प्रेमचंद्र मिश्र, राजेश राठौर, डॉ मधुबाला, प्रो.अंबुज किशोर झा आदि मौजूद थे।

# बंगाल की खाड़ी में उठा तूफान बांग्लादेश के तटीय इलाके से टकराएगा

निज संवाददाता




**पटना**। बंगाल की खाड़ी में उठा तूफान रविवार की रात बांग्लादेश के तटीय इलाके से टकराएगा। इसका प्रभाव राज्य के वातावरण पर भी पड़ेगा और सोमवार से प्रदेश के तापमान में थोड़ी कमी आने की उम्मीद की जा रही है। वर्तमान में तूफान बंगाल की खाड़ी के मध्य भाग से गुजर रहा है। तूफान के कारण प्रदेश के कुछ भागों में तेज हवा चलने के साथ वर्षा भी हो सकती है। वहीं, दूसरी ओर शनिवार को भीषण गर्मी से प्रदेश का अधिकांश भाग तपता रहा। शनिवार को बक्सर राज्य का सर्वाधिक गर्म स्थान रहा। बक्सर में अधिकतम तापमान 44.6 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। बांका में राज्य में न्यूनतम तापमान 26.4 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया। वहीं, राजधानी में अधिकतम तापमान 40.9 एवं न्यूनतम तापमान 30.6 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। रविवार को भी राज्य में भीषण गर्मी जारी रहेगी। राजधानी समेत पूरे प्रदेश का वातावरण आजकल काफी गर्म है। शनिवार की सुबह से ही तीखी धूप एवं उमस ने पसीने छुड़ाना शुरू कर दिया। दोपहर में तो हवा इतनी गर्म हो गई कि सड़कों पर चलने पर लगता था कि बदन झुलस जाएगा। इसका असर राजधानी की सड़कों पर भी दिखा। दोपहर में बहुत कम लोग सड़कों पर दिखाई पड़े। दिन में राजधानी के बाजारों में भी भीड़ कम रही। सूर्यास्त के बाद भी हवा गर्म थी। मौसम विज्ञानियों का कहना है कि इस वर्ष समय से ही राज्य में मानसून आएगा। सामान्यतः राज्य में मानसून का आगमन 14 एवं 15 जून को होता है। इस वर्ष राज्य में मानसून की अच्छी वर्षा होने की उम्मीद की जा रही है। प्रायः राज्य में एक हजार मिलीमीटर वर्षा होती है। वर्तमान में प्री-मानसून का दौर है। इस समय भी प्रदेश के कुछ भागों में मेघ गर्जन के साथ वर्षा हो रही है।

# गन्ने के खेत में आग लगने से फसल जलकर खाक

**नवादा (नि.सं.)**। जिले के सीतामढ़ी थाना क्षेत्र पाली कला पंचायत देवरा बेल दारी गांव के बार में गन्ने क़े खेत में आग लगने से देखते ही देखते लाखों की गन्ना जलकर राख हो गया। पीड़ित किसान ने थाना में आवेदन देकर कार्रवाई की मांग करते हुए कहा है, कि किसी ने ईर्ष्या क़े भावना से आग लगा दिया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। जिले के सीतामढ़ी थाना क्षेत्र के पाली कला पंचयात अंतर्गत देवरा बेलदारी ग्राम के कई खेतों में लगे गन्ना जल गया। देवरा बेलदारी निवासी स्व. भरत चौहान के पुत्र श्याम सुन्दर चौहान ने बताया कि उनके घर से कुछ दूरी पर एक बीघा जमीन में ईख का फसल लगा था, फसल भी लगभग तैयार था। भीषण गर्मी क़े कारण गन्ना का पत्ता सूख गया था।

# पीपीयु पीजी वोकेस्नल कार्स परीक्षा फार्म की डेट जारी

निज संवाददाता



**पटना**। पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय ने पीजी वोकेशनल सेमेस्टर टू (2023-25) और चतुर्थ (2022-24) में परीक्षा फॉर्म भरने की तिथि जारी कर दी है। विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक डा. मनोज कुमार के अनुसार 26 से 29 मई तक फॉर्म ऑनलाइन भरे जाएंगे। जनरल और बीसी टू श्रेणी के विद्यार्थियों को 1,520 रुपये का भुगतान करना होगा। वहीं, अन्य आरक्षित वर्ग के विद्यार्थियों को 940 रुपये शुल्क देना होगा। सेमेस्टर चार के विद्यार्थियों को जनरल व बीसी टू श्रेणी के विद्यार्थियों को 2,420 व आरक्षित वर्ग के विद्यार्थियों को 1,840 रुपये जमा करना होगा। विद्यार्थी खुद से भी आवेदन कर सकते हैं, जिनका डेटा नाट फाउंड हो रहा वे परीक्षा फॉर्म भरने से पूर्व पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय की वेबसाइट से ऑफलाइन फॉर्म डाउनलोड करेंगे। इसके बाद इसे भरकर अपने विभाग में जाकर वहां से जांच कराएंगे। इसके बाद पीपीयू के काउंटर पर इसे जमा करेंगे। विश्वविद्यालय ने कहा कि यूजी रेगुलर व वोकेशनल कोर्स पार्ट वन (बैक व प्रमोटेड) के साथ 2023-26 के विद्यार्थी परीक्षा फार्म नहीं भर पाएं हैं वे अपना आवेदन पीपीयू के काउंटर नंबर एक पर आ कर जमा करेंगे। पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय ने एक जून को पटना और नालंदा में लोकसभा चुनाव होने के कारण चार वर्षीय स्नातक (सत्र 2024-28) में नामांकन के लिए आवेदन की तिथि बढ़ा दी है। घोषित नए तिथि के अनुसार, विद्यार्थी चार जून तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। पहले आवेदन की अंतिम तिथि 25 मई निर्धारित थी।

# मोदी के बयान पर गरमाई सियासत

निज संवाददाता



**पटना**। प्रधानमंत्री मोदी द्वारा चुनावी सभा में तेजस्वी यादव को जेल भेजने की धमकी पर राजद ने पलटवार किया है। राजद के मुख्य प्रवक्ता शक्ति सिंह यादव ने कहा कि मोदी जी लोकसभा चुनावों में बिहार के सबसे लोकप्रिय नेता तेजस्वी यादव को खुली धमकी देते हुए कहा कि चुनाव खत्म होते ही वो तेजस्वी को जेल बंद कर देंगे। उन्होंने कहा कि इसकी वजह यह है कि तेजस्वी यादव ने बिहार में पीएम का पसीना छुड़ा रखा है। प्रधानमंत्री कह रहे है कि तेजस्वी मुझे हराना चाहता है, इसलिए उसे जेल भेजना है। शक्ति सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री को यह पूरे देश को बताना चाहिए कि उन्होंने तेजस्वी जी को धमकी किस हैसियत से दी है? क्या वो फिर अपनी किसी पालतू एजेंसी से तेजस्वी पर कोई मनगढ़ंत केस करवाएंगे? क्या यह प्रधानमंत्री मोदी की सार्वजनिक स्वीकारोक्ति है कि वे जांच एजेंसियों को अपनी मुट्ठी में लेकर घूमते हैं और जब चाहे, जहां चाहे, जैसे चाहे अपनी इच्छा अनुसार विपक्ष के किसी भी नेता को जेल में डाल सकते है? रेड व पूछताछ के नाम पर प्रधानमंत्री हैडलाइन मैनेजमेंट के एक्सपर्ट तो थे, लेकिन अब वो सीधे धमकी पर उतारू हो गए हैं। मुख्य प्रवक्ता ने कहा कि क्या प्रधानमंत्री इसलिए ही संविधान और लोकतंत्र को खत्म करना चाहते हैं। क्योंकि कोई उनकी बात नहीं मानेगा, विरोध करेगा उसे सीधा जेल में डाल देंगे? क्या संविधान समाप्त करने की प्रधानमंत्री की यह सीधी स्वीकारोक्ति नहीं है। क्या प्रधानमंत्री यह कह रहे है कि वो न्यायालय को भी मैनेज कर किसी को भी जेल भेज सजा करा सकते है। उन्होंने सवालिया अंदाज में कहा कि प्रधानमंत्री बिहार और बिहारियों से इतनी नफरत क्यों करते है? कभी वो बिहार के वर्तमान मुख्यमंत्री का डीएनए खराब बताते है, कभी वो बिहारियों कहीं भी को अपमानित कर देते है। मोदी जी कान खोलकर सुन लो, यह बिहार है बिहार! बिहारी किसी बाहरी गुजराती से नहीं डरते? तेजस्वी यादव बिहारी है बिहारी आपकी गीदड़ भभकी से डरने वाला नहीं है।

# नेशनल हाइवे अर्थॉरिटी भी कम जबाबदेह नहीं

**नवादा (नि.सं.)**। जिला सड़क हादसों का पर्याय बनता जा रहा है। यहां बाइक हादसे की सबसे अधिक घटनाएं हो रही हैं। पिछले तीन सप्ताह में 12 बाइक हादसे हुए। इनमें महिलाओं समेत करीब 17 लोगों की मौत हो गयी। मरने वालों में से 17लोग बाइक पर सवार थे। ये हादसे जिले की विभिन्न सड़कों पर हुए। इनमें से चार हादसे जिले की दोनों नेशनल हाईवे एनएच 20 व एनएच 82 पर हुए। इन हादसों में पांच बाइक सवारों की मौत हो गयी। वहीं हादसे के दौरान बाइक पर सवार कई लोग अभी भी जिन्दगी और मौत के बीच झूल रहे हैं। वारिसलीगंज, कौआकोल व नवादा-नारदीगंज मार्ग एवं रविवार को मस्तानगंज क्षेत्र में विजय पेट्रोल पम्प के पास हुई हैं जिसमें नाना एवं नाती की मौत हो गयी इन हादसों ने कई माताओं की गोद सूनी कर दी।

# गर्लफ्रेंड के साथ घूमने गया था युवक, हुआ कुछ ऐसा कि रेलवे ट्रैक पर पड़ा मिला शव

निज संवाददाता



**फुलवारी शरीफ (पटना)**। बिहार के पटना में एक युवक का शव अनीसाबाद रेलवे ट्रैक से परिजनों ने बरामद किया। युवक का सर कूचल हुआ था। परिजना युवक को लेकर एम्स भागे, जहां डाक्टरों ने उससे मृत घोषित कर दिया। युवक के परिजनों ने पुलिस को बताया कि उसके भाई की सर कूचल कर उसके प्रेमिका के घर वालों ने कर दिया है। प्रेमिका के परिजना बार बार धमकी दे रहे थे। शुक्रवार को मेरा भाई प्रेमिका के साथ घुमने गया था। उसके परिजनों को इस बात की जानकारी लग गई थी और फिर परिजनों ने शाम के समय धमकी दी थी। पुलिस ने एम्स में शव को सुरक्षित पोस्टमार्टम के लिए रखवा दिया है। घटना के संबंध में मृतक के परिजनों ने बताया कि वह लोग मूल रूप से अरवल कलेर थाना के समरिया गांव के रहने वाले हैं। शिवपुरी गर्दनीबाग में किराया का मकान लेकर रहते थे और किराना का दुकान खोल रखा था। इस दुकान पर युवराज और उसके पिता बैठते थे। युवराज का मकान मालिक की बेटी के साथ प्रेम-प्रसंग चल रहा था। जिसकी जानकारी लड़की के परिजनों को लग गई थी और बार बार यह लोग धमकी दिया करते थे कि वह उनकी बेटी से बात करना बंद करे। युवराज की बहन खुशबू ने बताया कि मेरा भाई प्रेमिका के साथ के घुमने गया था। जिससे लड़की के परिजनों ने देख लिया था और शाम के समय धमकी दिया था। खूशबू ने बताया कि शनिवार को 11 बजे मेरा भाई दुकान से निकला मगर लौट कर नहीं आया शाम पांच बजे किसी ने फोन कर सूचना दिया कि उसकी हत्या कर शव को अलीनगर रेलवे लाईन पर फेंक दिया गया है। सूचना मिलने पर हम सभी गये तो देखा कि मेरे भाई का सर कूचला हुआ है। हम सब उसे उठा कर एम्स ले लाए जहां डाक्टर से बताया कि वह मर चुका है। परिजनों ने इस संबंध में फुलवारी शरीफ थाना को सूचना दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए एम्स में सुरक्षित रखा दिया है। पुलिस ने परिजनों का बयान दर्ज करने की करवाई कर रही है।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें : www.sonvarshavani.com
ई-पेपर sonvarshavani.com/epaper



# विचार-मंथन

## संपादकीय

## जम्मू-कश्मीर -लोकतंत्र के लिए सराहनीय

इस बार के आम चुनाव में जब बहुत सारी जगहों पर मतदान में उत्साह की कमी देखी जा रही है, कश्मीर घाटी से इसमें बढ़ोतरी के आंकड़े वहां के लोगों में लोकतंत्र के प्रति बढ़ते विश्वास का संकेत देते हैं। बारामूला में अट्ठावन फीसद से ऊपर मतदान हुआ। सोपोर में पिछले लोकसभा चुनाव की तुलना में चार फीसद बढ़ कर इस बार चौवालीस फीसद मतदान दर्ज हुआ। ये आंकड़े ऐसे समय में आए हैं, जब कश्मीर के कई हिस्सों में माहौल अनुकूल नहीं है। मतदान से एक दिन पहले आतंकवादियों ने शोपियां में एक स्थानीय नेता की गोली मार कर हत्या कर दी थी। पहलगाम में भी एक पर्यटक दंपति को निशाना बनाया गया था। आतंकी संगठन लगातार स्थानीय लोगों पर मुख्यधारा की व्यवस्था में हिस्सेदारी से दूर रहने का दबाव बनाते रहे हैं। थोड़े-थोड़े समय पर हो जाते आतंकवादी हमलों से यही लगता था कि दहशतगर्दों को स्थानीय लोगों का समर्थन हासिल है और वे उन्हें पनाह देते हैं। फिर जम्मू-कश्मीर का विशेष दर्जा समाप्त होने के बाद जिस तरह घाटी में लगातार असंतोष नजर आ रहा था, उससे यही आशंका बनी हुई थी कि वहां के लोग चुनावों में उत्साह नहीं दिखाएंगे। शायद यही भय था कि निर्वाचन आयोग ने भी वहां लोकसभा के चुनाव कराने की घोषणा तो कर दी, पर विधानसभा चुनावों को टालना बेहतर समझा। मगर लोकसभा चुनाव में जिस तरह वहां लोग मतदान के लिए घरों से निकले, उससे साफ हो गया है कि उन्होंने दहशतगर्दों के दबाव की परवाह न करते हुए लोकतांत्रिक प्रक्रिया पर भरोसा जताया है। लोग मुख्यधारा व्यवस्था से जुड़ना चाहते हैं। इससे स्वाभाविक ही घाटी और राष्ट्रीय स्तर के सियासी दलों और निर्वाचन आयोग का भी उत्साह बढ़ेगा। इस हकीकत से इनकार नहीं किया जा सकता कि कश्मीर के आम लोग दरअसल अमन चाहते हैं। दहशतगर्दी से उनकी जिंदगी में दुश्वारियों के सिवा और कुछ नहीं आता। आतंकियों और सुरक्षाबलों के टकराव में अक्सर उन्हें अपने रोजी-रोजगार से दूर रहना पड़ता है। सुरक्षा तलाशी और प्रशासनिक सख्ती के चलते हर समय उन्हें एक तरह के खौफ में जिंदगी बसर करनी पड़ती है। इसलिए आम लोग यही चाहते हैं कि खौफ का माहौल खत्म हो, अमन की सूरत बने। चुनाव होंगे, तभी लोकतांत्रिक प्रक्रिया शुरू होगी, उनकी बेहतरी के फैसले किए जा सकेंगे।

## घाटी में आतंकी वारदातें सरकार के दावे पर उठ रहे सवाल

जम्मू-कश्मीर का विशेष दर्जा समाप्त होने के बाद से दावा किया जाता रहा है कि घाटी में आतंकवादी गतिविधियां कम हो गई हैं। दहशतगर्द केवल कुछ इलाकों तक सिमट गए हैं। मगर थोड़े-थोड़े समय पर जिस तरह आतंकवादी अपनी रणनीति बदल कर कभी सामान्य नागरिकों, तो कभी सुरक्षाबलों के काफिले पर हमला करने में कामयाब हो जा रहे हैं, उसे देखते हुए सरकार के दावे पर यकीन करना मुश्किल होता है। शनिवार रात को भी दो जगहों पर आतंकी हमले हुए। शोपियां में एक स्थानीय भाजपा नेता की गोली मार कर हत्या कर दी गई। पहलगाम में राजस्थान से गए एक पर्यटक दंपति को गोली मार कर गंभीर रूप से घायल कर दिया गया। इसी महीने वायुसेना के एक काफिले पर हमला कर एक सैनिक की हत्या कर दी गई। उसमें पांच अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। करीब महीने भर के भीतर बाहरी लोगों को निशाना बना कर और सैनिक काफिले पर घात लगा कर हमले की कई घटनाएं हो चुकी हैं। ऐसे में स्वाभाविक ही पूछा जा रहा है कि आखिर घाटी में आतंकवाद को समाप्त करने के तमाम दावे खोखले क्यों साबित हो रहे हैं। इस तरह कब तक निर्दोष लोग और सैनिक दहशतगर्दों का शिकार बनते रहेंगे। पिछले नौ-दस वर्षों से कश्मीर घाटी में निरंतर सघन तलाशी अभियान चलाया जा रहा है। दहशतगर्दों को मदद पहुंचाने वालों की पहचान कर उनके बैंक खाते बंद किए गए और उन्हें सलाखों के पीछे डाला गया है। सीमा पार से घुसपैठ करने वालों पर चौकस नजर रखी जाती है। सड़क के जरिए पाकिस्तान से होने वाली तिजारत बंद है।

# चुनावी हिंसा पर लगी रहे लगाम

(दिलीप त्रिवेदी, पूर्व आईपीएस अधिकारी)

*चुनाव आयोग के इंतजाम पर बड़े सवाल उठे हैं। हिंसक तत्वों तक जो कड़ा संदेश पहुंचना चाहिए, वह शायद इस बार ठीक से नहीं पहुंच रहा है। अब बमुश्किल दस दिन बाद मतगणना है। मुझे लगता है, जो भी हिंसा होगी, मतगणना के पहले हो जाएगी, उसके बाद हिंसा की आशंका कम है। हां, पश्चिम बंगाल में कुछ इलाके हैं, जहां मतगणना के बाद हिंसा की कुसंस्कृति बन गई है। मतगणना चंद जगहों पर सीमित दायरे या परिसर में होती है और पहले का दौर नहीं है, जब चीजों को छिपा लिया जाता था।*

बहुत जगह मैं चुनाव कराने में भागीदार रहा हूं। पुलिस सेवा के अपने लंबे करियर के शुरू में, जब हम लोग नौकरी में आए ही थे, तब 1980 का चुनाव था, इंदिरा गांधी सत्ता में वापस आई थीं। एक पुलिस सेवा अधिकारी के रूप में हम लोग पहले बहुत चिंतित रहते थे कि मतदान केंद्र पर कोई समस्या न हो जाए। हिंसा न हो जाए। कहीं गड़बड़ी होती थी, तब लोग मानते थे कि प्रशासन समर्थ नहीं है, इसलिए ऐसी घटनाएं होती हैं। फिर एक दौर आया, जब चुनाव आयोग ने कहा कि पुनर्मतदान समस्या नहीं है, जहां भी जरूरी हो, पुनर्मतदान का फैसला किया जाएगा। इस फैसले का बहुत असर हुआ, चुनावी हिंसा घटने लगी। गड़बड़ी करने वालों के बीच संकेत चला गया कि अगर हमने कहीं कोई अनियमितता की, तो हमारी पूरी साजिश नाकाम हो जाएगी, क्योंकि चुनाव आयोग कड़ी सुरक्षा व्यवस्था में इस बूथ पर पुनर्मतदान कराएगा। मुख्य चुनाव आयुक्त टी एन शेषन के समय तो यह और भी स्पष्ट हो गया कि जहां भी हिंसा या गड़बड़ी होगी, वहां पुनर्मतदान कराया जाएगा। नेताओं को भी यह लगने लगा कि मतदान या चुनाव के समय हिंसा से कुछ नहीं होने वाला। राजनीतिक दलों को भी यह एहसास हो गया कि बाहुबल से दादागीरी नहीं चलने वाली। धीरे-धीरे शारीरिक हिंसा बहुत कम हो गई, जबकि एक समय अपराधी बैलेट बॉक्स लेकर भागते थे और गोली चलाने की नौबत आ जाती थी। जब मैं सीआरपीएफ में डीजी था, छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में साल 2013 में चुनाव था। स्पष्ट निर्देश था कि अगर किसी मतदान केंद्र पर मतदान दल नहीं पहुंच पाता है, तो जान को जोखिम में नहीं डालना है। दो-तीन जगह जो बच जाएंगे, वहां बाद में पूरी तैयारी के साथ मतदान करा लेंगे। इसका फायदा यह हुआ कि नक्सल प्रभावित इलाकों में भी बहुत कम हिंसा हुई थी। कहीं भी हिंसक तत्वों को अगर हिंसा का लाभ नहीं दिखे, तो वे हिंसा से बाज आते हैं। बहरहाल, साल 2024 के आम चुनाव में फिर हिंसा दिख रही है। पहले संभल में हुई, फिर छपरा में हुई। पश्चिम बंगाल में तो लगातार हो रही है। आखिर ऐसा क्यों हो रहा है अनेक लोगों की यह शिकायत है कि हमारा चुनाव आयोग इस पर पूरा ध्यान नहीं दे पा रहा है। ऐसे में, अनेक नेताओं को लगने लगा है कि अगर चुनाव या मतदान के दिन उन्होंने गड़बड़ी की, तो वे बच जाएंगे और चुनाव भी जीत जाएंगे। इस बार चुनाव चूंकि टक्कर का है, इसलिए हिंसा की स्थिति बन रही है। दूसरी बात, चुनाव आचार संहिता के उल्लंघन की शिकायतें भी आ रही हैं। कड़े कदम नहीं उठाए जा रहे हैं। गौर कीजिए, कलकत्ता उच्च न्यायालय ने चुनाव आयोग को तगड़ी फटकार लगाई है। चुनाव आयोग के इंतजाम पर बड़े सवाल उठे हैं। हिंसक तत्वों तक जो कड़ा संदेश पहुंचना चाहिए, वह शायद इस बार ठीक से नहीं पहुंच रहा है। अब बमुश्किल दस दिन बाद मतगणना है। मुझे लगता है, जो भी हिंसा होगी, मतगणना के पहले हो जाएगी, उसके बाद हिंसा की आशंका कम है। हां, पश्चिम बंगाल में कुछ इलाके हैं, जहां मतगणना के बाद हिंसा की कुसंस्कृति बन गई है। मतगणना चंद जगहों पर सीमित दायरे या परिसर में होती है और पहले का दौर नहीं है, जब चीजों को छिपा लिया जाता था, कैमरे नहीं हुआ करते थे। आज मीडिया और सोशल मीडिया चप्पे-चप्पे पर मौजूद है। जो भी गड़बड़ी करेगा, उसकी कोई न कोई वीडियो बनाएगा और वह वायरल हो जाएगा। वायरल होने के बाद अपराधियों पर शामत आ जाएगी। अतः मुझे लगता है, अब मतगणना के समय कहीं हिंसा करना बहुत मुश्किल है। आखिर कोई क्यों हिंसा करते दिखकर अपना राजनीतिक करियर खराब करेगा हां, कुछ इलाके पहले बिहार, उत्तर प्रदेश में ज्यादा थे और अब पश्चिम बंगाल में ज्यादा हैं, जहां हारने वाले को लगता है कि उसकी दादागीरी नहीं चली, तो वह हिंसा का सहारा लेता है। हार का गुस्सा निकालने का काम बाहुबलियों के इशारे पर महीने-छह महीने तक चलता रहता है। बहुत जगहों पर लोगों को पता चल जाता है कि किसने किसको वोट दिया और इसे लेकर हिंसा होती है। उत्तर प्रदेश में भी ऐसे अनेक ताकतवर नेता रहे हैं, जिन्होंने ऐसी हिंसा का सहारा लिया है। वैसे, ध्यान रहे, ऐसी हिंसा को सिर्फ पुलिस बल या प्रशासन के सहारे नहीं रोका जा सकता, इसे रोकने के लिए बहुत सशक्त राजनीतिक इच्छाशक्ति की जरूरत है। हिंसा वाले इलाकों में समाज को जगाने की जरूरत है। यह देखने की बात है कि चुनावी हिंसा दक्षिण भारत के राज्यों में नहीं होती है, क्योंकि ऐसी हिंसा की निरर्थकता को वहां के राजनीतिक और सामाजिक नेता समझते हैं। चुनावी हिंसा को पूरी तरह रोकने में हमारी नाकामी के पीछे देश की बंटी हुई राजनीति का भी बड़ा योगदान है। अनेक राज्यों में क्षेत्रीय पार्टियों की सरकार है और कानून-व्यवस्था राज्य सरकार का विषय है। कुछ राज्यों में बाहुबली तत्वों को स्थानीय स्तर पर समर्थन मिलता है, जिससे समाज और राजनीति में हिंसा, बाहुबल और अपराध को बढ़ावा मिलता है। मिसाल के लिए, उत्तर प्रदेश में अतीक अहमद थे या बिहार के मोहम्मद शहाबुद्दीन, इनके हारने या जीतने के बाद भी साल भर हिंसा का सिलिसला चलता था। बेशक, ऐसी हिंसा में कमी आई है, पर ऐसी हिंसा के पटाक्षेप के लिए समग्रता में समाज और राजनीति के स्तर पर भी कदम उठाने पड़ेंगे। यह जरूरी है कि हिंसक तत्वों को किसी भी स्तर पर आगे न आने दिया जाए। पुलिस केवल अपने स्तर पर यह काम नहीं कर सकती, क्योंकि अनेक पुलिस अधिकारी राजनेताओं से जुड़कर काम करने में अपना ज्यादा फायदा देखते हैं, इससे पुलिस बल में गलत संदेश जाता है। किसी अधिकारी को अगर अपराध रोकने के लिए, समाज की सेवा के लिए जान जोखिम में डालने पर सम्मानित किया जाए, तो समझ में आता है, पर जब सियासी किस्म की सेवा के लिए किसी अधिकारी को पुरस्कृत किया जाए, तो पूरी व्यवस्था पर नकारात्मक असर पड़ता है और चुनाव के समय इसका असर दिखता है। अतः चुनावी हिंसा रोकने के लिए ही नहीं, बल्कि चाक-चौबंद चुनाव कराने के लिए भी सबको अपना कर्तव्य निभाना होगा।

**(ये लेखक के अपने विचार हैं)**

## भीषण गरमी के समय बदल लीजिए अपना भोजन

(रविशंकर उपाध्याय, कला-संस्कृति और व्यंजन के जानकार)

भोजन संबंधी हमारी आदतों को प्रकृति ही गढ़ती है। मौसम और जलवायु के साथ समन्वय बिठाते हुए जिस क्षेत्र में प्रकृति जो खाद्यान्न हमें उपलब्ध कराती है, हम उसी को विभिन्न रूपों में ग्रहण करते हैं। जैसे पूर्वोत्तर और दक्षिण भारत में चावल की उपज होने से यह वहां मुख्य आहार में शामिल है, तो पश्चिमोत्तर भारत में गेहूं और जौ की उपज अधिक होने से वहां यह मुख्य खाद्यान्न में शुमार है। इसके अलावा क्षेत्र विशेष में उपजने वाले ऋतुफल और सब्जियां हमारे भोजन का मुख्य हिस्सा होती हैं, पर क्या सभी लोग ऋतु या मौसम के हिसाब से खान-पान बदलते हैं क्या गरमी के दिनों में अपने शरीर को ठंडा रखने के उपाय हम करते हैं इस मौसम में प्रकृति प्रदत्त फल-सब्जियों, जिनमें आम, संतरा, आंवला, खीरा, ककड़ी, तरबूज आदि शामिल हैं, के साथ बिना आग में पकाए आहार प्राचीन समय से ही हमारी भोजन परंपरा का हिस्सा रहे हैं, क्योंकि इनकी तासीर ठंडी मानी जाती है। ध्यान रहे, बुद्धकालीन समाज में भी एक आहार बेहद प्रसिद्ध था, वह था यवागु। यवागु तैयार करने के लिए रात्रि में भात और पानी मिलाकर रख दिया जाता था और प्रातः काल में इसमें नमक, मिर्च और नींबू आदि मिलाकर खाया जाता था। यह न केवल पेट को लंबे वक्त तक ठंडक प्रदान करता था, बल्कि गरमी से निबटने का तरीका भी हुआ करता था। इसी प्रकार दही-छाछ आदि का इस्तेमाल गरमी से बचने के लिए किए जाने के प्रमाण मिलते हैं। मानव सभ्यता में पहला मिष्ठान खीर माना जाता है। सिद्धार्थ गौतम को उरुवेला, यानी आधुनिक बोधगया में सुजाता ने जीवन की सार्थकता को खीर खिलाकर ही समझाया था, जो उनके लिए ज्ञान का आत्मबोध कराने में सहायक सिद्ध हुआ। महावग्ग नामक जातक कथा में बताया गया है कि खीर लोगों का प्रिय आहार हुआ करता था। महात्मा बुद्ध ने भिक्षुओं को इस आहार का गुण बतलाते हुए कहा था कि प्रातःकालीन जलपान के लिए खीर सर्वोत्तम आहार है। उन दिनों खीर में शहद मिलाकर खाया जाता था। रात में खीर बनाकर उसे ठंडा होने के लिए छोड़ दिया जाता था और फिर सुबह खाया जाता था। महर्षि पाणिनी ने गरमी में सत्तू पीने का जिक्र अपनी पुस्तक अष्टाध्यायी में किया है। वह कहते हैं कि गरमी से बचने के लिए सत्तू को पानी में घोलकर पिया जाता है। भोजन की यह परंपरा कहीं न कहीं आयुर्वेद से प्रभावित जान पड़ती है। आयुर्वेद में बताया गया है कि गरमी के इस मौसम में ठंडी तासीर और चिकनाई वाली चीजों का सेवन ज्यादा करना चाहिए। इसके लिए सत्तू का शरबत, दूध-चावल की ठंडी खीर, छाछ, लस्सी, आम पन्ना, नारियल पानी, नींबू पानी, ककड़ी, तरबूज, मौसमी फलों का रस, पुदीना, गुलकंद, सौंफ और धनिया का सेवन करने की सलाह दी जाती है। गरमी के मौसम में मिलने वाले कद्दू, लौकी, परवल, साग, छिलका सहित आलू, करेला, कच्चा केला, चौलाई, छिलका सहित मूंग-मसूर की दाल आदि को आहार में शामिल करने पर बल दिया गया है। अतिथियों को सत्कार स्वरूप नींबू-पानी प्रदान करने और गरमी में बाहर जाने के पूर्व या आने के बाद नींबू-पानी और शक्कर का शरबत पीने के पीछे भी यही विज्ञान है। यह नींबू या नींबू के रस, नमक और चीनी का मिश्रण होता है, जो न केवल ठंडा करता है, बल्कि शरीर के अत्यधिक गरम होने के कारण कम हो चुके इलेक्ट्रोलाइट्स की भरपायी भी करता है। गरमियों में पाचन शक्ति काफी कमजोर हो जाती है, इसलिए गरिष्ठ (तले-भुने-मसालेदार) भोजन से बचने की सलाह दी जाती है। इस मौसम में तरल और सुपाच्य आहार का सेवन सर्वोत्तम माना जाता है। आधुनिक आहार विज्ञान तो कहता है कि कैलोरी कम लेने से भी आप गरमी के प्रकोप से कुछ हद तक मुक्ति पा सकते हैं। चूंकि ग्लोबल वार्मिंग के कारण तापमान में औसतन बढ़ोतरी होती जा रही है, इस कारण यह कहा जाता है कि दुनिया के गरम होते जाने के साथ-साथ अपने खान-पान को अनुकूलित करना ही होगा। दैनिक कैलोरी में कटौती करने से शरीर का मुख्य तापमान कम हो सकता है।

## सुडोकू पहेली क्रमांक- 5382

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 5 | | | 2 | 9 | | | |
| | | | | | | 1 | 7 | |
| 7 | 9 | 6 | | | 3 | 2 | | |
| | | | | 1 | 5 | | 9 | |
| 3 | 6 | | | | | | 2 | 1 |
| | 4 | | 6 | 9 | | | | |
| | | 2 | 8 | | | 3 | 1 | 4 |
| | 1 | 8 | | | | | | |
| | | | 2 | 7 | | | 5 | |

नियम : प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक अंक भरे जाने आवश्यक हैं, इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है। आड़ी व खड़ी पंक्ति में एवं 3x3 के वर्ग में अंक की पुनरावृत्ति न हो, पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।

### सुडोकू पहेली क्र. 5381

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 7 | 3 | 6 | 9 | 2 | 1 | 4 | 8 |
| 2 | 1 | 9 | 3 | 4 | 8 | 6 | 5 | 7 |
| 8 | 4 | 6 | 7 | 1 | 5 | 2 | 9 | 3 |
| 9 | 2 | 5 | 4 | 8 | 6 | 3 | 7 | 1 |
| 7 | 3 | 4 | 2 | 5 | 1 | 8 | 6 | 9 |
| 6 | 8 | 1 | 9 | 3 | 7 | 5 | 2 | 4 |
| 1 | 5 | 7 | 8 | 6 | 9 | 4 | 3 | 2 |
| 3 | 9 | 8 | 5 | 2 | 4 | 7 | 1 | 6 |
| 4 | 6 | 2 | 1 | 7 | 3 | 9 | 8 | 5 |

## वर्ग पहेली 5382



**संकेतः बाएं से दाएं**
1. इंदौर नगर के इतिहास में प्रथम समाचार पत्र होने का गौरव इस अखबार को है जो कए साप्ताहिक था उसका प्रथम अंक 6 मार्च 1849 को प्रकाशित हुआ था (7)
6. कंठ, गले की नली (3)
7. जगत, संसार, दुनिया, जग (2)
9. गोद, अंक,क्रोड, बगल (3)
11. कनक, धतूरा, स्वर्ण (2)
12. आवेश, उन्माद (3)
13. यह बांग्लोदश में बूढी गंगा के तट पर देश का सबसे बड़ा शहर है (2)
15. असम के पहाड़ी क्षेत्र में स्थित जंगल जाति, अनुपस्थितिती, गैर हाजिरी (2)
16. जिसके पांच मुख हो, पंचमुखी (4)
18. पक्षी, नभचारी, गगनचर (2)
19. हिंदी साहित्य में एक अलंकार जिसमें कोई दो या दो अधिक बार आए और प्रत्येक बार उसके भिन्न अर्थ हो (3)
20. गज, कंजर, मतंगत (2)
21. श्रृंगार, सजावट, शोभा, श्री (3)

**ऊपर से नीचे**(2)
1. मास, महीना, तीस दिनों का समय (2)
2. तीव्र अभिलाषित होना, उत्कंठित होना (4)
3. वाक्य का अपभ्रंश (2)
4. पश्चिमी निमाड़ का प्रसिद्ध जिला (4)
5. भास्कर, दिनपति, दिवाकर, सूरज (2)
8. सांस लेने छोड़ने की एक जैविक क्रिया (3)
9. निर्देशक मोहनकुमार की राजेंद्र कुमार वैजयंती माला अभिनीत 1961 की एक हिट फिल्म (5)
10. वह राजा जिसके नाम से कोई संवत चले वहम, संदेह (2)
11. गुजरा में द्वादश ज्योतिलिंगों में से एक जो पश्चिमी तट पर प्रभाष क्षेत्र में स्थित है (4)
14. लोकमत, जनता की राय (4)
17. चक्षु, नेत्र, आंख (3)
18. पक्षघर, अनुगामी, यात्री, राहगीर (2)

### वर्ग पहेली 5381 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| गु | ल | जा | री | ला | ल | नं | दा |
| ल | | पा | ना | | गा | | ता |
| फा | गु | न | | आ | ना | | |
| म | म | | म | | बु | झा | न |
| | रा | ज | द | | झा | | ह |
| वा | ह | | र | | ना | पा | क |
| प | | आ | सा | र | | र | |
| स | ह | ज | | | न | सी | म |

# आज का राशिफल

### मेष
आज का दिन लाभ से भरा होगा और आपको सम्मानित किए जाने के योग हैं। यदि आप किसी व्यक्ति, बैंक से लोन लेने के बारे में सोच रहे हैं तो आपको लाभ होगा। आपको पुराने मित्रों से हर प्रकार का सहयोग प्राप्त होगा। आपके जीवन में अच्छे मित्र भी बढ़ेंगे। आज आपको पत्नी पक्ष के लोगों से भी सम्मान मिलेगा।

### वृष
आज का दिन काफी बिजी रहेगी और काफी भागदौड़ करनी पड़ सकती है। आपकी निर्णय लेने की क्षमताओं का आपको आज लाभ मिल सकता है। आज आपके रुके कार्य पूर्ण होंगे और आपको जबर्दस्त लाभ होगा। आज आपको किसी काम में निवेश करना हो तो सफलता मिलेगी। किसी मांगलिक समारोह में शामिल होने से आपको लाभ होगा।

### मिथुन
आज किसी की बातों में आने से बचें और अपने काम पर फोकस करें। आपको आज दिन के बाद के हिस्से में सफलता मिलेगी। ससुराल पक्ष से आज नाराजगी के संकेत मिलेंगे, मधुरवाणी का प्रयोग करें, अन्यथा संबंधो में कटुता आ सकती है।

### तुला
आज का दिन भाग्य की दृष्टि से उत्तम होगा और आपके लिए सुख में वृद्धि के योग बन रहे हैं। आपको परिश्रम का फल अच्छा मिलेगा और संतान की सफलता से आप खुश होंगे। आपका विश्वास और अधिक मजबूत होगा। आज आपको ननिहाल पक्ष के लोगों से अच्छे समाचार मिल सकते हैं। आज अपनी शान और शौकत के लिए धन खर्च करेंगे जिससे आपके शत्रु परेशान होंगे।

### वृश्चिक
आज साहसपूर्ण कार्य करने से आपको अच्छा महसूस होगा। आपको अपने माता-पिता का सुख सहयोग हर मामले में मिलेगा। आपकी पत्नी की सेहत बिगड़ने से आपको परेशानी हो सकती है। व्यर्थ व्यय का योग भी है। आप मन से लोगों के अच्छा करने की सोचेंगे, लेकिन लोग आपकी बातों को गलत ही सोचेंगे। व्यापार में धनलाभ होगा।

### धनु
आज करियर के मामले में लाभ होगा और आपकी विद्या और ज्ञान में वृद्धि होगी। आपके अन्दर दान पुण्य एवं परोपकार की भावना विकसित होगी। आपको धार्मिक मामलों में लाभ होगा और लोग आपकी मदद करेंगे। भाग्य की ओर से भी आपको पूर्ण सहयोग मिलेगा और आपकी आर्थिक स्थिति सुदृढ़ होगी। शाम से लेकर रात आपको कुछ समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है।

### कर्क
आज आप फिजूल के खर्चे से बचें। यदि आप किसी शारीरिक रोग से पीड़ित हैं तो आज कष्ट की वृद्धि हो सकती है। सामाजिक कार्यक्रम में किसी प्रकार की बाधा आ सकती है। कुछ अकस्मात लाभ होने से आपको लाभ होगा और आपके सुख में वृद्धि होगी। संतान पक्ष से हर्षवर्धक समाचार मिलेगा और आपको लाभ होगा।

### सिंह
आज धन में वृद्धि होगी,केरियर में समस्या और परेशानी आ सकती हैं। व्यापार और वृद्धि के लिए किए गए प्रयास निष्फल हो सकते हैं। शात तक आप अपने धैर्य और प्रतिभा से शत्रु पक्ष पर विजय प्राप्त करने में सफल रहेंगे। यदि कोई वाद, विवाद राज्य में पड़ा है तो उसमें आपको लाभ होगा। सफलता मिलने की पूर्ण संभावना है। आपके धन में वृद्धि होगी।

### कन्या
आज का दिन शुभकारक है। आपके अधिकार और संपत्ति में वृद्धि होगी। आप दूसरों की मदद करने के साथ ही आज बुजुर्ग लोगों की सेवा भी करेंगे। आप अपने गुरु के प्रति भी पूरी निष्ठा रखेंगे और इसका आपको लाभ होगा। आज नए कार्य में इनवेस्ट करना पड़े तो शुभ रहेगा।

### मकर
आज आपको ऐसे अनावश्यक खर्चे भी सामने आएंगे जो कि न चाहते हुए भी मजबूरी में करने पड़ेंगे। ससुराल पक्ष से मान सम्मान मिलेगा। अपने व्यवसाय में भी आपका मन लगेगा और आपके रुके कार्य पूर्ण हो जाएंगे। किसी नए काम में निवेश करना पड़े तो आप कर सकते हैं। भविष्य में लाभ होगा।

### कुंभ
आज करियर के मामले में लाभ होगा। किसी विवाद का हल निकल आएगा। खुशमिजाज व्यक्तित्व होने के कारण आपको लाभ होगा। सामाजिक सम्मान मिलने से आपका मनोबल बढ़ा रहेगा। रात्रि में प्रियजनों व परिजनों से हास्य विनोद रहेगा और आपके घर में सुख समृद्धि में वृद्धि होगी।

### मीन
आज का दिन बुद्धि विवेक से नए कार्य करने में बीतेगा। आप सीमित और आवश्यकतानुसार ही व्यय करें। आपके परिजन आपको नुकसान पहुंचा सकते हैं। सांसारिक सुख भोग के साधनों में वृद्धि होगी और आपको नौकर चाकरों का सुखपूर्ण रूप से मिलेगा। शाम से लेकर रात तक आपका मन प्रसन्न होगा। यात्रा भी हो सकती है, जो लाभकारक रहेगी।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक श्रीराम अम्बष्ट द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, (डी वी कार्पो. लि.) उड़ान टोला, दानापुर कैंट, शिवाला रोड, खगौल, पटना में मुद्रित एवं सोन वर्षा वाणी बिल्डिंग, क्लब रोड, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित
संपादक- श्रीराम अम्बष्ट, उप संपादक- साकेत अम्बष्ट फोन/फैक्स-06186-226116 मो.-9934957121, E-mail : sonevershavani@gmail.com, RNI-BIHHIN/1998/3009

## संक्षिप्त समाचार

### झारखंड में 18 बिल्डरों के खिलाफ बड़ा एक्शन

**रांची, एजेंसी।** बिल्डरों की ओर से प्रोजेक्ट से संबंधित जानकारी तिमाही अपडेट नहीं करने पर झारखंड रियल एस्टेट रेगुलेटरी अथॉरिटी (झारेरा) ने 18 बिल्डरों को जुर्माना की राशि 17 लाख 25 हजार रुपये जमा नहीं करने पर उनके प्रोजेक्ट से संबंधित बैंक खाता से राशि से निकासी पर रोक लगा दी है।10 दिनों के अंदर जुर्माना की राशि जमा नहीं करने पर संबंधित बिल्डरों के प्रोजेक्ट का रेरा रजिस्ट्रेशन रद्द करने की कार्रवाई की जाएगी। पूर्व में प्रोजेक्ट से संबंधित जानकारी तिमाही अपडेट नहीं करने पर झारेरा प्राधिकार न्यायालय के अध्यक्ष बीरेन्द्र भूषण की ओर से 220 बिल्डरों पर जुर्माना लगाया गया था। अब तक 202 बिल्डरों की ओर से जुर्माना की राशि जमा कर दी गई है।

### वंदे भारत ट्रेन का 10 जून से बदलेगा समय

**जमशेदपुर, एजेंसी।** टाटानगर स्टेशन होकर चलने वाली वंदे भारत ट्रेन का परिचालन समय रेलवे हावड़ा से बदल रहा है। इससे हावड़ा से वंदे भारत ट्रेन 50 मिनट पहले रांची पहुंचेगी। समय में बदलाव को लेकर दक्षिण पूर्व रेलवे जोन से पत्र जारी हुआ है। 10 जून से वंदे भारत ट्रेन परिचालन में नई समय सारणी लागू होगी। मालूम हो कि अभी हावड़ा से रवाना होकर वंदे भारत ट्रेन रात में रोज 10.50 बजे रांची पहुंचती है, लेकिन 10 जून से रात में 10 बजे रांची पहुंचेगी, क्योंकि अब हावड़ा से वंदे भारत ट्रेन दोपहर 3.45 के बजाय दोपहर 2.35 बजे हावड़ा से रवाना होगी। इससे ट्रेन टाटानगर में 5.45 बजे पहुंचेगी, जबकि पहले शाम 7.05 बजे आती थी। बताया जाता है कि रांची एवं हावड़ा के यात्रियों की सुविधा में रेलवे ने वंदे भारत का समय बदला है, लेकिन रांची से खुलने वाली वंदे भारत ट्रेन पूर्व निर्धारित समय से खुलकर टाटानगर आएगी। टाटानगर स्टेशन होकर रांची-हावड़ा वंदे भारत ट्रेन का परिचालन 24 सितंबर 2023 को शुरू हुआ था।

### स्वर्णरिखा नदी घाट में मां बाघेश्वरी की प्रतिमा का विसर्जन



**जमशेदपुर, एजेंसी।** सुवर्ण वणिक समाज जमशेदपुर जिला कमेटी की ओर से बाराद्वारी भवन में आयोजित दो दिवसीय मां बाघेश्वरी देवी की पूजा के दूसरे दिन शुक्रवार को मां की प्रतिमा का स्वर्णरेखा नदी घाट पर विसर्जन किया गया। विसर्जन से पहले समाज की महिलाओं ने मां बाघेश्वरी का चरण स्पर्श कर सिंदूर खेला की रस्म निभाई। इस दौरान शोभायात्रा निकली गई। मौके पर समाज के गणमान्य लोग शामिल हुए।दूसरी ओर, समाज की कदमा शाखा एवं निर्मलनगर शाखा की ओर से आयोजित मां बाघेश्वरी देवी की प्रतिमा विसर्जन धूमधाम से किया गया। वहीं, केन्द्रीय गंध वणिक समाज कल्याण समिति ने भी शुक्रवार को सिंदूर खेला के बाद कुलदेवी मां गंधेश्वरी का विसर्जन किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में समाज की महिला समिति का महत्पूर्ण योगदान रहा। इस दौरान प्रदीप दत्ता, अमर सेन, किंकोर दत्ता, दिलीप लायक, बोमकिम कर, उत्तम हलदार, उत्तम चंद, सोमनाथ सेन, विनोद सेन, विकाश पाल, समर लायक, राकेश सेन उपस्थित रहे।

### अल्पसंख्यकों को सिर्फ वोट बैंक समझती हैं कांग्रेस : अभिषेक



**देवघर/मधुपुर, एजेंसी।** मधुपुर विधानसभा क्षेत्र के बघनाडीह मैदान में लालगढ़ ठेला मोटिया कमिटी द्वारा लतीफ शाह बाबा के उर्स अवसर पर कव्वली कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कमेटी के आमंत्रण पर निर्दलीय प्रत्याशी अभिषेक आनंद झा ने कार्यक्रम में शामिल हुए। इससे पूर्व निर्दलीय प्रत्याशी अभिषेक आनंद झा को सैकड़ों की संख्या में बाइक सवार युवकों व समर्थकों ने गड़िया ब्लॉक के समीप गर्मजोशी से स्वागत किया। पटवाबाद होते हुए सैकड़ों समर्थकों के साथ प्रत्याशी मधुपुर स्टेशन रोड पंहुचे और जनसंपर्क के माध्यम से अपने पक्ष में वोट की अपील की। कव्वाली कार्यक्रम के दौरान पूर्व नगर परिषद के उपाध्यक्ष जियाउल हक ऊर्फ टार्जन, जिला परिषद सदस्य बलबीर राय, जिला परिषद प्रतिनिधि सिकंदर आलम, मुखिया मंटू शेख, बधनाडीह पंचायत के मुखिया बाबू अंसारी, कमेटी के सद्दाम शेख, सफाउल शेख, चरका शेख, खलील शेख, साजिद शेख, रकीब शेख समेत हजारों की संख्या में लोग उपस्थित थे। मौके पर निर्दलीय प्रत्याशी अभिषेक आनंद झा ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा की कांग्रेस अल्पसंख्यकों को सिर्फ वोट बैंक समझती हैं, गोड्डा लोकसभा क्षेत्र में अल्पसंख्यकों अच्छी खासी तादाद है और कांग्रेस किसी माईनॉरिटी को टिकट नहीं देकर उनका अपमान किया है। निर्दलीय प्रत्याशी अभिषेक आनंद झा ने माटी के बेटा को अपना आशीर्वाद और समर्थन देने की अपील की।

### बुलबुल जंगल से बरामद हथियार मामले में एनआईए ने दायर की चार्जशीट

# आरोप पत्र में 2 नक्सलियों का भी नाम शामिल




**रांची, एजेंसी।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी ने लोहरदगा-लातेहार सीमा पर स्थित बुलबुल जंगल से बरामद 28 हथियार मामले में दो और लोगों के विरुद्ध आरोप पत्र दाखिल कर दिया है। एनआईए ने जिन पर आरोप पत्र दाखिल किया है, उनमें अघनु गंझू उर्फ अग्नु गंझू व खुदी मुंडा शामिल हैं।

एनआईए ने दोनों को भारतीय दंड विधि, शस्त्र अधिनियम, विस्फोटक पदार्थ अधिनियम व गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत दायर आरोप पत्र में नामित किया है।

एनआईए की रांची स्थित विशेष अदालत में दाखिल आरोप पत्र में जाच एजेंसी ने बताया है कि शीर्ष नक्सली एक करोड़ के इनामी पोलित ब्यूरो सदस्य प्रशांत बोस उर्फ बूढ़ा की गिरफ्तारी का बदला लेने के लिए ही नक्सली बुलबुल जंगल में जुटे थे, ताकि वे सुरक्षा बलों पर हमला कर सकें।

इसके लिए माओवादियों के 15 लाख के इनामी रीजनल कमांडर रवींद्र गंझू के नेतृत्व में नक्सलियों ने हथियार व गोला-बारूद जुटाया था।हालांकि, उनका मंसूबा सफल नहीं हो पाया। इस मामले में आरोपपत्रित व्यक्तियों की कुल संख्या 31 हो गई है।

इस पूरे प्रकरण में झारखंड राज्य पुलिस ने नौ लोगों पर आरोप पत्र दायर किया था। एनआईए ने अपने हाथ में जांच लेने के बाद अगस्त व दिसंबर 2023 के बीच 20 लोगों के खिलाफ तीन पूरक आरोप पत्र दाखिल किया था।

एनआईए ने इस पूरे प्रकरण में 14 जून 2022 को प्राथमिकी दर्ज की थी। बुलबुल जंगल में हथियार व गोला-बारूद की बरामदगी मामले में लोहरदगा के पेशरार थाने में पिछले साल 21 फरवरी को प्राथमिकी दर्ज हुई थी।

इस केस को री-रजिस्टर्ड करते हुए एनआईए ने 14 जून 2022 को आरसी-02/2022/ एनआईए/आरएनसी में प्राथमिकी दर्ज की थी। सुरक्षा बलों को जानकारी मिली थी कि रवींद्र गंझू अपने सक्रिय सहयोगी बलराम उरांव, मुनेश्वर गंझू, बालक गंझू, दिनेश नगेशिया, शीला खेरवार, ललिता देवी व 40-60 अन्य नक्सलियों के साथ बड़ी घटना को अंजाम देने की फिराक में है।

वह सुरक्षा बलों को नुकसान पहुंचाने के साथ-साथ बाक्साइट खदान में भी हमला करने वाला है। इसी सूचना पर स्थानीय पुलिस और सीआरपीएफ के जवानों ने संयुक्त तलाशी अभियान चलाया था। सुरक्षा बलों ने संयुक्त रूप से हरकट्टा टोली के बहाबर जंगल व बांग्ला पाट में ऑपरेशन डबल बुल चलाया था।

सुरक्षा बलों पर सीपीआइ (माओवादी) कैडरों ने अंधाधुंध गोलीबारी की थी। इसके बाद इलाके की तलाशी में बड़ी मात्रा में हथियार व गोला-बारूद बरामद हुए थे।

इस पूरे प्रकरण में एनआईए ने जांच में खुलासा किया है कि प्रतिबंधित संगठन के सदस्यों ने आतंकवादी, हिंसक कृत्यों और सशस्त्र विद्रोह के माध्यम से देश की अखंडता, सुरक्षा, संप्रभुता को नुकसान पहुंचाने और सरकार को अस्थिर करने की साजिश रची थी।

इस मामले में गिरफ्तार आरोपितों, जोनल कमांडर, सब जोनल कमांडर, एरिया कमांडर व सशस्त्र कैडरों तथा जब्त सबूतों से एनआईए ने अन्य सीपीआइ (माओवादी) कैडरों और ओवरग्राउंड समर्थकों की मिलीभगत का भी पता लगाया है।

इस मामले की जांच जारी है। एनआईए नक्सली नेटवर्क को नष्ट करने और संगठन की भारत विरोधी साजिश को नाकाम करने का प्रयास कर रही है।

## बोर्ड परिक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र किये गये सम्मानित

**हजारीबाग, एजेंसी।** सीबीएसई 10वीं एवं 12वीं बोर्ड परीक्षा में सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, कुम्हारटोली के भैया -बहनों को उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए शुक्रवार को विद्यालय में प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित कर सम्मानित किया गया। भैया- बहनों को समिति के संरक्षक, श्रद्धानंद सिंह, समिति के सदस्य, संजय उपाध्याय, विद्यालय के प्राचार्य, ब्रजेश कुमार सिंह एवं प्रभारी प्राचार्य, डॉक्टर राजीव रंजन ने मोमेंटो एवं अन्य उपहार प्रदान कर सम्मानित किया। मौके पर बच्चों के अभिभावकों को भी सम्मानित किया गया। मौके पर विद्यालय के संरक्षक श्रद्धानंद सिंह ने कहा कि आप सभी जीवन के हर क्षेत्र में इसी प्रकार सफलता प्राप्त करें। संजय उपाध्याय ने कहा विद्यालय के लिए यह गौरव का क्षण है।सम्मानित किये गए छात्रों में कक्षा 10वीं से अमन रंजन, समृद्ध सिंह एवं प्रियांशु राज 94.20 प्रतिशत, सौम्या रानी 93.80 प्रतिशत, खुशी रंजन 93.60 प्रतिशत, मृद्धि 93.60 प्रतिशत, काव्या सिन्हा 93.20 प्रतिशत, आदित्य सिन्हा 92.80 प्रतिशत, नैना कुमारी 92.40 प्रतिशत, रितिक कुमार यादव 92.20 प्रतिशत, निखिल कुमार 92 प्रतिशत, सृष्टि कुमारी 91.80 प्रतिशत, आर्यन कुमार 91.20 प्रतिशत का नाम शामिल है। वहीं कक्षा 12वीं विज्ञान संकाय में श्रेष्ठ कुमार 90.6 प्रतिशत, करण कुमार 88.8 प्रतिशत, उन्नति राज 88.8 प्रतिशत, सागर कुमार 86.60 प्रतिशत, श्रुति कुमारी 86.20 प्रतिशत, स्वाति रंजन 83 प्रतिशत, वाणिज्य संकाय में अंश कुमार 89.4 प्रतिशत, हंसराज कुशवाहा 85.4 प्रतिशत, समर्थ 74 प्रतिशत का नाम शामिल है द्य मौके पर जितेंद्र तिवारी प्राचार्य,आदित्य प्रकाश जालन सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, कुदलुम रांची, आलोक तिवारी,क्षेत्र पूर्व छात्र प्रमुख, रमाशंकर, भैया - बहन अभिभावक गण एवं आचार्य बंधु- भगिनी उपस्थित थे।

## 20वीं राज्य स्तरीय जूनियर वूशु प्रतियोगिता में धनबाद के खिलाड़ियों ने लहराया परचम

**जोड़ापोखर, एजेंसी।** झारखंड वूशु संघ के तत्वाधान में आरके आनंद लॉन बॉल स्टेडियम नामकुम रांची में आयोजित 20वीं राज्य स्तरीय जूनियर वूशु प्रतियोगिता में धनबाद जिला वूशु संघ केखिलाड़ियों ने कई पदक प्राप्त किए हैं। आराध्या कुमारी एवं निहाल कुमार सिंह ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अपने भार वर्ग में स्वर्ण पदक प्राप्त किया है। वहीं आयुष कुमार ,अभिजीत कुमार सिंह, अनुष्का पांडे ,अमन कुमार ने अपने भार वर्ग में रजत पदक प्राप्त किया है। जबकि दिव्या कुमारी एवं तुषार रवानी को कांस्य पदक मिला है। धनबाद जिला वूशु संघ के अध्यक्ष तेज प्रकाश मिश्रा, महासचिव दिनेश यादव,महावीर प्रसाद महतो, ब्रह्मदेव यादव, आदि ने खिलाड़ियों को बधाई दी है।

## 1ग्रेजुएशन में एडमिशन को लेकर 28,015 स्टूडेंट्स ने किया आवेदन, इस दिन जारी होगी पहली सूची

**धनबाद, एजेंसी।** चुनावी सरगर्मी धनबाद में समाप्त हो चुकी है। बस इंतजार चार जून का है। इस बीच धनबाद के स्कूलों व कॉलेजों में नामांकन का दौर चल रहा है। बिनोद बिहारी महतो कोयलांचल विश्वविद्यालय के अधीन धनबाद और बोकारो जिला के कॉलेजों में स्नातक में नामांकन के लिए आवेदन करने की अंतिम तिथि भी समाप्त हो चुकी है।अब तक 28,015 छात्र-छात्राओं ने विभिन्न कॉलेजों के लिए यहां आवेदन किया है, जबकि नामांकन के लिए विश्वविद्यालय स्तर पर कॉलेज व विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर प्रथम चयन सूची 29 मई को प्रकाशित की जाएगी। बीबीएमकेयू में इस साल स्नातक के लिए करीब 52 हजार सीटें हैं। जिन छात्र-छात्राओं ने नामांकन के लिए आवेदन किया है उनमें से 24060 का आवेदन पेड है। अब भी काफी सीटें रिक्त हैं।वहीं व्यवसायिक पाठ्यक्रम के लिए अभी आनलाइन आवेदन की प्रक्रिया चल रही है। अब तक 250 विद्यार्थियों ने बिनोद बिहारी महतो कोयलांचल विश्वविद्यालय में नामांकन के लिए आवेदन कर चुके हैं। इसमें आवेदन करने के लिए अंतिम तिथि 31 मई तक निर्धारित है।स्नातक में नामांकन को लेकर विश्वविद्यालय की ओर से जारी सूचना के अनुसार प्रथम सूची जारी होने के बाद 30 मई से छात्र-छात्राओं के कागजातों के सत्यापन का कार्य कॉलेज स्तर पर आरंभ कर दिया जाएगा।

# झारखंड में कुल 62.74 प्रतिशत मतदान, सबसे ज्यादा जमशेदपुर में हुआ मतदान

**रांची, एजेंसी।** झारखंड में तीसरे चरण (देश में छठे) में लोकसभा की चार सीटों रांची, जमशेदपुर, धनबाद और गिरिडीह में शनिवार को वोट डाले जा रहे हैं। इस चरण में राज्य की चारों सीटों के लिए कुल 93 प्रत्याशी चुनावी रण में हैं। मतदान सुबह सात बजे से शाम पांच बजे तक होगा। झारखंड के 8,963 मतदान केंद्रों पर 82,16,506 मतदाता 93 प्रत्याशियों की किस्मत ईवीएम में कैद करेंगे। वोटरों में 42,06,926 पुरुष, 40,09,290 महिला और 290 थर्ड जेंडर के मतदाता शामिल हैं। सभी मतदान केंद्रों की निगरानी दो-दो 4डी कैमरे से की जाएगी।

झारखंड में चार सीटों के लिए मतदान संपन्न हो गया है। चारों सीटों पर कुल मिलाकर 62.74 प्रतिशत मतदान हुआ है। इस दौरान जमशेदपुर में सबसे ज्यादा 66.79 प्रतिशत मतदान हुआ है। मतदान के मामले में दूसरे नंबर पर गिरीडीह लोकसभा सीट रही। यहां कुल 66.14 प्रतिशत वोटिंग हुई। रांची तीसरे नंबर पर रहा। यहां कुल 60.10 प्रतिशत मतदान हुआ। वहीं धनबाद में सबसे कम 59.20 प्रतिशत मतदान हुआ।

**तीन एफआईआर दर्ज; चुनाव में लगे कर्मचारी की मौत :** झारखंड में चार सीटों के लिए लोकसभा चुनाव शनिवार को शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हो गया। हालांकि इस दौरान चुनाव आचार संहिता के उल्लंघन के तीन मामले दर्ज किए गए। चुनाव अधिकारी के अनुसार, झारखंड की चार लोकसभा सीटों पर कुल 62.74 प्रतिशत मतदान हुआ। इन चार सीटों में जमशेदपुर, गिरिडिह, रांची और धनबाद शामिल था।

राज्य के मुख्य चुनाव अधिकारी (सीईओ) ने बताया कि जमशेदपुर में सबसे ज्यादा 66.79 प्रतिशत मतदान हुआ। इसके बाद गिरिडिह में 66.14, रांची में 60.10 और धनबाद में 59.20 प्रतिशत मतदान हुआ। उन्होंने बताया कि अंतिम गणना के बाद इसमें बढ़ोतरी हो सकती है। बताया कि 2019 के चुनाव में गिरिडिह में 67.12, धनबाद में 60.47, रांची में 64.49 और जमशेदपुर में 67.19 प्रतिशत मतदान हुआ था।

सीईओ ने बताया कि राज्य में मतदान शांतिपूर्ण रहा। इस दौरान चुनाव आचार संहिता के उल्लंघन के तीन मामले दर्ज किए गए। उन्होंने बताया कि चुनाव के दौरान एक अप्रिय घटना भी घटी। जमशेदपुर में एक पोलिंग स्टाफ की मौत हो गई। उसकी पहचान जान मांझी के रूप में हुई है। वह जमशेदपुर के घोड़ाबंधा में चुनाव कार्य में लगा था। ड्यूटी के दौरान वह बेचैनी महसूस करने लगा। उसे तुरंत टाटा हॉस्पिटल ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

झारखंड पुलिस के प्रवक्ता आईजी अनमोल वी होमकर ने बताया कि मतदान के दौरान कहीं कोई अप्रिय घटना नहीं घटी। मतदान शांतिपूर्ण संपन्न हुआ। यहां तक कि माओवाद प्रभावित पारसनाथ पहाड़ी, झुमरा, और लुगुबुरु में मतदान शांतिपूर्ण हुआ। होमकर ने बताया कि करीब 764 बूथ इन इलाकों में थे।

**धोनी ने अपनी पत्नी, पिता और माता के साथ डाला वोट :** भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी ने अपनी पत्नी साक्षी, पिता पान सिंह और माता देवकी देवी के साथ रांची के जेवीएम श्यामली स्कूल में मतदान किया। वहीं, झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन ने एक्स पर कहा कि उन्होंने अपने मताधिकार का प्रयोग लोकतंत्र को मजबूत बनाने के लिए किया।

## 135 की स्पीड तबाही मचाने आ रहा रेमल ! झारखंड में अलर्ट जारी, इन इलाकों में बत्ती हो सकती गुल



**रांची, रांची।** गहरे दबाव का क्षेत्र उत्तर और उससे सटे पूर्वी मध्य बंगाल की खाड़ी के ऊपर एक चक्रवाती तूफान रे-मल में तब्दील हो गया है। इस कारण मौसम विभाग ने पश्चिम बंगाल तट के लिए चक्रवाती तूफान उठने को ले आरेंज अलर्ट जारी किया है, जिसका असर झारखंड में भी देखने को मिलेगा।

बताया गया कि बंगाल की पूर्व-मध्य खाड़ी पर गहरा दबाव पिछले 6 घंटों के दौरान 12 किमी प्रतिघंटे की गति के साथ लगभग उत्तर की ओर बढ़ गया है। जो कि एक चक्रवाती तूफान रे-मल में बदल गया है। इसके उत्तर की ओर बढ़ने और 26 मई की सुबह तक उत्तर-पश्चिम और उससे सटे पूर्वोत्तर बंगाल की खाड़ी के ऊपर एक गंभीर चक्रवाती तूफान में तब्दील होने की संभावना बनी हुई है।

26 मई की आधी रात तक सागर द्वीप और खेपुपारा के बीच बांग्लादेश और आसपास के पश्चिम बंगाल तटों को 110-120 से लेकर 135 किमी प्रति घंटे की रफ्तार की हवाओं के साथ पार करने की संभावना है। इस चक्रवातीय तूफान का असर झारखंड में भी देखने को मिलेगा।

इस संबंध में बिजली विभाग के जीएम ने बताया कि रांची बिजली विभाग की ओर से तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। बिजली विभाग लगातार मौसम विभाग के संपर्क में है। स्थिति पर नजर रखने के लिए टीम तैयार की गई है। बिजली कटने की स्थिति में जल्द से जल्द रिस्टोर करने की कोशिश की जाएगी।

ऐसा रहा मौसम पिछले 24 घंटे के मौसम की बात करें तो राज्य में कहीं कहीं मेघगर्जन व आंधी के साथ हल्की वर्षा हुई। सबसे अधिक वर्षा एक मिमी पश्चिमी सिंहभूम के जगन्नाथपुर में रिकार्ड की गई। सबसे अधिक अधिकतम तापमान 39.9 डिग्री सेल्सियस सरायकेला का, जबकि सबसे कम न्यूनतम तापमान 24.8 डिग्री सेल्सियस रांची का रिकार्ड किया गया। राजधानी रांची में अधिकतम 35.1 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया।

## एनआईटी जमशेदपुर में अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन ईपीआरईसी-2024 का आगाज




**जमशेदपुर , एजेंसी।** राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (एनआईटी) जमशेदपुर में भारत के विद्युत अभियांत्रिकी विभाग की ओर से 24 से 26 मई तक 5वें विद्युत शक्ति और नवीकरणीय ऊर्जा सम्मेलन (ईपीआरईसी-2024) का आयोजन किया जा रहा है। यह बिजली प्रणाली, पावर इलेक्ट्रॉनिक्स और ड्राइव और बिजली प्रणाली क्षेत्रों में नियंत्रण अनुप्रयोग में हाल की प्रगति को प्रस्तुत करने के लिए एक प्रमुख मंच होगा।

ईपीआरईसी-2024 का उद्घाटन मुख्य अतिथि राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (एमएनआईटी) जयपुर के निदेशक प्रो. एनपी पाढ़ी एवं एनआईटी जमशेदपुर के निदेशक प्रो. गौतम सूत्रधार द्वारा किया गया। आयोजन समिति में विद्युत अभियांत्रिकी विभाग एनआईटी जमशेदपुर के डॉ. अरविंद कुमार प्रजापति, डॉ. रवि भूषण, और डॉ. सिमंता कुमार समल शामिल रहे। आयोजन के संयोजक डॉ. एमके सरकार और डॉ. सुप्रियो दास एवं समन्वयक डॉ. ओमहरि गुप्ता, डॉ. जितेंद्र कुमार हैं। इसके अलावा आईआईटी भिलाई से डॉ. शैलेंद्र कुमार और टोलेडो विश्वविद्यालय यूएसए से डॉ. कृष्ण मुरारी भी शामिल हैं। इस अवसर पर जाधवपुर विश्वविद्यालय से प्रो. शिवाजी चक्रवर्ती और आईआईईएसटी शिबपुर से प्रो. अभिजीत चक्रवर्ती भी सम्मानित अतिथि के रूप में उपस्थित हैं। सम्मेलन के प्रथम दिन विद्युत शक्ति और नवीकरणीय ऊर्जा प्रणालियों में प्रगति पर केंद्रित कई प्रमुख भाषण और चर्चाएं शामिल थीं। इसमें कुल 145 प्रतिभागियों ने पंजीकरण कराया तथा लगभग 200 शोध पत्रों में से श्रेष्ठ 101 शोध पत्रों का चयन किया गया। सम्मेलन के दौरान प्रदर्शित किए गए शोध पत्रों को उच्च दृश्यता और शैक्षणिक मान्यता सुनिश्चित करने के लिए स्प्रिंगर की लेक्चर नोट्स इन इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग श्रृंखला में प्रकाशित किया जायेगा। इस सम्मेलन के अध्यक्ष ईई विभाग के प्रमुख प्रो. यूके सिन्हा हैं।

# भाजपा व मोदी ही रोक सकते देश को गजवे हिन्द बनाने से : अमर बाउरी



**देवघर/सारठ, एजेंसी।** सारठ प्रखंड के पथरड्डा मैदान, पालोजोरी के बसबुटिया गांव में भाजपा की ओर से विशाल जनसभा का आयोजन किया गया। झारखंड विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी व सारठ विधायक रणधीर कुमार सिंह ने जनसभा को संबोधित करते हुए दुमका लोकसभा के भाजपा प्रत्याशी सीता सोरेन के पक्ष में मतदान करने की अपील की। जनसभा को संबोधित करते हुए नेता प्रतिपक्ष झामुमो व इंडिया गठबंधन पर जमकर बरसते हुए भ्रष्टाचारी, लुटेरे व ठगबाज कहकर संबोधित किया। कहा कि चार साल के कार्यकाल में हेमंत सोरेन व मंत्रियों ने झारखंड को लूटने का काम किया। जनता लूट और भ्रष्टाचार को देखते हुए झारखंड से भगाने का मन बना चुकी है, जिसका असर 1 जून को मतदान में देखने को मिलेगा। कांग्रेस व इंडिया गठबंधन के दलों पर मुस्लिम तुष्टिकरण की राजनीति का आरोप लगाते हुए हिंदुओं को एक जुट होकर भाजपा के पक्ष में मतदान की अपील की। कहा कि देश में मुसलमानों की 45 प्रतिशत आबादी बढ़ चुकी है, अगर समय रहते हिन्दू नहीं जगे तो अल्पसंख्यक होते देर नहीं लगेगी। जामताड़ा जिला में हिन्दू अल्पसंख्यक हो चुके हैं। सरकारी स्कूलों में रविवार की जगह शुक्रवार को छुट्टी दी जा रही। देश में भाजपा सरकार नहीं रही, तो देश के हर कोने में सरिया कानून लागू हो जाएगा। हिंदुओं को जातियों में बंटने से दूर रहकर सिर्फ सनातनी बनने की बात कही, तभी हिंदुओं की अस्मिता व अस्तित्व बची रह सकती है। जब तक देश हिन्दू बहुसंख्यक है, तब तक आजादी है और बाबा साहब का संविधान भी सुरक्षित है, अन्यथा संविधान नहीं देश में सरिया कानून लागू हो जाएगा। सरिया कानून लगते ही हलाल होना होगा या कश्मीरियों की तरह घर छोड़ भागना पड़ेगा। आजादी, बहु-बेटियों की इज्जत कायम रखने के लिए भाजपा को वोट देकर तीसरी बार नरेंद्र मोदी की सरकार बनाएं। कहा कि देश में 60 वर्षों से अधिक समय तक राज करने वाली कांग्रेस ने देश की गरीब जनता के लिए कुछ नहीं किया , बल्कि अपने परिवार के सदस्यों को मंत्री सांसद व विधायक बनाने का काम किया। वहीं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश की 140 करोड़ जनता को अपना परिवार मानते हैं। प्रधानमंत्री आवास, शौचालय निर्माण, गैस चूल्हा, गरीबों को 5 लाख तक का निःशुल्क इलाज समेत अन्य महत्वाकांक्षी योजनाएं चलाकर देश के अंतिम वर्ग को लाभ पहुंचाने का काम किया है।

सारठ विधायक रणधीर कुमार सिंह ने कहा कि देश की तरक्की सिर्फ भाजपा और नरेंद्र मोदी ही कर सकते हैं। वर्ष-2014 से पूर्व भारत वैश्विक अर्थव्यवस्था में 11वें पायदान पर था, परंतु नरेंद्र मोदी के शासन काल में भारत विश्व की पांचवी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गई है। नरेंद्र मोदी के तीसरे कार्यकाल में भारत विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था वाला देश बन जाएगा। इसलिए उन्होंने दुमका लोकसभा के मतदाताओं को नरेंद्र मोदी के हाथों को मजबूत करने व तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने केलिए 1 जून को कमल फूल पर बटन दबाकर प्रत्याशी सीता सोरेन को विजयी बनाने की अपील की।

# गर्मी ने दिल्ली वालों का उत्साह घटाया, इस बार 2019 से भी कम हुआ मतदान

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सियासी आंच से तप रही दिल्ली की धरती पर शनिवार को मतदान के साथ चुनावी तूफान शांत हो गया। मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए चुनाव आयोग के साथ दलों ने भी पूरा जोर लगाया। बावजूद इसके, पॉश इलाकों में शामिल नई दिल्ली सीट पर वोटरों का कम योगदान रहा, जबकि यमुनापार वाले अव्वल रहे। 2019 के चुनाव में भी लुटियन का मत प्रतिशत फिसड्डी था, जबकि यमुनापार वालों ने दम दिखाया था।

देश की संसद के सबसे नजदीक रहने वाले नई दिल्ली लोकसभा सीट के मतदाता इस बार फिर लोकसभा चुनाव में फिसड्डी रहे। वहीं संकरी गलियों, अनाधिकृत कॉलोनियों में बसे यमुनापार के मतदाताओं ने लोकतंत्र के महापर्व में बढ़-चढ़कर भागीदारी निभाई। दिल्ली में सबसे अधिक मतदान उत्तर-पूर्वी दिल्ली संसदीय सीट पर 59.09 फीसदी, जबकि नई दिल्ली सीट पर सबसे कम महज 51.98 फीसदी हुआ।

प्रचंड गर्मी के बीच शनिवार को लोकसभा चुनाव के छठे चरण में रात 11 बजे तक के आंकड़ों के अनुसार, दिल्ली में कुल 56.94 वोट पड़े। वर्ष 2019 में दिल्ली में 60.52 फीसदी मतदान हुआ था।



राजधानी दिल्ली में शनिवार को अधिकतम तापमान 43.4 डिग्री दर्ज किया गया। मतदाता सुबह और शाम के वक्त वोट करने के लिए ज्यादा संख्या में पहुंचे। राजधानी की सभी सात सीटों पर 56.04 मतदान हुआ। वर्ष 2019 के चुनाव में 60.52 प्रतिशत मतदान हुआ था। हालांकि, मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय की ओर से कहा गया कि यह आंकड़े अंतिम नहीं है। अभी मतदान प्रतिशत बदल सकता है।

**उत्तर-पूर्वी दिल्ली लोकसभा सीट पर सबसे अधिक मतदान:** दिल्ली में सबसे अधिक मतदान उत्तर-पूर्वी दिल्ली लोकसभा सीट पर 59.09 फीसदी दर्ज किया गया है। सबसे कम नई दिल्ली लोकसभा सीट पर 51.98 प्रतिशत वोट पड़े। वहीं, दक्षिणी दिल्ली में 53.53, पश्चिमी दिल्ली 57.51, उत्तरी पश्चिमी दिल्ली 53.81, चांदनी चौक 56.43 और पूर्वी दिल्ली लोकसभा सीट पर 54.79 प्रतिशत मतदान हुआ।

**मतदान के लिए 13 हजार से ज्यादा बूथ बनाए गए थे:** दिल्ली में 2627 स्थानों पर 13 हजार से ज्यादा बूथ बनाए गए थे, जिन पर शांतिपूर्ण तरीके से मतदान हुआ। युवाओं, महिला, बुजुर्गों के साथ बड़ी संख्या में दिव्यांग भी मतदान करने के लिए आगे आए। पॉश कॉलोनियों से लेकर घनी आबादी और ग्रामीण क्षेत्रों में लोग सुबह से ही कतार में लगे थे। कई इलाकों में शाम 6 बजे के बाद भी मतदान हुआ। काफी संख्या में लोग शाम के समय मतदान करने निकले। हालांकि, 6 बजे के बाद मतदान केंद्रों के गेट बंद कर दिए गए, लेकिन जो लोग मतदान परिसर में लाइन में लगे थे, उन्हें मतदान का मौका दिया गया।

**धीमी वोटिंग की शिकायत :** कुछ मतदान केंद्रों पर वोटिंग धीमी होने और मतदाता सूची से नाम काटे जाने की शिकायत भी लोगों द्वारा की गई। दिल्ली में इस बार 1.52 करोड़ से अधिक मतदाता पंजीकृत थे, लेकिन देर रात तक मिले आंकड़ों के हिसाब से मतदान के प्रति उत्साह उम्मीद से कम रहा। मतदान प्रक्रिया संपन्न होने के बाद दिल्ली के 162 प्रत्याशियों का भविष्य ईवीएम में कैद हो गया है। चार जून को होने वाली मतगणना में साफ होगा कि जीत का सेहरा किसके सिर पर बंधेगा।

## संक्षिप्त समाचार

### ड्रग्स के मामले में पंजाब को जल्द पछाड़ देगा कर्नाटक, केंद्रीय मंत्री ने कर्नाटक को लेकर कही ये बात?




**बेंगलुरु।** कर्नाटक सरकार पर हमला बोलते हुए केंद्रीय मंत्री प्रल्हाद जोशी ने कहा है कि ड्रग्स के मामले में कर्नाटक जल्द ही पंजाब को पीछे छोड़ देगा। कर्नाटक में ड्रग्स तेजी से पांव पसार रहा है, लेकिन प्रदेश सरकार कार्रवाई नहीं कर रही है। यदि जल्द ही उचित कार्रवाई नहीं हुई तो न जाने कितने लोगों का भविष्य बर्बाद हो जाएगा। हुबली में पत्रकारों से बातचीत करते हुए जोशी ने कहा कि कर्नाटक में ड्रग्स तस्करी का अवैध कारोबार तेजी से बढ़ रहा है। हुबली, बेंगलुरु व मंगलुरु इसके प्रमुख गढ़ हैं। प्रदेश सरकार ड्रग्स तस्करी के प्रति गंभीर नहीं है, इस वजह से यह अवैध कारोबार तेजी से पनप रहा है। सरकार यदि चाहती तो पूरे प्रदेश में ड्रग्स माफिया की कोई जगह नहीं होती, लेकिन ऐसा नहीं हो रहा है। केंद्रीय मंत्री ने प्रदेश सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि मुख्यमंत्री सिद्धारमैया की सरकार बनने के बाद से प्रदेश में दुष्कर्म, गैंगवार, ड्रग्स तस्करी, रेव पार्टी, सांप्रदायिक हिंसा की घटनाएं बढ़ी हैं। प्रदेश में कानून व्यवस्था की स्थिति बहुत दयनीय

### चुनाव का विरोध करने पर हिज्ब-उत-तहरीर के छह सदस्य दबोचे

**चेन्नई।** लोकसभा चुनाव के विरोध में ऑनलाइन अभियान चलाने वाले हिज्ब उत तहरीर संगठन के छह सदस्यों को तमिलनाडु पुलिस की साइबर क्राइम टीम ने दबोचा है। ये सभी वीडियो जारी कर आम लोगों को उकसा रहे थे कि वे चुनाव में वोट न डालें। पकड़े गए लोगों में एक शख्स और उसके दो बच्चे भी शामिल हैं। सभी आरोपित इस्लाम धर्म का पालन करने वाले हैं और अपने फालोअर्स को इस्लाम का पालन करने के लिए भी प्रेरित कर रहे थे। केंद्रीय जांच एजेंसियों को इस बारे में जानकारी दे दी गई है। लोकतंत्र को हराम करार देते हुए इन लोगों ने कहा कि जो भी इस प्रक्रिया का हिस्सा बनेगा वह भी हराम काम करेगा। आरोपितों में एक हामिद हुसैन पेशे से मैकेनिकल इंजीनियर है। अन्य आरोपितों की पहचान अहमद मंसूर, अब्दुल रहमान, मोहम्मद मउरिस, नवाज शरीफ, अहमद अली के रूप में हुई है। गौरतलब है कि हिज्ब उत तहरीर संगठन पर कई देशों में प्रतिबंध लगाया जा चुका है।

### ब्रेनडेड गुजरात निवासी तेजस ने 3 लोगों को दिया नया जीवन, 12 घंटे चली ट्रांसप्लांट प्रक्रिया

**जयपुर, एजेंसी।** गुजरात निवासी तेजस उपेंद्र ने इस दुनिया को अलविदा कहने के बाद 3 मरीजों को नया जीवन दिया। राजस्थान के जयपुर में एक निजी अस्पताल में ब्रेनडेड होने के बाद उनका अंगों का ट्रांसप्लांट किया गया। अंगों में एक किडनी और लिवर यहां एसएमएस मेडिकल कॉलेज की हिपेटोलॉजी और रीनल साइंस विभाग ने दो अलग-अलग मरीजों में किडनी और लिवर ट्रांसप्लांट किया। एसएमएस मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ. दीपक माहेश्वरी ने शनिवार को बताया कि पिछले दो महीने से ट्रांसप्लांट से जुड़ी गतिविधि नहीं हो सकी, लेकिन अभी मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर एवं अतिरिक्त मुख्य सचिव शुभ्रा सिंह द्वारा गठित की गई नई कमेटी के बाद अब वापस से एसएमएस मेडिकल कॉलेज के ट्रांसप्लांट प्रोग्राम शुरू हो गया है। इसी कड़ी में शुक्रवार को दो मरीजों को ब्रेनडेड व्यक्ति के अंग प्रत्यारोपित किए गए। लिवर ट्रांसप्लांट करने वाले सीनियर हेपेटोबिलरी सर्जन डॉ. दिनेश भारती ने बताया कि ब्रेनडेड व्यक्ति का लिवर 44 वर्षीय महिला को लगाया गया है। एक निजी अस्पताल में व्यक्ति के ब्रेनडेड होने के बाद सोटो के पदाधिकारियों ने उसके परिजनों की काउंसिलिंग की. परिजनों से अंग दान की सहमति प्राप्त होने के बाद शुक्रवार शाम 5 बजे से व्यक्ति के अंगों को रिट्रीव करने की प्रक्रिया चली. रात 8:15 बजे अंग एसएमएस में पहुंचे और शनिवार सुबह 6:30 बजे तक लिवर ट्रांसप्लांट की प्रक्रिया पूरी हुई।

## बस्तर में 33 माओवादियों ने डाले हथियार, बोले- खोखली विचारधारा से हैं निराश

**बस्तर, एजेंसी।** बस्तर के बीजापुर जिले में 33 माओवादियों ने सुरक्षाबलों के सामने आत्मसमर्पण कर दिया। माओवादियों ने कहा कि वे आदिवासियों पर माओवादियों द्वारा किए गए अत्याचारों और खोखली माओवादी विचारधारा से निराश हैं। माओवादियों ने यहां वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों और सीआरपीएफ के अधिकारियों के सामने यह कहते हुए आत्मसमर्पण कर दिया कि वे खोखली माओवादी विचारधारा से निराश हैं और वे पुलिस की पुनर्वास नीति से भी प्रभावित हैं। बीजापुर के पुलिस अधीक्षक जितेंद्र यादव ने कहा कि आत्मसमर्पण करने वाले 33 कैडरों में से दो महिलाएं हैं, जो माओवादियों की गंगालूर क्षेत्र समिति के तहत विभिन्न विंग और संगठनों में सक्रिय थीं।बटालियन नंबर 1 के सदस्य राजू हेमला उर्फ ठाकुर (35) और माओवादियों के प्लाटून नंबर 1 के सदस्य सामो कर्मा पर 2-2 लाख रुपये का इनाम था।

## सेक्स स्कैंडल मामले में प्रज्वल रेवन्ना को नोटिस जारी : प्रह्लाद जोशी

**बेंगलुरु, एजेंसी।** केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी ने शनिवार को कहा कि केंद्र सरकार ने सेक्स वीडियो कांड के मुख्य आरोपी प्रज्वल रेवन्ना को 25 मई को नोटिस जारी किया है। जोशी ने मीडियाकर्मियों से कहा, अगर मुख्यमंत्री सिद्दारमैया प्रधानमंत्री और विदेश मंत्रालय को पत्र लिखने के बाद इस पर राजनीति करते हैं तो प्रज्वल का पासपोर्ट रद्द नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि कर्नाटक पुलिस विभाग को या तो केंद्र सरकार को आधिकारिक अधिसूचना देनी चाहिए या मामले के संबंध में अदालत के आदेश का पालन करना चाहिए। जोशी ने कहा, एसआईटी ने हाल ही में केंद्र को जानकारी दी है। 21 मई को मामला सामने आने के एक महीने बाद आधिकारिक जानकारी दी गई। हालांकि, केंद्र सरकार ने प्रज्वल के खिलाफ तुरंत कार्रवाई की।

## सड़क किनारे दो झुग्गियों में जा घुसी बस, 4 मजदूरों की मौत; एक की फोन कॉल ने बचा ली जान

**पणजी।** दक्षिण गोवा में एक बस सड़क किनारे दो झुग्गियों में जा घुसी। जिस वजह से 4 मजदूरों की मौत हो गई और 5 घायल हो गए। गोवा की पुलिस ने इस घटना की जानकारी दी है। पुलिस ने आगे घटना की जानकारी देते हुए बताया, ये घटना सुबह 11-30 बजे हुई।

जब सड़क निर्माण कार्य में लगे मजदूर झुग्गियों में सो रहे थे। पुलिस उपाधीक्षक का नाम संतोष देसाई बताया जा रहा है। ये पास के कार्टोलिम गांव का निवासी है, अब आरोपी को हिरासत में ले लिया गया है और उससे पूछताछ की जा रही है। इस घटना के बाद आरोपी का मेडिकल टेस्ट कराया गया,जिससे पता चला कि वह बस चलाते समय नशे में था। साथ ही इस मामले और एक और हैरान करने वाली बात सामने आई है, बताया जा रहा है, जब ये घटना हुई तो बस ड्राइवर ने वहां मौजूद मजदूरों से मामला को गुप्त रखने को कहा। ड्राइवर ने मजूदरों को डराते हुए कहा, अगर इस घटना के बारे में किसी ने किसी से भी शिकायत की तो उसे जान से मार दिया जाएगा। झुग्गियों में से किसी एक में रह रहे निवासी रूपेंद्र माथुर ने इस घटना को लेकर कुछ जानकारी दी है। उनसे मिली जानकारी के मुताबिक,मेडिकल कर्मियों के देर से पहुंचने के कारण पीड़ितों को मडगांव के जिला अस्पताल में देर से ले जाया गया। रूपेंद्र माथुर ने बताया, वो भी इस हादसे का शिकार होने से बाल-बाल बचे हैं।

दरअसल जब ये घटना हुई, तो वह एक मोबाइल फोन कॉल के लिए झुग्गी से बाहर आए थे। शुक्र है कि इसी तरह झुग्गी के तीन और लोग थे जो फोन कॉल पर थे, इस वजह से उनकी जान बच गई। फिलहाल मामले की जांच जारी है।

## भीषण लू चलने का ऑरेंज और रेड अलर्ट

**नई दिल्ली, एजेंसी।** देश के कुछ हिस्सों में तूफानी हवाओं के साथ भारी बारिश की चेतावनी जारी की गई है। वहीं दिल्ली एनसीआर के इलाके बारिश की बूंदों के लिए तरस रहे हैं। मौसम विभाग ने दिल्ली-एनसीआर में भीषण गर्मी पड़ने की चेतावनी जारी की गई है। खासकर अगले 24 घंटे के दौरान दिल्ली में भीषण गर्मी पड़ने का येलो अलर्ट जारी किया गया है। नजफगढ़ और पूसा जैसे इलाकों में लू चल सकती है। मौसम विभाग के एक अधिकारी ने बताया दिल्ली एनसीआर में शनिवार के बाद से एकबार फिर झुलसा देने वाली गर्मी पड़ेगी।



मौसम विभाग की ओर से जारी ऑल इंडिया वेदर बुलेटिन के मुताबिक, दक्षिण-पश्चिम मानसून बंगाल की खाड़ी के कुछ हिस्सों में आगे बढ़ा है। साथ ही बंगाल की खाड़ी पर एक गहरा दबाव भी बना है जिसके अगले जल्द चक्रवाती तूफान में तब्दील होने की आशंका है। यह 26 मई रात को 110 से 120 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से बांग्लादेश और पश्चिम बंगाल तटों से टकरा सकता है। इस दौरान हवा की स्पीड 135 किलोमीटर प्रति घंटे तक देखी जा सकती है। इसकी वजह से 26 से 27 मई के दौरान उत्तरी ओडिशा और पश्चिम बंगाल के विभिन्न जिलों में भारी बारिश होगी। वहीं दिल्ली एनसीआर के इलाकों में भीषण गर्मी पड़ने की चेतावनी जारी की गई है। मौसम विभाग ने दिल्ली में अगले 24 घंटे के दौरान भीषण गर्मी पड़ने का यलो अलर्ट जारी किया है। दिल्ली में 26 मई को भीषण गर्मी पड़ने का ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। इस दौरान कुछ इलाकों में लू चलने की स्थितियां बन सकती हैं। मौसम विभाग का कहना है कि दिल्ली में 27 मई से भीषण लू चलेगी। दिल्ली में 29 मई तक भीषण लू के साथ गर्मी कहर बरपाएगी। इसको लेकर रेड अलर्ट जारी किया गया है। दिल्ली में कुल चार दिन 26 से 29 मई तक लू चलेगी। इस दौरान अधिकतम तापमान 45 डिग्री सेल्सियस तक जा सकता है। दिल्ली में 26 से 27 मई तक गर्म हवा की रफ्तार 20 से 30 किलोमीटर प्रति घंटा रहेगी। वहीं 27 से 29 मई तक लू की रफ्तार 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटे तक हो सकती है। 30 मई से गर्मी कम होने के आसार हैं। 30 से 31 मई के दौरान हवा की रफ्तार 25 से 35 किलोमीटर प्रति घंटे तक हो सकती है। 31 मई को आसमान में हल्के बादलों की मौजूदगी नजर आ सकती है। इस दौरान अधिकतम तापमान 43 डिग्री सेल्सियस तक रिकॉर्ड किया जा सकता है।

## देहरादून के प्रमुख बिल्डर आत्महत्या मामले में गुप्ता बंधुओं को न्यायिक हिरासत

**नई दिल्ली, एजेंसी।** झएक प्रमुख बिल्डर को आत्महत्या के लिए उकसाने के आरोप में देहरादून में पुलिस द्वारा गिरफ्तार किए गए दक्षिण अफ्रीकी व्यवसायी अनिल कुमार गुप्ता और अजय कुमार गुप्ता को शनिवार को 14 दिनों की न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। एसजेएम की अदालत ने गुप्ता बंधुओं को न्यायिक हिरासत में भेजते हुए आरोपियों द्वारा दायर जमानत अर्जी पर पुलिस से जवाब भी मांगा।

गुप्ता बंधुओं को देहरादून स्थित बिल्डर सतिंदर सिंह साहनी द्वारा सुसाइड नोट में नामित करने के बाद गिरफ्तार किया गया था। गुप्ता भाई-बहनों की गिरफ्तारी इस सुसाइड नोट में साहनी द्वारा उनके खिलाफ लगाए गए आरोपों के कारण हुई। साहनी ने शुक्रवार की सुबह सात मंजिला अपार्टमेंट परिसर की छत से कूदकर अपनी जीवन लीला खत?म कर ली। अनिल और अजय गुप्ता दोनों को आगे की कानूनी कार्रवाई के लिए शनिवार को अदालत में पेश किया गया।

मूल रूप से यूपी के सहारनपुर के रहने वाले गुप्ता परिवार को दक्षिण अफ्रीका में अपनी व्यापक व्यावसायिक गतिविधियों के लिए बदनामी मिली, जहां उन्हें व्यापक भ्रष्टाचार के आरोपों का सामना करना पड़ा। कुछ साल पहले यह परिवार देश में एक बड़े राजनीतिक घोटाले में फंस गया था, जिसने राष्ट्रपति जैकब जुमा के साथ संबंध के कारण वैश्विक ध्यान आकर्षित किया था। इस पूरे घटनाक्रम के बीच ऐसी खबरें आ रही थीं कि दक्षिण अफ्रीकी न्याय विभाग गुप्ता बंधुओं की गिरफ्तारी के संबंध में भारतीय अधिकारियों के साथ चर्चा करने की तैयारी कर रहा है।

दक्षिण अफ्रीका के न्याय एवं सुधार सेवा मंत्रालय के प्रवक्ता क्रिसपिन फिरी ने मीडिया के एक वर्ग को बताया, न्याय एवं सुधार सेवा विभाग ने भारत में दो गुप्ता भाइयों, अजय और अनिल की गिरफ्तारी की रिपोर्ट पर गौर किया है। हमारी गिरफ्तारी वारंट राजेश और अतुल गुप्ता के लिए थे, फिर भी सत्यापन और संभावित जुड़ाव के लिए भारत में उच्चायुक्त के माध्यम से औपचारिक प्रक्रियाएं चल रही हैं। उसी समय न्याय मंत्री रोनाल्ड लामोला ने कथित तौर पर जोहान्सबर्ग में प्रेस व्यक्तियों को बताया कि भारत में गिरफ्तार किए गए गुप्ता परिवार के सदस्य वे नहीं थे, जिनके लिए दक्षिण अफ्रीका ने गिरफ्तारी वारंट जारी किया था। लामोला ने कहा कि उन्हें यकीन नहीं है कि गिरफ्तार किए गए लोग राजेश और अतुल से संबंधित थे,

## अमरावती में साफ हुआ नवनीत राणा का रास्ता? पूर्व सांसद बोले- राज्यपाल पद का ऑफर मिला

**अमरावती, एजेंसी।** अमरावती लोकसभा सीट महाराष्ट्र की सबसे हॉट सीटों में से एक है। यहां बीते 26 अप्रैल को मतदान हुआ था। भाजपा की तरफ से यहां नवनीत राणा ने चुनाव लड़ा। इस सीट पर उनका मुख्य मुकाबला कांग्रेस कैंडिडेट बलवंत वानखेड़े से था। अमरावती में नवनीत राणा के लिए रास्ता कैसे साफ हुआ? इसे लेकर शिवसेना के पूर्व सांसद आनंदराव अडसुल का दावा है कि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने उन्हें इस सीट पर चुनाव नहीं लड़ने के लिए मनाया था। अमरावती सीट से दो बार सांसद रहे अडसुल का कहना है कि उन्हें राज्यपाल पद की पेशकश की गई थी। हालांकि अडसुल कहते हैं कि इस बार राणा का चुनाव जीतना बहुत मुश्किल है। जनता और पार्टी कार्यकर्ता पिछले पांच साल में उनकी नाटकबाजी और सनसनी समझ चुकी है। अमरावती के पूर्व सांसद आनंदराव अडसुल ने कहा, जब सीटों का बंटवारा हो रहा था, तब अमित शाह ने मुझे बुलाया था। उन्होंने मुझे अमरावती से चुनाव न लड़ने के लिए कहा। मैंने उनसे कहा कि जिस उम्मीदवार को वे मैदान में उतारने की योजना बना रहे हैं, वह जीत नहीं सकती और उसका कोर्ट केस चल रहा है। शाह ने मुझसे कहा कि वे इसका ध्यान रखेंगे। आनंदराव ने आगे कहा कि उन्होंने मुझसे पूछा कि मैं क्या चाहता हूं और फिर मुझे राज्यपाल बनाने की पेशकश की। उन्होंने कहा कि इसके बाद उन्होंने चुनाव से हटने का फैसला किया, लेकिन उन्होंने कहा कि पिछले 20 महीनों से महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने भी उन्हें इसी तरह का आश्वासन दे रखा है। अडसुल ने 2009 और 2014 में अमरावती लोकसभा सीट का प्रतिनिधित्व किया है। हालांकि 2019 में उन्हें एनसीपी समर्थित निर्दलीय उम्मीदवार नवनीत राणा से हार का मुंह देखना पड़ा था। चुनाव जीतने के बाद नवनीत राणा भाजपा में शामिल हो गई थी। ऐसा बताया जाता है कि अडसुल अमरावती से चुनाव लड़ना चाहते थे लेकिन, भाजपा द्वारा राणा को तरजीह दिए जाने के कारण अडसुल इस सीट से पीछे हट गए।

## अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी के समय अमेरिका में थीं स्वाति मालीवाल? आप सांसद ने तोड़ी चुप्पी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** आम आदमी पार्टी (आप) की राज्यसभा सांसद स्वाति मालीवाल ने शनिवार को बड़ा खुलासा किया। उन्होंने कहा कि वह पार्टी के स्वयंसेवकों द्वारा आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में हिस्सा लेने के लिए अमेरिका गई थीं। दरअसल इस तरह के आरोप लगाए जा रहे हैं कि आम आदमी पार्टी का नेतृत्व स्वाति मालीवाल से इसलिए नाराज था क्योंकि जब दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने शराब नीति मामले मामले में गिरफ्तार किया था तब वह वहां मौजूद नहीं थीं। हालांकि मालीवाल ने इन आरोपों को खारिज किया है।

स्वाति मालीवाल ने कहा कि वह हार्वर्ड कॉन्फ्रेंस में भाग लेने के लिए मार्च में अमेरिका में थीं और आप स्वयंसेवकों द्वारा आयोजित विभिन्न मिलन-अभिवादन



कार्यक्रमों में भाग लिया था। उन्होंने यह भी कहा कि वह अमेरिका में ज्यादा दिन इसलिए भी रुकीं क्योंकि उनकी बहन को कोविड हो गया। उनकी बहन पिछले 15 वर्षों से अमेरिका में रह रही हैं।

स्वाति मालीवाल ने कहा, मैं हार्वर्ड कॉन्फ्रेंस में भाग लेने के लिए अमेरिका गई और आप स्वयंसेवकों द्वारा आयोजित विभिन्न मिलन-अभिवादन कार्यक्रमों में भाग लिया। जिस समय अरविंद केजरीवाल को गिरफ्तार किया गया, उस समय अमेरिका में रहने वाली मेरी बहन को कोविड हो गया था। मेरा सारा सामान उसके घर पर था और फिर मुझे क्वारंटाइन से गुजरना पड़ा। उस दौरान भी मैं पार्टी के संपर्क में थी, ट्वीट कर रही थी और आप नेताओं से बात कर रही थी। उस समय मैं जो कुछ भी कर सकती थी मैंने किया। यह कहना कि मैं उस समय पार्टी के लिए काम नहीं कर रहा थी, बहुत दुर्भाग्यपूर्ण है।

कई रिपोर्टों में दावा किया गया है कि जब अरविंद केजरीवाल जेल में थे, तो स्वाति मालीवाल, राघव चड्ढा और हरभजन सिंह सहित आप के राज्यसभा सांसद दिल्ली में मौजूद नहीं थे और इससे संभवतः पार्टी नेतृत्व नाराज हो गया था। इसके अलावा, दिल्ली महिला आयोग (डीसीडब्ल्यू) की पूर्व अध्यक्ष ने इस बात पर भी आश्चर्य जताया कि राघव चड्ढा के साथ अलग व्यवहार क्यों किया गया, क्योंकि जब अरविंद केजरीवाल को गिरफ्तार किया गया था तब वह भी लंदन में थे।

मालीवाल ने चड्ढा का नाम लिए बिना पूछा, अगर इसी कारण मुझे पीटा गया, तो मैं असल में समझना चाहती हूं कि ऐसा क्यों है कि मेरे साथ इस तरह का व्यवहार किया गया है और दूसरे राज्यसभा सांसद जो लंदन में थे, उनका रेड कार्पेट स्वागत किया गया? राघव चड्ढा की आंख की सर्जरी लंदन में हुई थी और वह लंबे समय से देश से बाहर थे। इससे पहले, दिल्ली के एक मंत्री ने कहा था कि सांसद को आंखों की गंभीर बीमारी हो गई है जिससे अंधापन हो सकता था।

जब स्वाति मालीवाल से उनके बीजेपी के संपर्क में होने और सत्ताधारी पार्टी के इशारे पर यह सब करने के आप के आरोपों के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा, यह बहुत दुर्भाग्यपूर्ण है और बिल्कुल वैसा ही जैसा उन्होंने मुझे धमकी दी थी। उन्होंने कहा कि जैसे ही मैं अरविंद केजरीवाल के सहयोगी विभव कुमार के खिलाफ शिकायत दर्ज करूंगी, यही होगा। पिछले हफ्ते राष्ट्रीय राजधानी में एक बड़ा राजनीतिक विवाद खड़ा हो गया जब स्वाति मालीवाल ने आरोप लगाया कि अरविंद केजरीवाल के सहयोगी बिभव कुमार ने उन्हें पूरी ताकत से बार-बार मारा।

राष्ट्रीय राजधानी की एक अदालत ने आम आदमी पार्टी (आप) की राज्यसभा सदस्य स्वाति मालीवाल के साथ कथित मारपीट के मामले में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के करीबी सहयोगी बिभव कुमार को शुक्रवार को चार दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया। केजरीवाल के निजी सहायक कुमार ने 13 मई को मुख्यमंत्री के आधिकारिक आवास पर मालीवाल के साथ कथित तौर पर मारपीट की थी। वह शनिवार से पुलिस की हिरासत में हैं। मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट गौरव गोयल ने कुमार की चार दिन की न्यायिक हिरासत के अनुरोध संबंधी अभियोजन पक्ष के आग्रह को स्वीकार कर लिया। दिल्ली पुलिस ने 18 मई को कुमार को गिरफ्तार किया था।

टी-20 वर्ल्डकप 2024

# विराट को छोड़ टीम इंडिया अमेरिका के लिए हुई रवाना

**मुंबई, एजेंसी।** आईसीसी टी20 विश्व कप शुरू होने से पहले कप्तान रोहित शर्मा, तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह और नंबर एक रैंक वाले टी20ई बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव सहित भारतीय खिलाड़ियों का पहला जत्था संयुक्त राज्य अमेरिका के लिए रवाना हो गाया।



इस जत्थे में कप्तान रोहित, बुमराह और सूर्यकुमार के अलावा मुख्य कोच राहुल द्रविड़, बल्लेबाजी कोच विक्रम राठौड़, बल्लेबाज शुभमन गिल, ऑलराउंडर रवींद्र जड़ेजा और शिवम दुबे, तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज, अर्शदीप सिंह, खलील अहमद, स्पिनर कुलदीप यादव और अक्षर पटेल शामिल थे।

सभी प्लेयर्स जब मुंबई एयरपोर्ट पर पहुंचे तो उन्होंने फोटो सेशन भी कराया। विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत ने भी विशेष फोटो सोशल मीडिया पर पोस्ट की। टीम में यशस्वी जयसवाल, संजू सैमसन, युजवेंद्र चहल अभी शामिल नहीं हुए हैं.

बता दें कि भारत का टी20 विश्व कप अभियान 5 जून को आयरलैंड के खिलाफ न्यूयॉर्क के नवनिर्मित नासाउ काउंटी अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में शुरू होगा। भारत बनाम पाकिस्तान का मुकाबला 9 जून को होगा। वे बाद में अपने ग्रुप ए मैच खत्म करने के लिए टूर्नामेंट के सह-मेजबान यूएसए (12 जून) और कनाडा (15 जून) से खेलेंगे।

भारत ने 2007 में दक्षिण अफ्रीका में टूर्नामेंट का उद्घाटन संस्करण जीत महेंद्र सिंह धोनी की कप्तानी में जीता था। 2022 में ऑस्ट्रेलिया में आयोजित आखिरी संस्करण में भारत सेमीफाइनल में इंग्लैंड से 10 विकेट से हार गया था। भारत एक और बार फाइनल में पहुंचा था लेकिन वहां उन्हें जीत नसीब नहीं हुई थी।

### भारतीय टीम

रोहित शर्मा (कप्तान), हार्दिक पंड्या (उप-कप्तान), यशस्वी जयसवाल, विराट कोहली, सूर्यकुमार यादव, ऋषभ पंत (विकेटकीपर), संजू सैमसन (विकेटकीपर), शिवम दुबे, रवींद्र जड़ेजा, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव, युजवेंद्र चहल, अर्शदीप सिंह, जसप्रीत बुमराह, मो. सिराज

**रिजर्व** –शुभमन गिल, रिंकू सिंह, खलील अहमद और अवेश खान।

## संक्षिप्त समाचार

फुटबॉल

### मैनचेस्टर यूनाइटेड ने जीता एफए कप, गत विजेता मैनचेस्टर सिटी को 2-1 से दी शिकस्त



**नईदिल्ली, एजेंसी।** मैनचेस्टर यूनाइटेड ने गत विजेता मैनचेस्टर सिटी को 2-1 से शिकस्त देते हुए एफए कप फुटबाल का खिताब अपने नाम कर लिया। इसके साथ ही यूनाइटेड ने अगले सत्र के लिए यूरोपा लीग के लिए भी क्वालिफाई कर लिया। फाइनल पिछले साल की पुनरावृत्ति थी जिसे सिटी ने 2-1 से जीता था। यूनाइटेड के लिए एजेजांद्रो (30वां मिनट) और कॉबी मेनू (39वां मिनट) ने गोल किए। सिटी के लिए गोल जेरेमी ने 87वें मिनट में किया। यूनाइटेड का यह 13वां एफए कप है। रिकॉर्ड आर्सेनल (14 एफए कप) के नाम है।

### बाबर आजम टी20 में दूसरे सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी बने, रोहित शर्मा को छोड़ा पीछे



**बर्मिंघम (यूके)एजेंसी।** पाकिस्तान के कप्तान बाबर आजम ने भारत के कप्तान रोहित शर्मा को पीछे छोड़ते हुए टी20 में दूसरे सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी बन गए हैं। बाबर ने एजबेस्टन में इंग्लैंड के खिलाफ पाकिस्तान के दूसरे टी20 मैच के दौरान यह उपलब्धि हासिल की। मैच की दूसरी पारी में बाबर ने औसत प्रदर्शन किया। उन्होंने 123.08 की स्ट्राइक रेट से 26 गेंदों पर 32 रन बनाए और रिकॉर्ड बुक में अपना नाम दर्ज कराया। उन्होंने 4 चौके लगाए लेकिन उनके प्रयास मेन इन ग्रीन को जीत दिलाने में मदद नहीं कर सके। टी20 में रोहित ने 151 मैच और 143 पारियां में 139.97 की स्ट्राइक रेट से 3974 रन बनाए। वहीं बाबर ने 118 मैचों और 111 पारियों में 129.91 की स्ट्राइक रेट से 3987 रन बनाए। रोहित और बाबर से आगे सिर्फ भारत के करिश्माई बल्लेबाज विराट कोहली हैं। कोहली फिलहाल 4037 रनों के साथ टी20आई में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी हैं।

मैच की बात करें तो कप्तान जॉस बटलर (87) और विल जैक्स (37) की शानदार बल्लेबाजी और उसके बाद गेंदबाजों के बेहतरीन दम पर इंग्लैंड ने शनिवार को दूसरे टी-20 मुकाबले में पाकिस्तान को 23 रन से हरा दिया है। 184 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी पाकिस्तान की शुरुआत बेहद खराब रही और उसने अपने दोनों सलामी बल्लेबाजों के विकेट जल्द ही गवां थे।

मोहम्मद रिजवान (शून्य) और सईम अयूब (2) रन बनाकर आउट हुए। ऐसे सकंट के समय कप्तान बाबर आजम और फखर जमान ने पारी को संभाला। बाबर आजम 26 गेंदों में 32 रन बनाकर आउट हुए। फखर जमान ने 21 गेंदों में पांच चौके और तीन छक्के लगाते हुये 45 रनों की पारी खेली।

शादाब खान (3), आजम खान (11), इफ्तिखार अहमद (23) और इमाद वसीम (22) रन बनाकर आउट हुये। शाहीन शाह अफरीदी (9) रन और मोहम्मद आमिर पांच रन बनाकर आउट हुए। इंग्लैंड के गेंदबाजों ने पाकिस्तान की पूरी टीम को 19.2 ओवर में 160 रन पर समेट कर मुकाबला 23 रन से जीत लिया।

पावर लिफ्टिंग में जीते दो स्वर्ण पदक

# इंग्लैंड में रजवंत कौर ने बढ़ाया तिरंगे का मान

**चंडीगढ, एजेंसी।** देश की बटी रजवंत कौर ने इंग्लैड में दो स्वर्ण पदक जीत कर तिरंगे का मान बढ़ाया है। ब्रिटिश पावर लिफ्टिंग फेडरेशन और वर्ल्ड पावर लिफ्टिंग यूनियन की ओर से आयोजित ब्रिटिश इंटरनेशनल पावर लिफ्टिंग चैंपिशनशिन रॉ में रजवंत ने यह उपलब्धि हासिल की। उन्होंने 115 किलोग्राम भार वर्ग और 55 किलोग्राम वेट क्लास कैटेगरी में देश को मेडल दिलवाए है।

प्रतियोगिता में वह भारत का प्रतिनिधित्व कर रही थी। पावर लिफ्टिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया की ओर से उन्हें इंग्लैंड में होनी वाली इस प्रतियोगिता के लिए चुना गया था। उन्होंने दो स्वर्ण पदक जीत कर देश का नाम रोशन करने के साथ-साथ फेडरेशन के पदाधिकारियों की ओर से उन पर जताए विश्वास पर खरी उतरी। पावर लिफ्टिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया के अध्यक्ष कैप्टन जगप्रीत सिंह की अगुवाई में भारतीय इंग्लैंड में इस प्रतियोगिता में हिस्सा लेने गई थी। रजवंत मोहाली के खरड़ में रहती है, उनके पिता सुमेंद्र सिंह पेशे से किसान थे और उनकी मृत्यू हो चुकी है। उ

नके पिता भी चाहते थे कि वह देश का नाम रोशन करें जो आज रजवंत ने करके दिखा दिया है। अध्यक्ष जगप्रीत ने रजवंत की सफलता के लिए उन्हें बधाई दी और कहा कि उन्होंने अपने सिलेक्शन को सफल बनाया है। उन्होंने प्रतियोगिता में दिखाया है कि देश की बेटी भी मेडल लेकर आ सकती है।



वहीं रजवंत से अपनी सफलता का श्रेय अपने कोच, फेडरेशन और अपनी मेहनत को दिया। उन्होंने कहा कि फेडरेशन ने उन पर विश्वास जताया और वह उस पर खरी उतरी। विदेश में तिरंगे का मान बढ़ाने की खुशी सबसे बड़ी है। इस प्रतियोगिता में दो स्वर्ण पदक जीतने के साथ ही रजवंत ने 29-30 जून को स्पेन में होने वाले वर्ल्ड कप में भी जगह बना ली है। रजवंत ने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि वह इस विश्वकप में भी अपने प्रदर्शन को दोहराएंगी और देश के लिए मेडल जीत कर आएंगी।

### ग्रेट खली ने बधाई दी

मेडल जीतने पर पूर्व डब्ल्यूडब्ल्यूई और वर्ल्ड हेवीवेट चैंपियन ग्रेट खली ने भी रजवंत से मिलकर उन्हें बधाई दी। खली ने कहा कि सफलता की पूंजी सिर्फ मेहनत है। मेडल जीत कर आने पर रजवंत का फेडरेशन के अधिकारियों के अलावा उनके रिश्तेदारों ने उनका जोरदार स्वागत किया गया।

# बांग्लादेश तीसरा टी-20 यूएसए से 10 विकेट से जीता

- मुस्तफिजुर ने लिए 6 विकेट
- सौम्य-तांजिद के बीच 108 रन की साझेदारी



**ह्यूस्टन, एजेंसी।** बांग्लादेश ने यूएसए को आखिरी टी-20 मैच में 10 विकेट से हराया। वर्ल्ड कप से पहले यूएसए दौरे पर गई बांग्लादेश को तीन टी-20 मैचों की शुरुआती दो मैचों में हार का सामना करना पड़ा। ह्यूस्टन के प्रेयरी व्यू क्रिकेट कॉम्पलेक्स में खेले गए तीसरे टी-20 मैच में बांग्लादेश ने टॉस जीत कर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। यूएसए ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 9 विकेट खोकर 108 रन बनाए। वहीं 109 रन का टारगेट का पीछा करने उतरी बांग्लादेश ने बिना विकेट खोए 11.4 ओवर में इसे हासिल कर लिया। बांग्लादेश की ओर से मुस्तफिजुर रहमान ने 6 विकेट लिए। यूएसए ने तीन टी-20 मैचों की सीरीज को 2-1 से जीत लिया है।

यूएसए की शुरुआत अच्छी रही। ओपनर शायान जहांगीर और एंड्रीज गौस ने पहले विकेट के लिए 46 रन की साझेदारी की।एंड्रीज शाकिब अल हसन की गेंद पर सौम्या सरकार को कैच देकर पवेलियन लौट गए। एंड्रीज ने 15 गेंदों का सामना कर 27 रन बनाए। वे यूएसए के टॉप स्कोरर रहे। उनके आउट होने के बाद शायान भी चलते बने। उसके बाद 56 रन पर तीसरा और 60 रन के स्कोर पर चौथा और पांचवा विकेट गिरा। मुस्तफिजुर ने सबसे पहले गौस को आउट करके उनकी और शायान की मजबूत होती दिख रही साझेदारी को खत्म किया।

### मुस्तफिजुर ने 10 रन दिए, 6 विकेट लिए

बांग्लादेशी गेंदबाज मुस्तफिजुर रहमान ने यहां रिकॉर्ड तोड़ गेंदबाजी की। उन्होंने अपने चार ओवर के स्पैल में महज 10 रन देकर छह विकेट हासिल किए। इस दौरान उनका इकनोमी रेट 2.40 रहा। वह टी-20 में ऐसा करने वाले बांग्लादेश के पहले गेंदबाज रहे। मुस्तफिजुर इससे पहले 2015 में वनडे में भारत के खिलाफ 43 रन देकर 6 विकेट ले चुके हैं।

## मैं भारतीय टीम का कोच पद संभालने के लिए इच्छुक नहीं : हसी

**पर्थ, एजेंसी।** पूर्व ऑस्ट्रेलियाई कप्तान रिकी पोंटिंग के बाद अब पूर्व ऑस्ट्रेलियाई ओपनर माइकल हसी ने भारतीय पुरुष क्रिकेट टीम का कोच पद संभालने से इंकार किया है। उन्होंने कहा



कि वह जीवन के इस चरण में इस पर विचार करने में दिलचस्पी नहीं रखते हैं।

गत 13 मई को बीसीसीआई ने शीर्ष पद के लिए राहुल द्रविड़ के उत्तराधिकारी पद के लिए आवेदन आमंत्रित किये थे जिसकी समय सीमा 27 मई थी। अगला भारतीय कोच एक जुलाई 2024 से 31 दिसंबर 2027 तक नियुक्त किया जाएगा। हसी ने आईपीएल 2024 में हाल ही में चेन्नई सुपर किंग्स के साथ सहायक कोच का कार्यकाल समाप्त किया था। वह द हंड्रेड में वेल्श फायर के भी कोच हैं और ऑस्ट्रेलिया के घरेलू समर में फॉक्स क्रिकेट में भी कमेंटेटर हैं। हसी ने कहा,भारत दुनिया में किसी अन्य देश से ज्यादा क्रिकेट खेलता है। वे एक के बाद एक दौरा करते रहते हैं। यह आपके लिए काफी चुनौतीपूर्ण रहता है। आईपीएल आठ से दस सप्ताह रहता है जबकि शेष वर्ष आपको टीम के साथ रहना पड़ता है।

हसी ने कहा, मैं अपने जीवन के इस चरण में ऐसे पद के लिए इच्छुक नहीं हूं। मैं एक सहायक या प्रमुख कोच की भूमिका से खुश हूं और थोड़ा बहुत मीडिया वर्क भी करता हूं। मैं कुछ समय घर में गुजार लेता हूं। आप हमेशा घर पर ज्यादा समय बिताना पसंद करते हैं। मेरा काफी व्यस्त कार्यक्रम है।

स्टीफन फ्लेमिंग का नाम भारतीय कोच पद के लिए उछाले जाने के बारे में पूछने पर हसी ने कहा, इससे पता चलता है कि विश्व स्तर पर उनका कितना सम्मान किया जाता है लेकिन मुझे नहीं लगता कि वह इस विचार को पसंद करेंगे।

राजस्थान रॉयल्स का आईपीएल अभियान क्वालीफायर दो में सनराइजर्स हैदराबाद के हाथों 36 रन की हार के साथ समाप्त हो जाने के बाद उनके क्रिकेट निदेशक और श्रीलंका के पूर्व कप्तान कुमार संगकारा ने भी खुद को भारतीय कोच पद की होड़ से बाहर कर लिया है।

एफआईएच प्रो लीग

## भारत की पुरुष हॉकी टीम को शूटआउट में बेल्जियम से 1-3 से शिकस्त, लगातार दूसरी हार से मायूसी

**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारतीय पुरुष हॉकी टीम को एफआईएच प्रो लीग में 2-2 की बराबरी के बाद शूटआउट में बेल्जियम से 1-3 से हार मिली। अराईजीत सिंह ने 11वें मिनट में बढ़त दिला दी पर फेलिक्स ने 30वें मिनट में स्कोर 1-1 कर दिया। फ्लोरेंट (50वें मिनट) ने बेल्जियम को बढ़त दिलाई पर सुखजीत (57वें मिनट) में स्कोर 2-2 कर दिया। शूटआउट में सुखजीत ही भारत के लिए गोल कर सके जबकि विवेक सागर, अभिषेक और अराईजीत चूक गए। इस बीच महिला टीम को प्रो लीग के बेल्जियम से 1-2 से हार मिली। बेल्जियम के खिलाफ यह टीम की लगातार दूसरी हार है।



दुनिया में छठे नंबर पर मौजूद भारत एक अंक लेने के चक्कर में शूटआउट में 1-3 से हार गया। तीसरे नंबर पर काबिज बेल्जियम ने दो अंक हासिल किए, जिसमें शूटआउट जीतने का बोनस अंक भी शामिल है। अराईजीत सिंह हुंदल ने 11वें मिनट में बेहतरीन फील्ड गोल करके भारत को बढ़त दिलाई, लेकिन फेलिक्स डेनेयर (30वें मिनट) ने हाफ टाइम से कुछ सेकंड पहले पेनल्टी कॉर्नर पर बराबरी हासिल कर ली। फ्लोरेंट वान औबेल ने 50वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर पर गोल करके बेल्जियम को पहली बार मैच में आगे पहुंचाया, लेकिन सुखजीत सिंह (57वें) ने निर्धारित समय खत्म होने से तीन मिनट पहले स्कोर बराबर कर दिया। शूटआउट में भारत के लिए केवल सुखजीत सिंह ने गोल किया, जबकि विवेक सागर प्रसाद, अभिषेक और अरजीत सिंह हुंदल चूक गए। बेल्जियम के लिए विलियम घिसलेन, फ्लोरेंट वान ऑबेल और गौथियर बोकार्ड ने लक्ष्य हासिल किया जबकि आर्थर डी स्लोओवर चूक गए।

भारत शुक्रवार को अपने पहले मैच में बेल्जियम से 1-4 से हार गया था। इससे पहले हरमनप्रीत सिंह की अगुवाई वाली भारतीय टीम ने बुधवार को शूटआउट में अर्जेंटीना को 5-4 से हराया था। यह बेल्जियम की आक्रामक गोलकीपिंग ही थी जिसने उन्हें रोमांचक मुकाबले में पहुंचाया लेकिन भारत अपनी पिछली हार का बदला नहीं ले सका। अब रविवार को भारत अर्जेंटीना के खिलाफ खेलने उतरेगा।



## बटलर की फिफ्टी से जीता इंग्लैंड

- पाकिस्तान को दूसरे टी-20 में 23 रन से हराया, 385 दिन बाद वापसी कर रहे ऑर्चर को 2 विकेट

**बर्मिंघम, एजेंसी।** बर्मिंघम के मैदान पर शुक्रवार को पाकिस्तान ने टॉस जीतकर गेंदबाजी करने का फैसला लिया। इंग्लैंड ने बल्लेबाजी करते हुए 7 विकेट पर 183 रन बनाए। जवाब में पाकिस्तान 19.2 ओवर में 160 रन पर सिमट गई। जोस बटलर के अर्धशतक के अलावा विल जैक्स ने 37 रन की पारी खेली। वहीं, बॉलर रीस टॉपली ने 3 और 385 दिन बाद वापसी कर रहे जोफ्रा आर्चर ने 2 विकेट लिए। पाकिस्तान के लिए फखर जमान ने सबसे ज्यादा 21 बॉल में 45 रन बनाए। वहीं, शाहिन शाह अफरीदी ने 3 विकेट लिए। पहला मुकाबला बारिश में धुल गया था। सीरीज में इंग्लैंड ने 1-0 से लीड बना ली है।

### इंग्लैंड की शुरुआत खराब, जैक्स-बटलर का अर्धशतक

इंग्लैंड ने फॉर्म में चल रहे सलामी बल्लेबाज फिल सॉल्ट सिर्फ 13 रन बनाकर आउट हुए। 25 रन पर पहला विकेट गिर गया। इसके बाद, विल जैक्स और जॉस बटलर की पावर-पैक जोड़ी ने पारी को आगे बढ़ाया। बटलर और जैक्स ने साथ 71 रन की साझेदारी की और 10 ओवर के बाद इंग्लैंड को 96/1 पर ला दिया। इसके बाद, जॉनी बेयरस्टो और बटलर के बीच 48 रन की पार्टनरशिप हुई। बेयरस्टो ने को 18 गेंदों में एक चौके और दो छक्कों की मदद से 21 रन बनाए।

आखिरी ओवर्स में इंग्लैंड के बैटर्स बड़े हिट नहीं लगा सके, और टीम के विकेट गिर चुके है। बटलर 51 गेंदों में आठ चौकों और तीन छक्कों की मदद से 84 रन बनाकर हारिस की बॉल पर आउट हुए। पाकिस्तान के बॉलर्स ने जोरदार वापसी करते हुए इंग्लैंड को 20 ओवरों में 183/7 पर रोक दिया।

### शाहीन को 3 विकेट

पाकिस्तान की ओर से शाहिन अफरीदी को 3 विकेट मिले।

# मुक्केबाज अभिमन्यु लौरा ने क्रिस्टियन निकोलोव को हराया

ओलंपिक क्वालिफायर

**नईदिल्ली, एजेंसी।** अभिमन्यु ने धीमी शुरुआत की जिससे बुल्गारिया के 10 बार के राष्ट्रीय चैंपियन निकोलोव ने पहले राउंड में दबदबा बना लिया। हालांकि 21 साल के भारतीय मुक्केबाज ने तेजी से रणनीति बदली और दूसरे राउंड में आक्रामक हो गए जिससे पांच में से चार जजों ने उनके हक में अंक दिए। भारतीय मुक्केबाजों का विश्व ओलंपिक क्वालीफायर में शानदार प्रदर्शन जारी रहा और राष्ट्रीय चैंपियनशिप के कांस्य पदक विजेता अभिमन्यु लौरा ने शानदार जज्बा दिखाते हुए शनिवार को पेरिस ओलंपिक के लिए मुक्केबाजी विश्व क्वालीफायर के 80 किग्रा वर्ग के पहले दौर में बुल्गारिया के क्रिस्टियन निकोलोव पर जीत दर्ज कर अगले दौर में प्रवेश कर लिया।

### वापसी करने में सफल रहे अभिमन्यु

अभिमन्यु ने धीमी शुरुआत की जिससे बुल्गारिया के 10 बार के राष्ट्रीय चैंपियन निकोलोव ने पहले राउंड में दबदबा बना लिया। हालांकि 21 साल के भारतीय मुक्केबाज ने तेजी से रणनीति बदली और दूसरे राउंड में आक्रामक हो गए जिससे पांच में से चार जजों ने उनके हक में अंक दिए। इस भारतीय ने तीसरे और अंतिम राउंड में तेजी से मुक्के जड़ना जारी रखते हुए 3-0 से मुकाबला जीत लिया। इससे थाईलैंड की राजधानी में भारतीय दल के दो मुकाबलों में यह दूसरी जीत रही। शुक्रवार को सचिन सिवाच ने 57 किग्रा वर्ग में न्यूजीलैंड के एलेक्स मुकाका को हराकर जीत से खाता खोला था।




### सात पुरुष और तीन महिला मुक्केबाज पेश कर रहे हैं चुनौती

भारत ने दूसरे विश्व क्वालीफायर में सात पुरुष और तीन महिला मुक्केबाज उतारे हैं। अभिनाश जामवाल (63.5 किग्रा) और निशांत देव (71 किग्रा) रविवार को अपने-अपने वर्गों में चुनौती पेश करेंगे। जामवाल का सामना लिथुआनिया के आंद्रिजुस लावरेनोवास से होगा, जबकि निशांत शुरुआती बाउट में आमंडो बिगाफा के खिलाफ चुनौती पेश करेंगे। निकहत जरीन (50 किग्रा), प्रीति (54 किग्रा) और लवलीना बोरगोहाई (75 किग्रा) ने एशियाई खेलों में शानदार प्रदर्शन के दम पर पहले ही पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई कर लिया है। पेरिस ओलंपिक का आयोजन इस साल जुलाई-अगस्त में होना है।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉग ऑन करें
www.sonvarshavani.com
ई-पेपर
sonvarshavani.com.epaper


गृह मंत्री अमति शाह ने दाउदनगर में चुनावी सभा को किया सम्बोधित, कहा

# नरेन्द्र मोदी ने नक्सलवाद को खत्म करने का काम किया

निज संवाददाता

**दाउदनगर (औरंगाबाद)।** गृह मंत्री अमित शाह ने कहा है कि पीओके हमारा है और हम उसे लेकर रहेंगे। शाह ने रविवार को काराकाट लोकसभा क्षेत्र के दाउदनगर के नीमा खेल मैंदान में एनडीए समर्थित राष्ट्रीय लोक मोर्चा प्रत्याशी उपेंद्र कुशवाहा के समर्थन में आयोजित चुनावी सभा को संबोधित करते कहा कि कांग्रेस कहती है कि पाकिस्तान के पास एटम बम है। मैं आज काराकाट की भूमि से राहुल गांधी जी को कहना चाहता हूं कि हम नरेंद्र मोदी के कार्यकर्ता हैं। एटम बम से नहीं डरते। पीओके भारत का है और भारत का रहेगा। हम इसे लेकर रहेंगे। उन्होंने कहा कि इंडी गठबंधन स्वार्थियों का गठबंधन है। वे लालू जी से पूछते हैं कि इतने साल सत्ता में रहे तो आपने कभी कर्पूरी ठाकुर को भारत रत्न देने की सिफारिश की थी क्या? बिहार के महान जननायक कर्पूरी ठाकुर को भारत रत्न देने का काम नरेंद्र मोदी ने किया। लालू जी आरक्षण की बात करते हैं और कहते हैं कि मुसलमान को सौ टका आरक्षण देना चाहिए। कहां से देंगे, किसका-किसका लेकर देंगे। कहा कि बंगाल, कर्नाटक और हैदराबाद में एक घमंडिया गठबंधन ने मुसलमानों को आरक्षण दिया। वहां पिछड़ा समाज का काट कर दिया। नरेंद्र मोदी ने तय किया है कि एससी, एसटी और ओबीसी के आरक्षण को किसी को हाथ नहीं लगाने देंगें। शाह ने कहा कि मोदी ने सर्जिकल स्ट्राइक और एयर स्ट्राइक कर आतंकवादी घटनाओं पर पूर्ण विराम कर देने का काम किया। झारखंड, बिहार, उड़ीसा, तेलंगाना, आंध्र प्रदेश, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ से नक्सलवाद को समाप्त करने का काम किया। औरंगाबाद और काराकाट को नक्सलवाद से मुक्त करने का काम किया। उन्होंने कहा कि चुनाव में एक ओर 12 लाख करोड़ का घपला-घोटाला, भ्रष्टाचार किए हुए इंडी एलायंस है तो दूसरी ओर 23 साल तक मुख्यमंत्री प्रधानमंत्री रहने के बावजूद जिन पर एक पैसे का आरोप नहीं है, वे नरेंद्र मोदी हैं। एक और चांदी के चम्मच के साथ पैदा हुए राहुल गांधी हैं तो दूसरी ओर अति पिछड़ा समाज के घर चाय बेचने वाले के घर में पैदा हुए हमारे नरेंद्र मोदी हैं। चुनावी सभा को रालोमो प्रत्याशी उपेंद्र कुशवाहा, औरंगाबाद के निवर्तमान सांसद सुशील कुमार सिंह, विधान पार्षद दिलीप कुमार सिंह, पूर्व विधायक रणविजय सिंह, रामेश्वर चौरसिया, मनोज शर्मा, सत्यनारायण सिंह, पूर्व एमएलसी राजन सिंह, जदयू नेता सुनील कुमार सिंह, भाजपा अति पिछड़ा प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक प्रमोद सिंह चंद्रवंशी आदि ने प्रमुख रूप से संबोधित किया। सभा की अध्यक्षता पूर्व विधायक एवं जदयू के जिलाध्यक्ष अशोक कुमार सिंह ने की जबकि संचालन भाजपा नेता दीपक उपाध्याय ने किया। इस मौके पर भाजपा के जिलाध्यक्ष मुकेश शर्मा, लोजपा( रामविलास) के जिलाध्यक्ष चंद्रभूषण सिंह उर्फ सोनू सिंह एवं रालोमो के जिलाध्यक्ष अशोक मेहता आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे।



## उपेंद्र कुशवाहा बड़े नेता : अमित शाह

अमित शाह ने जनता से वोट देने का आह्वान करते हुए कहा कि उपेंद्र कुशवाहा बड़े नेता हैं। आप बिना किंतु-परंतु के संसद में भेजिएं। उन्हें बड़ा आदमी बनाने का काम भाजपा करेगी। उपेंद्र कुशवाहा को बड़ा नेता और बड़ा आदमी बनाने की बात कहने का आशय साफ है कि एनडीए का नेतृत्व कर रही भाजपा ने कुशवाहा को केंद्र सरकार में मंत्री बनाने का मन बना लिया है। इस संकेत के बहाने भाजपा एक तरह से जनता से अघोषित तौर पर यह भी कह रही है कि काराकाट की जनता यदि उपेंद्र कुशवाहा को चुनती है तो वह अपना सांसद नही बल्कि केंद्रीय मंत्री चुनेगी। शाह की इस बात का एक संकेत यह भी माना जा सकता है कि लोकसभा चुनाव जीतने के प्रति आश्वस्त भाजपा ने अंदरखाने में अपने मंत्रीमंडल का खाका भी तैयार कर लिया है। गौरतलब है कि काराकाट के डेहरी में शनिवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उपेंद्र कुशवाहा के समर्थन में चुनावी सभा को संबोधित किया था। इस सभा में पीएम विरोधियों पर खुब गरजे और बरसे थे लेकिन कुशवाहा को केंद्र में मंत्री बनाने को लेकर किसी तरह का संकेत नही दिया था। वही अगले ही दिन गृह मंत्री अमित शाह ने काराकाट लोस क्षेत्र के दाउदनगर की चुनावी सभा में इसका सीधा संकेत दे दिया। वैसे भी पीएम मोदी के बाद भाजपा और केंद्र सरकार में शाह की हैसियत नंबर टू की है। यह भी सर्वविदित है कि पीएम मोदी शाह की बातों को कभी टालते नही है। शाह की हर बात को वें तरजीह देते है। भाजपा में मोदी और शाह की जोड़ी के सामने किसी भी पार्टी नेता को बोलने के पहले बहुत कुछ सोंचना पड़ता है। ऐसे में शाह के संकेत से यह फाइनल माना जा रहा है कि यदि उपेंद्र कुशवाहा चुनाव जीतते है तो उनके मंत्री बनने की गारंटी मोदी की गारंटी है। काराकाट के चुनावी रण में उपेंद्र कुशवाहा के उतरने के साथ ही एनडीए के घटक सभी दलों के स्थानीय नेता चुनाव प्रचार के दौरान जनता के सामने यही बात बार-बार कह रहे है कि वोट बर्बाद मत कीजिएं। दूसरे को वोट दीजिएंगा तो वोट बर्बाद हो जाएगा। उपेंद्र कुशवाहा को वोट देना सार्थक होगा। कुशवाहा जीतेंगे तो मंत्री बनेंगे। दूसरे जीतेंगे तो सिर्फ सांसद बनेंगे क्योंकि केंद्र में फिर से एनडीए और मोदी की ही सरकार बनने वाली है। अब चुनाव में उपेंद्र कुशवाहा जीतते या कोई और यह कहना तो फिलहाल मुश्किल है, इसकी सच्चाई का पता तो चुनाव परिणाम से ही चलेगा। इसके बावजूद अमित शाह ने कुशवाहा को मंत्री बनाने का संकेत देकर वोटों के ध्रुवीकरण का एक बहुत बड़ा दांव तो जरूर खेल दिया है। यह दांव कितना भारी पड़ता है या नही पड़ता है, यह तो चुनाव परिणाम ही बताएंगा।

## एक नजर

### रफीगंज में चलाया गया अग्निशमन जागरूकता अभियान

**रफीगंज (औरंगाबाद) (नि.सं.)।** रफीगंज के कर्मा हाई स्कूल में एनसीसी के 12 दिवसीय प्रशिक्षण के दौरान शनिवार को अग्निशमन पदाधिकारी द्वारा अग्नि से बचाव को लेकर जागरूकता अभियान चलाया गया। अग्निशमन पदाधिकारी ने बताया कि बच्चों को जागरूकता अभियान के दौरान आग से बचाव को लेकर तकनीक, भयानक आग लगी के दौरान जान माल की सुरक्षा की तकनीक, बच्चों के बीच घर में उपयोग होने वाली एलपीजी गैस में आग लग जाने पर उससे बचाव को लेकर तरीका बताया गया एवं मॉक ड्रिल कर दिखाया गया। इस मौके पर अग्निशमन चालक साहिल आलम, प्रधान चालक राधेश्याम राम, सूरज कुमार रंजीता कुमारी सहित अन्य लोग शामिल थे।

### 20 लीटर महुआ शराब बरामद

**रफीगंज (औरंगाबाद) (नि.सं.)।** रफीगंज प्रखंड के कासमा पुलिस ने अपकी गांव से लावारिस अवस्था में 20 लीटर महुआ शराब को बरामद किया। कासमा थानाध्यक्ष इमरान आलम ने बताया कि अपकी गांव में गुप्त सूचना के आधार पर लावारिस अवस्था में 20 लीटर महुआ को बरामद कर थाना लाया गया। आगे की कार्रवाई की जा रही है।

### वारंटी पिता-पुत्र गिरफ्तार, गए जेल

**गोह (औरंगाबाद) (नि.सं.)।** गोह पुलिस ने महमदपुर गांव में छापेमारी करते हुए फरार वारंटी पिता पुत्र को गिरफ्तार कर रविवार को जेल भेज दिया है। थानाध्यक्ष ने बताया की महमदपुर गांव निवासी सतेंद्र यादव एवम उसके पुत्र सुभाष यादव पर न्यायालय से एनबीडबल्यू वारंट निर्गत था और बहुत दिनो से फरार चल रहा था। उसे गुप्त सूचना पर गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

### खुले मैनहोल के सर्वे का काम शुरू

**पटना (नि.सं.)।** नगर निगम क्षेत्र में खुले मैनहोल के सर्वे का काम रविवार से शुरू हो गया। यह 30 मई तक चलेगा। इस दौरान जिन इलाके में खुले मैनहोल या कैचपिट क्षतिग्रस्त पाए जाएंगे, उसकी मरम्मति की जाएगी और ढक्कन लगाए जाएंगे। सर्वेक्षण के लिए नगर निगम के सभी 75 वार्ड में नोडल अधिकारी तैनात किए गए हैं। सभी नोडल अधिकारियों की देखरेख में मैनहोल और कैचपिट की स्थिति की जानकारी लेने के लिए सर्वे शुरू किया जा रहा है। नगर निगम के अधिकारियों ने बताया कि कई जगहों पर ऐसी शिकायत मिली है कि स्थानीय लोगों ने मैनहोल को तोड़ दिया है। ऐसी स्थिति में इन इलाकों में बरसात के दिनों में जलजमाव की समस्या हो सकती है। ऐसी नौबत नहीं आए इसीलिए 15 जून तक सभी खुले मैनहोल पर ढक्कन लगा दिए जाएंगे।

# आखिरी चरण के चुनाव की तैयारी तेज, 518 लोगों पर धारा 107 के तहत हुई कार्रवाई

निज संवाददाता | हसपुरा (औरंगाबाद)

प्रखंड में भयमुक्त और निष्पक्ष लोकसभा चुनाव को लेकर दागी और संदिग्ध चरित्र के लोगों के खिलाफ पुलिस की कार्रवाई जारी है। पुलिस ने शांतिपूर्ण चुनाव को लेकर 518 लोगों की पहचान कर उनके खिलाफ धारा 107 के तहत कार्रवाई की है। सभी को नोटिस जारी की गई है। अबतक 350 से अधिक लोगों ने बाउंड भरकर जमानत ले लिया है। पुलिस ने बताया कि भयमुक्त मतदान सुनिश्चित कराने को लेकर प्रशासन सक्रिय है। काराकाट लोकसभा में एक जून को मतदान है। शांतिपूर्ण चुनाव संपन्न कराने के लिए गड़बड़ी करने वालों को चिन्हित कर उनके खिलाफ निरोधात्मक कार्रवाई की जा रही है। बीडीओ प्रदीप कुमार चौधरी ने कहा कि भयमुक्त और निष्पक्ष मतदान कराने की सभी तैयारी अंतिम चरण में है। इसके लिए वाहन जांच प्रतिदिन की जा रही है। हसपुरा-देवकुंड मुख्य पथ पर त्रिसंकट मोड़ पर चेकपोस्ट लगाया गया है। यहां मजिस्ट्रेट व पुलिस पदाधिकारी तीन शिफ्ट में ड्यूटी दे रहे हैं। यहां वाहनों को जांच की जा रही है। चुनाव को लेकर प्रखंड में कुल 12 सेक्टर पदाधिकारी व 12 पुलिस पदाधिकारी को लगाया गया है जो चुनाव संपन्न कराने तक सक्रिय रहेंगे। प्रखंड में 113 मतदान केंद्र बनाए गए हैं। सभी केंद्रों का प्रतिदिन निरीक्षण किया जा रहा है। सभी बूथों पर सुरक्षा की पुख्ता व्यवस्था होगी। बीडीओ ने बताया कि रविवार को पुलिस पदाधिकारियों ने प्रखंड के विभिन्न बूथों व सुरक्षाबलों के ठहरने के लिए आवासीय स्थल का निरीक्षण किया। मतदाता जागरूकता को लेकर पंचायत स्तर पर टीम गठित किया गया है। टीम द्वारा गांवों में निडर होकर मतदान करने के लिए वोटरों को प्रेरित किया जा रहा है।

# गेहूं की खरीदारी को नहीं मिल रही रफ्तार

निज संवाददाता

**पटना।** किसानों को व्यापारियों से कम कीमत पर गेहूं क्रय किए जाने से बचाने के लिए सरकार ने व्यापार मंडल एवं पैक्स के माध्यम से गेहूं की खरीदारी कराने की व्यवस्था की है। इस बार व्यापार मंडल एवं पैक्स द्वारा किसानों से 2,275 रुपये प्रति क्विंटल गेहूं खरीदारी की जानी है, परंतु गेहूं खरीदारी को रफ्तार ही नहीं मिल रही है। सरकार ने 15 मार्च से 15 जून 24 तक जिले में 6,890 मीट्रिक टन (68,900 क्विंटल) गेहूं खरीदारी करने का लक्ष्य निर्धारित किया है, परंतु दो माह 10 दिन बीत जाने के बावजूद जिले में मात्र 21.9 मीट्रिक टन ही गेहूं की खरीदारी हो पाई है। कहने को तो सरकार ने किसानों को व्यापारियों से कम कीमत पर गेहूं क्रय किए जाने से बचाने के लिए पैक्स एवं व्यापार मंडल के माध्यम से गेहूं खरीदारी की व्यवस्था की गई है, परंतु इस बार व्यापारियों द्वारा जिले के किसानों को सरकार से निर्धारित दर से गेहूं की अधिक कीमत मिल रही है। इतना ही नहीं, व्यापारी खलिहान एवं घर-घर जाकर किसानों से सरकार द्वारा निर्धारित दर से अधिक कीमत पर गेहूं की खरीदारी कर रहे हैं। यही कारण है कि जिले में पैक्स एवं व्यापार मंडल के बदले गेहूं व्यापारियों की गोदाम में पहुंच रही है। जाहिर है कि गेहूं खरीदारी के मात्र 25 दिन शेष है। ऐसे में निर्धारित तिथि तक निर्धारित लक्ष्य का 6,868.1 मीट्रिक टन गेहूं की खरीदारी करना सहकारिता विभाग के लिए चुनौती होगी।

# पुलिस ने की फरार नक्सली के घर कुर्की जब्ती



निज संवाददाता

**गोह( औरंगाबाद)।** गोह थाना क्षेत्र के जुझारपुर गांव निवासी हार्ड कोर नक्सली बिहारी रवानी के घर रविवार को पुलिस ने कुर्की-जब्ती की कार्रवाई की। उसके घर के सभी सामान को पुलिस ने जब्त कर थाना ले आई। नक्सली बिहारी रवानी कई नक्सली घटना का नामजद आरोपी है। पुलिस ने बताया कि बिहारी रवानी पर न्यायालय से कुर्की जब्ती का आदेश था। उसके पूर्व उसके घर में इस्तेहार भी चिपका कर न्यायालय में आत्मसमर्पण करने का मौका दिया गया था। पुलिस को लंबे समय से उसकी तलाश थी,लेकिन अब तक वह पुलिस को चकमा देकर फरार है। कुर्की की कार्रवाई में चौकी,खटिया, बर्तन, कपड़ा, कबाड़ी, पंखा, सिलउट, अनाज सहित घर के अन्य समान को जब्त किया गया है।कुर्की के वक्त घर के सभी परिजन वहां उपस्थित थे।

# तीन दिन बाद भी होटल से चोरी हुए बच्चे का सुराग नहीं

निज संवाददाता

**पटना।** पटना जंक्शन गोलंबर के पास स्थित होटल से चोरी हुए बच्चे का तीन दिन बाद भी पुलिस को कोई सुराग नहीं मिला है। होटल कर्मी जितेंद्र बच्चे को लेकर भागा था। उसका असली नाम क्या है और वह मूल रूप से कहां का रहने वाला है? आरोपित ने इसकी सही जानकारी किसी को नहीं दी थी। लिहाजा पुलिस जितेंद्र कि असलियत का पता लगाने में जुटी है। साथ ही उसके संभावित ठिकाने पर छापेमारी की जा रही है। कोतवाली थानेदार ने बताया कि पुलिस मामले को सुलझाने के लिए तकनीकी अनुसंधान कर रही है।

पश्चिम बंगाल की वर्द्धमान निवासी महिला बच्चे के साथ शुक्रवार की सुबह दिल्ली से पटना आई थी। पटना जंक्शन से उसे वर्द्धमान के लिए ट्रेन पकड़ना था। इसी बीच वह कोतवाली थाना क्षेत्र स्थित होटल में नाश्ता करने गई। तभी बहाने से होटल कर्मी जितेंद्र ने महिला से डेढ़ वर्ष के बच्चे को गोद में ले लिया था। बाद में वह बच्चे को लेकर फरार हो गया। बच्चा चोरी होने के बाद पीड़ित महिला ने कोतवाली थाने में शिकायत की थी। जिसके बाद पुलिस ने होटल संचालक बिपिन महतो और कर्मचारी अशोक कुमार को हिरासत में ले लिया था। पूछताछ में होटल संचालक ने पुलिस को बताया कि जितेंद्र कहां का रहने वाला है यह उसे नहीं पता है। आरोपित ने अपना असली नाम और पत्ता संबंधी कोई दस्तावेज होटल संचालक को नहीं दिया था। होटल संचालक और उसके एक कर्मी को शनिवार को जेल भेजा जा चुका है। कोतवाली पुलिस अब मुख्य आरोपित की गिरफ्तारी में जुट गई है।

# नगर निगम का मतदान से पहले साफ-सफाई विशेष अभियान शुरू

निज संवाददाता

**पटना।** लोकसभा चुनाव को लेकर नगर निगम ने शहर में सफाई का विशेष अभियान शुरू कर दिया है। रविवार से शुरू यह अभियान 29 तक तक चलेगा। इस दौरान शहर के प्रत्येक वार्ड में दिन-रात सफाई होगी। नगर निगम के कर्मचारी दिन में कचरा को चिह्नित करेंगे और रात में उसका उठाव किया जाएगा।

जिले के मोकामा और बाढ़ विस क्षेत्र को छोड़कर बाकी में पहली जून को मतदान होना है। इससे पहले अभियान चलाकर शहर की सफाई की जा रही है। नगर निगम के अधिकारियों का कहना है कि शहर में सफाई अभियान चलाया जा रहा है लेकिन ऐसा देखा जा रहा है कि जहां-तहां कचरे का अंबार लगा दिया जा रहा है। ऐसे जगहों को चिह्नित कर कचरा का उठाव किया जाएगा। कई जगहों पर भवन निर्माण की सामग्री जहां-तहां फेंक दी गई है। बाद में ऐसी जगह पर स्थानीय लोग गिला और सूखा कचरा फेंक दे रहे हैं। कई इलाकों में ऐसे जगहों को कचरा केंद्र के रूप में तब्दील कर दिया जा रहा है, जिसे खत्म करने के लिए नगर निगम द्वारा दिन-रात अभियान चलाया जा रहा है। पटना नगर निगम क्षेत्र में जितने भी मतदान केंद्र बनाए गए हैं सभी पर नगर निगम द्वारा डस्टबिन की व्यवस्था की गई है। इसके अलावा मतदान केन्द्रों पर लोगों को शुद्ध पेयजल भी उपलब्ध कराया जाएगा। लोगों को धूप में इंतजार नहीं करना पड़े इसीलिए मतदाताओं के बैठने को एक कमरा रहेगा। मतदान के दिन पटना नगर निगम द्वारा चकाचक पटना का संदेश दिया जाएगा, इसकी तैयारी शुरू कर दी गई है। सभी सड़कों पर पानी का छिड़काव किया जा रहा है ताकि कहीं भी गंदगी नहीं दिखे। मतदाताओं को किसी प्रकार की दिक्कत नहीं हो इसीलिए मतदान केंद्र तक जाने वाले रास्ते की विशेष सफाई की जा रही है और वहां नगर निगम द्वारा मतदाताओं का स्वागत किया जाएगा।



# बिहार में ओरल कैंसर की सुनामी, हर साल डेढ़ लाख लोग होते हैं शिकार

**पटना (नि.सं.)।** बिहार में हर साल लगभग डेढ़ लाख ओरल कैंसर के मरीज सामने आ रहे हैं। यह एक सुनामी की तरह है। जिसमें से तकरीबन 50 प्रतिशत मरीज की मौत हो जा रही है। इसका कारण प्रारंभिक स्तर पर कैंसर की पहचान नहीं हो पाना है। ऑल इंडिया मेडिकल एसोसिएशन द्वारा हिलसा में आयोजित एक कार्यक्रम में एम्स दिल्ली के कैंसर सर्जन डॉ नवीन कुमार ने कहा कि मुंह का कैंसर सबसे सामान्य कैंसर है। भारत में इसके उत्पन्न होने के कारण नन स्मोकिंग वस्तुएं यथा खैनी, तंबाकू, गुटखा एवं पान मसाले का उपयोग करना है। कैंसर सर्जन ने बताया कि मुंह कैंसर की प्रारंभिक स्टेज में पहचान होने पर रिकवरी का रेट 80 से 90 प्रतिशत तक रहता है। इसकी पहचान का सबसे आसान तरीका मुंह में छाले या घाव का ठीक नहीं होना, खून का रिसाव नहीं रुकना रहा है। गले में दर्द रहित गांठ होना है। इस तरह के मामले कैंसर के हो सकते हैं।इस तरह की पहचान की जानकारी के लिए सभी लोगों का जागरूकता होना जरूरी है। पहचान के इन तरीकों को सभी लोगों को जानना जरूरी है। स्टेज 4 में डायग्नोस के कारण ही अन नेचुरल डेथ का आंकड़ा 50 प्रतिशत है। इस आंकड़े को कम करने के लिए लोगों को जागरूक होना होगा।

# भाजपा वाले चार जून को अंतिम सांस लेने वाले हैं : तेजस्वी यादव



निज संवाददाता

**रोहतास (सासाराम)।** बिहार के काराकाट लोकसभा क्षेत्र में अमित शाह के बाद नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव और वीआईपी के चीफ मुकेश सहनी ने महागठबंधन के उम्मीदवार राजाराम कुशवाहा के लिए वोट मांगा। बिक्रमगंज इंटर कॉलेज के खेल मैदान में एक चुनावी सभा को पूर्व डिप्टी सीएम व इंडिया गठबंधन के प्रमुख नेता तेजस्वी यादव ने सम्बोधित किया। इस दौरान तेजस्वी ने कहा कि चार जून को बीजेपी वाले अंतिम सांस लेने वाले हैं। उन्हें नीतीश कुमार (पलटू चाचा) भी नहीं बचा पाएंगे। तेजस्वी यादव ने फिर पीएम मोदी को बेड रेस्ट में भेज देने की बात कही। तेजस्वी यादव इंडिया गठबंधन समर्थित माले प्रत्याशी कामरेड राजाराम सिंह को भारी मतों से जिताने की अपील की। पूर्व डिप्टी सीएम ने कहा कि मेरे पीठ की हड्डी में दर्द है। डॉक्टर की सलाह है कि कम्प्लीट बेड रेस्ट कीजिये। तब ही ठीक होगा। यह खबर सुन भाजपा वालो के चेहरे पर खुशी की लालिमा छा गयी थी। उन्हें विश्वास हो गया था कि अब तेजस्वी चुनाव प्रचार नही करेगा। जिसके कारण हम आसानी से झूठ बोलकर, मनगढ़ंत कहानी रचकर चुनाव जीत जाएंगे। लेकिन मैं भाजपा वालो को यह बताना चाहता हूं कि मैं तब तक बेडरेस्ट नही लेने वाला हूँ, जब तक नरेन्द्र मोदी को बेडरेस्ट न कर दूं। भाजपा वाले चार जून को अंतिम सांस लेने वाले है। उन्हें पलटू चाचा भी नही बचा सकते है। पूर्व डिप्टी सीएम ने युवाओ को चुनावी सभा मे ललकारते हुए कहा कि देश की आजादी की लड़ाई में सुभाष चंद्र बोस ने आजाद हिंद फौज का निर्माण किया था और कहा था कि तुम हमे खून दो, मैं तुम्हे आजादी दूंगा। इसी तरह मैं आपको आश्वस्त करना चाहता हूं कि आप हमे वोट दे, मैं आपको को नौकरी दूंगा। ये मोदी की गारंटी नही मेरी तेजस्वी की गारंटी है। इसके पहले राजद नेता को स्थानीय इंडिया गठबंधन के लोगो ने फूल माला से भव्य स्वागत किया।

